राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 20 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 167, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

उत्तर प्रदेश सरकार ने गर्मी से पहले बिजली विभाग को किया अलर्ट..03

नैनी में परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों का उग्र प्रदर्शन, चक्काजाम की कोशिश; पुलिस ने संभाला मोर्चा..12

## मिडिल ईस्ट तनावः भारत का सख्त रुख, ऊर्जा ठिकानों पर हमले तुरंत रोकने की मांग; PM मोदी ने कई देशों के नेताओं से की बात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालने वाले पश्चिम एशिया में तेल रिफाइनिरयों, गैस फील्डों, क्रूड स्टोरेज सुविधाओं पर बढ़ते हमलों के बीच भारत ने बेहद कड़ी और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। ईरान पर अमेरिका व इजरायल की तरफ से 28 फरवरी को किये गये हमले से शुरु हुए युद्ध में दोनों तरफ से पिछले 48 घंटों में कई आयल व गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को किये गये हमलों को 'बेहद चिंताजनक'' बताते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे हमले वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को और अस्थिर कर रहे हैं। ऐसे हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत बंद होना चाहिए।'' यह मौजूदा संकट पर भारत की अभी तक सबसे कड़ी प्रतिक्रिया है। इसके साथ ही भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात से उपजी स्थिति पर फ्रांस के राष्ट्रपति, मलयेशिया के पीएम और ओमान के सुल्तान से बात की है। इन नेताओं के साथ वार्ता में ऊर्जा स्त्रोतों की स्थिति पर खास तौर पर चर्चा हुई है।

**विदेश मंत्रालय का बयान**

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा है कि, 'भारत ने पहले ही क्षेत्र भर में नागरिक अवसंरचना, जिसमें ऊर्जा अवसंरचना भी शामिल है, को निशाना बनाने से बचने की अपील की थी। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा स्थापनाओं पर हाल के हमले इसलिए बेहद चिंताजनक हैं और ये पहले से ही अनिश्चित ऊर्जा परिदृश्य को और अस्थिर करने का काम करते हैं। ऐसे हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत बंद होना चाहिए।'' पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि, 'हम पहले ही दिन से अपील कह रहे हैं कि ऊर्जा से जुड़े ठिकानों पर कोई हमला नहीं होना चाहिए। अभी जो हुआ है वह बहुत ही ज्यादा चिंताजनक है। इससे पूरी दुनिया प्रभावित होगी, भारत भी होगा।''

**जॉर्डन ने क्या कहा?**

जार्डन के शासक किंग अबदुल्ला से बात करने के बाद पीएम मोदी ने कहा है कि, 'उन्हें पवित्र ईद-उल-फित्र की अग्रिम बधाई दी। हमने पश्चिम एशिया में स्थिति के विकास को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता को यथाशीघ्र बहाल करने के लिए संवाद एवं कूटनीति का सहारा लेने की आवश्यकता पर पुनः बल दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाने वाले हमले निंदनीय कृत्य हैं तथा वे ऐसी वृद्धि को जन्म दे सकते हैं जिसे टाला जा सकता है। हम उत्पादों व ऊर्जा के निर्बाध प्रवाह का समर्थन करते हैं।''

फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों से बात करने के बाद मोदी ने लिखा है कि,



'पश्चिम एशिया की स्थिति, तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता, तथा संवाद और कूटनीति की वापसी पर बात की।हम क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपनी निकट समन्वय जारी रखने की आशा करते हैं।''

**मलेशियाई पीएम से पीएम मोदी की बात**

मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम से बात करने के बाद मोदी ने लिखा है कि, 'मैंने हरि राया ऐदिलफित्री (ईद-उल-फित्र) के अवसर पर उन्हें तथा मलेशिया के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया की गंभीर चिंता वाली स्थिति पर भी चर्चा की और तनाव कम करने तथा संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।'' पिछले कुछ दिनों में पीएम मोदी ने सउदी अरब, जोर्डन, इजरायल, ईरान के नेतृत्व से भी बात कर चुके हैं।ईरान के फार्स साउथ गैस फील्ड पर पहले इजरायल के हमले और उसके बाद ईरान ने सऊदी अरब, कतर, यूएई और कुवैत की रिफाइनरियों, एलएनजी प्लांट्स और गैस फील्ड्स को निशाना बनाया है, जिसमें कतर का रास लाफान (दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी एक्सपोर्ट प्लांट) सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

कतर से भारत अपनी जरूरत का 47 फीसद तक गैस लेता है। ताजी जानकारी यह है कि रास लाफान में उत्पादन पूरी तरह से बंद है। यूएई की हबसान और बाब फील्ड्स बंद कर दिए गए हैं, सउदी अरब की सामरीफ व जुबैल रिफाइरियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

**कच्चे तेल की कीमत**

इससे गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर (6 फीसद की वृद्धि) और प्राकृतिक गैस की 35 फीसद तक बढ़ी हैं। भारत जितना तेल खपत करता है उसका एक बड़ा हिस्सा इन तेल व गैस फील्डों से ही आती है।

साथ ही भारत अपनी जरूरत का 86 फीसद क्रूड व 60 फीसद गैस बाहर से आयात करता है, लिहाजा इनकी कीमतों में होने वाली वृद्धि सीधे तौर पर भारत की इकोनमी व आम जनता के जेब पर असर डालती हैं। ईरान के पास होर्मुज जलडमरुमध्य में फंसे जहाजों के निकलने को लेकर अनिश्चतता और बढ़ गई है। इसमें तेल व गैस से लदे भारत के भी 22 जहाज फंसे हुए हैं।

## चंदौली में रेल रूट पर गिरा निर्माणाधीन पुल का स्लैब; एक मजदूर घायल

चंदौली के सदर थाना क्षेत्र के बनौली खुर्द गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल रूट के न्यू गंजख्वाजा जंक्शन के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज एक स्लैब ढलाई के दौरान गिर गया. हादसे के समय मौके पर कई मजदूर काम कर रहे थे. फिलहाल मौके से कार्यदाई संस्था से जुड़े सभी लोग मौके से फरार हो गए है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है।

आरोप है कि रेलवे ओवरब्रिज में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है. बिना किसी इंजीनियर की मौजूदगी के ही काम कराया जा रहा है. हादसे के बाद ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी मौके से फरार हो गए, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के चलते ही इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है. घटना ने भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का पोल खोल दिया. घटना के लिए जितना जिम्मेदार ठेकेदार है, उससे जिम्मेदार अधिकारी और कमीशन लेने वाले जनप्रतिनिधि है।

एडिशनल एसपी अनंत चंद्रशेखर ने बताया निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढलाई के दौरान गिरने की बात सामने आई है. इस दुर्घटना में एक मजदूर के घायल होने की बात बताई गई है. जबकि अन्य की स्थिति की जांच की जा रही है।

## सांप के जहर मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की एफआईआर



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। दरअसल, नवंबर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि NDPS एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (Schedule) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिए ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि NDPS एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा FIR इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि FIR न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि उसने मामले के तथ्यों या आरोपों की मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एल्विश यादव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने दलील दी थी कि वह एक वीडियो शूट के लिए गायक फाजिलपुरिया के निमंत्रण पर पार्टी में गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि न तो किसी रेव पार्टी के ठोस सबूत हैं और न ही किसी मादक पदार्थ के इस्तेमाल के प्रमाण। साथ ही, लैब रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया कि बरामद किए गए नौ सांप विषैले नहीं थे और एल्विश घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गुजरात में आश्रम की आड़ में छप रहे थे नकली नोट, 2 करोड़ की नकली करेंसी बरामद




गुजरात में नकली नोटों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। सूरत से संचालित इस फर्जी करेंसी नेटवर्क में 2 करोड़ रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए हैं, जबकि 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में जो सबसे चौंकाने वाला खुलासा हुआ, वह इस नेटवर्क का एक आध्यात्मिक आश्रम से जुड़ा होना है। सूरत के कामरेज तालुका के धोरण पारडी गांव में स्थित 'श्री सत्य योग फाउंडेशन' के आश्रम में नकली नोट छापने का काम किया जा रहा था। बाहर से धर्म और योग का केंद्र दिखने वाला यह आश्रम अंदर ही अंदर फर्जी करेंसी के कारोबार का अड्डा बना हुआ था।

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि सूरत से नकली नोटों की बड़ी खेप अहमदाबाद लाई जा रही है। इसके बाद अमराईवाड़ी इलाके में निगरानी रखी गई, जहां संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 500 रुपये के 40 हजार से ज्यादा नकली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत करीब 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये नोट सूरत के वराछा इलाके में छापे गए थे। इन्हें बाजार में खपाने के लिए खास स्कीम बनाई गई थी। '500 असली दो और 1500 नकली लो ', यानी 66 लाख रुपये के बदले 2 करोड़ रुपये की नकली करेंसी बाजार में उतारने की तैयारी थी। हालांकि आरोपी अपनी पहली ही डील में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। क्राइम ब्रांच ने सूरत में आश्रम और अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर प्रिंटिंग मशीन, कंप्यूटर, विशेष कागज, रंग और कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आश्रम की गाड़ियों का इस्तेमाल इस नेटवर्क में किया जा रहा था। बरामद नोटों के सीरियल नंबर दर्ज करने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

## क्या यूपी पुलिस न्यायिक मजिस्ट्रेटों को धमका रही है?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जजों से 'कोर्ट की अवमानना' की कार्रवाई करने को कहा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के न्यायिक मजिस्ट्रेटों को सलाह दी है कि यदि उन्हें पुलिस अधिकारियों की ओर से किसी भी तरह की धमकी या दबाव का सामना करना पड़ता है, तो वे 'अदालत की अवमानना' की कार्यवाही शुरू करने के लिए संदर्भ भेजें। [संदीप औदिच्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य] जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की एक डिवीज़न बेंच ने यह माना कि जब मजिस्ट्रेट पुलिस को कोई 'असुविधाजनक' निर्देश देते हैं, तो उन्हें पुलिस की ओर से दबाव का सामना करना पड़ता है। बेंच ने कहा, 'हम इस बात से अवगत हैं कि ज़िलों में, कभी-कभी–हमेशा नहीं–मजिस्ट्रेटों के समक्ष ऐसे आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, जिनमें पुलिस द्वारा जाँच किए जाने का निर्देश देने की माँग की जाती है; विशेष रूप से ऐसे निर्देश जो 'पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों' को नागवार गुज़रते हैं, और जिसके परिणामस्वरूप वे मजिस्ट्रेटों को डराने-धमकाने के हथकंडे अपनाते हैं।' कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की धमकियों से मजिस्ट्रेटों को अपने कानूनी कर्तव्यों का पालन करने से नहीं रोका जाना चाहिए।कोर्ट उन दबावों पर रोशनी डाल रहा था जिनका सामना मजिस्ट्रेटों को तब करना पड़ता है, जब वे उन आपराधिक शिकायतों की जाँच के आदेश देते हैं जिन्हें पुलिस ने पहले नज़रअंदाज़ कर दिया था।

बेंच एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें फर्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक को अगस्त 2025 में याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए एक आवेदन पर फ़ैसला लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी। यह मामला एक आपराधिक अपराध के दर्ज न किए जाने से जुड़ा था। बेंच ने कहा कि अधिकारियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर फ़ैसला लेने के निर्देश मांगने वाली ऐसी याचिकाएँ कोर्ट को कमज़ोर दिखाती हैं। 'मुकदमेबाज़ों द्वारा की गई प्रार्थनाओं और इस कोर्ट द्वारा अक्सर अधिकारियों को दिए जाने वाले निर्देशों– कि वे मुकदमेबाज़ों के आवेदनों पर फ़ैसला लें–ने इस कोर्ट को लगभग शक्तिहीन बना दिया है। ऐसा लगता है कि अधिकारी यह सोचते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हम बस उनसे मामलों पर फ़ैसला लेने या निर्णय लेने के लिए कह सकते हैं, न कि खुद विवाद का निपटारा करके आदेश पारित कर सकते हैं।

इसके अलावा, इससे इस कोर्ट में रिट याचिकाओं की बाढ़ आ जाती है, जहाँ हमें खुद किसी भी चीज़ पर फ़ैसला लेने की ज़रूरत नहीं होती। यह रिट याचिका इसी तरह का एक उदाहरण है।' कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 173(4) के तहत, यदि किसी पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने से संबंधित जानकारी दर्ज करने से इनकार करता है, तो शिकायतकर्ता के पास यह विकल्प होता है कि वह पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत करे। इसलिए, कोर्ट ने इस याचिका को इस स्पष्टीकरण के साथ खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता के पास BNSS के तहत उपलब्ध उपाय का उपयोग करके, सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करवाने का विकल्प खुला रहेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने पैरवी की। इससे पहले, हाईकोर्ट के एक एकल-न्यायाधीश ने भी इस बात को रेखांकित किया था कि यूपी में पुलिस अधिकारी नियमित रूप से न्यायाधीशों–विशेषकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों (CJMs)–पर विशिष्ट आदेश पारित करने के लिए दबाव डालते हैं।

## मुजफ्फरपुर में गैस एजेंसी पर फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा, प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान स्थित एक गैस एजेंसी पर बुधवार को उपभोक्ताओं ने जमकर बवाल काटा। घंटों कतार में खड़े रहने और होम डिलीवरी का शुल्क चुकाने के बावजूद गैस नहीं मिलने से नाराज लोगों ने एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी उनके पास मैसेज नहीं आ रहा है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। होम डिलीवरी को लेकर 18-20 रुपये ले रहे हैं, फिर गैस होम डिलीवरी नहीं मिल रही। नौबत यह है कि वितरण केंद्र पर 5-7 घंटे कतार में लगने के बाद भी गैस नहीं मिल रही।

**घंटों लाइन में लगे रहने के बाद भी नहीं मिला सिलेंडर**

प्रदर्शन कर रहे स्थानीय दीपक कुमार ने बताया कि वे सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए निर्धारित अतिरिक्त शुल्क का भुगतान पहले ही कर चुके हैं।




इसके बावजूद उन्हें खुद सिलेंडर लेने के लिए वितरण केंद्र तक आना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी में घंटों लाइन में लगे रहने के बाद जब एजेंसी की ओर से गैस खत्म होने की बात कही। बिना वर्दी में गैस वितरण मनमानी तरीके से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गैस मिलें या नहीं। कालाबाजारी के यहां गैस जरुर मिल जा रही है।

**उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर लगाया मनमानी का आरोप**

उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि ऑनलाइन नंबर लगाने के बावजूद उनके मोबाइल पर कन्फर्मेशन मैसेज (ओटीपी) नहीं आ रहा है। बिना मैसेज के गैस देने से एजेंसी कर्मी इनकार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक ओर डिजिटल इंडिया की बात होती है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी खामियों की आड़ में आम जनता को परेशान किया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में घरेलू गैस की किल्लत बनी हुई है। होली के बाद से ही सिलेंडरों की आवक कम होने की चर्चा है। हंगामे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। एजेंसी संचालकों का कहना है कि स्टॉक की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

## सद्गुरु और ईशा फाउंडेशन को बड़ी राहत... दिल्ली HC ने 'नक्कीरन' को विवादित कंटेंट हटाने का दिया आदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सद्गुरु और ईशा फाउंडेशन को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए तमिल मीडिया आउटलेट 'नक्कीरन' को ईशा फाउंडेशन और सद्गुरु के खिलाफ अभद्र, अश्लील और विवादित कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया है. हाई कोर्ट ने कहा कि वे सद्गुरु और ईशा फाउंडेशन से जुड़े उन सभी विवादित वीडियो और लेखों को हटा दें, जो भ्रामक या मानहानि करने वाले हैं ईशा फाउंडेशन ने दिसंबर 2025 में कोर्ट में अर्जी दी थी कि उनके खिलाफ झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, जिससे उनके समाज कल्याण के कामों में रुकावट आ रही है. कोर्ट ने नक्कीरन को ऐसी सामग्री दोबारा प्रकाशित न करने के लिए भी कहा है।

**सच की जीत हुई है- ईशा फाउंडेशन**

ईशा फाउंडेशन ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कुछ लोग बिना किसी सबूत के जानबूझकर जनता को गुमराह कर रहे थे, लेकिन सच की जीत हुई है. ईशा फाउंडेशन ने कहा कि हम दिल्ली हाई कोर्ट के इस अंतरिम आदेश का स्वागत करते हैं दरअसल, यह मामला नक्कीरन द्वारा




प्रकाशित वीडियो की एक श्रृंखला से जुड़ा है, जिनमें मानहानिकारक, अभद्र और अश्लील सामग्री थी और जिनके माध्यम से ईशा फाउंडेशन और सद्गुरु की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी. इसके जवाब में, फाउंडेशन ने 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का एक मुकदमा दायर किया था।

**2025 में HC ने सुरक्षित रख लिया था फैसला**

इससमें ऐसी सामग्री को हटाने और भविष्य में इस तरह की सामग्री के प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी. ईशा ने इस मामले में एक अंतरिम आवेदन दायर करके मुकदमे में उल्लिखित सामग्री के साथ-साथ, सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरण याचिका के दौरान प्रकाशित सामग्री को भी तुरंत हटाने और ऐसी सामग्री के आगे प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की थी. इस आवेदन पर दिसंबर 2025 में सुनवाई हुई, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

**'मदद करने का हमारा संकल्प नहीं रुकेगा'**

पिछले 30 सालों से ज्यादा समय से ईशा फाउंडेशन समाज की भलाई और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है, जिससे करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है. कुछ लोग जानबूझकर फाउंडेशन के काम को रोकने के लिए हमले कर रहे हैं. ईशा फाउंडेशन ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा. झूठ फैलाने या बदनाम करने की कोशिशों से लोगों की मदद करने का हमारा संकल्प नहीं रुकेगा।

**दिल्ली HC ने यूट्यूबर को वीडियो हटाने को कहा था**

दरअसल, मार्च 2025 में दिल्ली हाई कोर्ट ने यूट्यूबर श्याम मीरा सिंह को सद्गुरु और ईशा फाउंडेशन के खिलाफ झूठे दावों वाला विवादित वीडियो हटाने का निर्देश दिया था. अदालती आदेशों के बाद यूट्यूबर द्वारा वह भ्रामक वीडियो हटा दिया गया था।

## शाहदरा बार एसोसिएशन का कार्य बहिष्कार, पुलिस के कोर्ट प्रवेश पर रोक का एलान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूर्वी दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित शाहदरा बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की आपात बैठक में वकील पर हमले और लूट की घटना को लेकर कड़े निर्णय लिए गए। बार एसोसिएशन ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आज कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया है। साथ ही, विरोध स्वरूप शुक्रवार को कोर्ट परिसर में पुलिस अधिकारियों के प्रवेश पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में बताया गया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र में बार के एक सदस्य पर हमला कर लूटपाट की गई थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। बार की कार्यकारिणी समिति ने आरोप लगाया कि कई बार संपर्क करने के बावजूद थाना पुलिस ने जानबूझकर कार्रवाई नहीं की और मामले को टालती रही। इसके अलावा, पूर्व में भी एक वकील पर जानलेवा हमला होने और गोली लगने की घटना का जिक्र किया गया, जिसमें मयूर विहार थाना पुलिस अब तक सभी आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बार एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि कई मामलों में पुलिस अधिकारी वकीलों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करते।

इन घटनाओं से आक्रोशित होकर शाहदरा बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से आज पूर्ण कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। सभी अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे आज किसी भी अदालत में न तो शारीरिक रूप से और न ही वर्चुअली पेश हों। इसके साथ ही कड़कड़डूमा कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों से भी अनुरोध किया गया है कि वे शुक्रवार को सूचीबद्ध मामलों में कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करें और इस विरोध में सहयोग करें। शाहदरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीके सिंह ने कहा कि वकीलों की सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे अधिवक्ताओं में भय का माहौल है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं अधिवक्ता मनीष भदौरिया ने कहा कि लगातार हो रही घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। पुलिस को तुरंत सख्त कार्रवाई कर आरोपितों को गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि वकीलों में विश्वास बहाल हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### स्काउट गाइड जिला कार्यकारिणी और वित्त समिति की बैठक संपन्न



**बस्ती।** बस्ती जिले में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था स्काउट भवन बस्ती के सभागार में स्काउट गाइड जिला कार्यकारिणी व जिला वित्त समिति की बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड संजय सिंह के निर्देश पर एडल्ट रिसोर्स आयुक्त स्काउट डॉ हरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्काउट भवन सभागार में संपन्न हुई, बैठक की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना से हुई, बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ कुलदीप सिंह ने किया बैठक में प्रमुख रूप से पंजीकरण नवीनीकरण अंशदान वर्तमान सत्र की आय व्यय तथा आगामी सत्र का बजट पर विचार विमर्श किया गया मैं में होने वाले एडवेंचर कार्यक्रम में जनपद की प्रतिभागिता करने पर विचार किया गया, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त राकेश कुमार सैनी, डॉ मनोज सिंह सहायक जिला सचिव कोषाध्यक्ष विद्याधर वर्मा, जिला सचिव लीडर ट्रेनर डॉ कुलदीप सिंह, जिला गाइड कैप्टन लीडर ट्रेनर सत्या पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त सहायक लीडर ट्रेनर प्रताप शंकर पाण्डेय, गाइड कैप्टन वंदना त्रिपाठी, श्रुति त्रिपाठी, स्काउट मास्टर अमरचन्द वर्मा, बीपी आनंद, नन्द किशोर चौधरी, रोहितलाल यादव, ट्रेंनिग कॉन्सलर आदर्श मिश्रा, अनूप सिंह, मंगलेश, ट्रेंनिग कॉन्सलर गाइड नंदिनी, गरिमा आदि की सहभागिता रही।

### नवरात्रि के दृष्टिगत एसपी अमेठी द्वारा शांति व्यवस्था का लिया गया जायजा



**चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र संग्रामपुर में मां कालिकन भवानी व थानाक्षेत्र अमेठी अन्तर्गत देवीपाटन मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा**

**अमेठी ।** चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र संग्रामपुर अन्तर्गत मां कालिकन भवानी मन्दिर व थानाक्षेत्र अमेठी अन्तर्गत देवी पाटन मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया । तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा मन्दिर प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### बलरामपुर के देवी पाटन धाम में दर्शन को उमड़ी भीड़: जयकारों से गूंज उठा मंदिर परिसर, आज से चैत्र नवरात्रि शुरू

**बलरामपुर ।** चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ बलरामपुर के देवी पाटन मंदिर में आस्था के साथ हुआ। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के दर्शन के लिए तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तगण लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इन्हें पर्वतराज हिमालय की पुत्री माना जाता है और शक्ति, स्थिरता तथा दृढ़ संकल्प का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु विधि-विधान से मां का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।देवी पाटन मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन है और यह पौराणिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। यह स्थल 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है, जहां माता सती का वाम स्कंध पट समेत गिरा था। इसी कारण यह स्थान 'देवी पाटन' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।मंदिर में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और दर्शन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक मां के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करेंगे।

# 05 माह बीतने के बाद भी वरिष्ठ सहायिका के भ्रष्टाचार की नही हो पाई निष्पक्ष जांच

**●कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को लेकर कैबिनेट मंत्री ने 05 माह पहले भी डीएम को जारी किया था पत्रएडी स्वास्थ्य बस्ती मण्डल ने जांच पड़ताल के नाम पर किया था लीपापोती**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** कैबिनेट मंत्री के निर्देश के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नही हो पा रही है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही हैं । सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच में‚ष्ठ स्वास्थ्य बस्ती मण्डल बस्ती ने पूर्व में लीपापोती किया था ।‚ष्ठ स्वास्थ्य पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये जांच को ठेंगा दिखाने से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं जांच मिलने के 05 माह बीत जाने के बाद भी जांच पूर्ण नही हो पाई है अर्थात् जांच के नाम पर बड़ा खेल करने की तैयारी में‚ष्ठ स्वास्थ्य जुटे हुए थे अपनी अपनी मंशा भी पूर्ण कर चुके हैं । पूर्व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दिनांक -16-10-2025 को‚ष्ठ स्वास्थ्य को जांच सौंपी थी । आपको बता दें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को लेकर अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश से शिकायत 05 माह पहले हुई थी और सीएमओ कार्यालय में जमकर भ्रष्टाचार करने वाली वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की गई थी । कैबिनेट मंत्री को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बस्ती में कई वर्षो से लगातार कार्यरत है तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत से एक ही पटल पर अंगद की तरह पैर जमाई हुई है और भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि इनके द्वारा किसी भी कार्य के लिए बिना 20 प्रतिशत हिस्सा लिये एवं बिना 10 बार कार्यालय के चक्कर लगाये कोई भी कार्य नहीं किया जाता है तथा आये दिन अनेकों लोग इनके जाल में फंस कर शिकार हो रहे हैं इसके साथ-साथ यह है कि वर्ष 2024 में अवनी परिधि कम्पनी द्वारा निकाले गये आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती में इनके द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से नियुक्ति की गयी है। जिससे सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है। सरकार की जीरो टोलरेन्स नीति के तहत इनके पटल चिकित्सा पूर्ति भुगतान एवं आउटसोर्सिंग का चार्ज वापस लेते हुए जांच कराना न्याय हित में आवश्यक है जिससे इनके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोका जा सके। अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया था । पूर्व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच‚ष्ठ स्वास्थ्य को दिया था लेकिन‚ष्ठ स्वास्थ्य डा0 अश्विनी कुमार ने लीपापोती कर जांच आख्या प्रस्तुत कर मामले को रफा- दफा कर दिया है । कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच न होने पर कैबिनेट मंत्री ने दोबारा 05 मार्च को पत्र भेजकर जिलाधिकारी बस्ती को जांच सौंपी है । जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना ने उक्त प्रकरण की जांच करने के लिए दिनांक - 18-03-2025 को एडी हेल्थ को दोबारा जांच करने के लिए निर्देश दिया है । अब देखना यह है कि वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के निष्पक्ष जांच हो पाती है या पहले की तरह लेन - देन करके मामले को रफा-दफा कर दिया जायेगा ।

### कोन पुलिस को मिली सफलता, दो पशु तस्कर गिरफ्तार, भेजा न्यायालय



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिनांक 18.03.26 को मुखबिर की सूबना पर 07 राशि गोवंश को 02 गौवंश तस्करों द्वारा चौपन, जुगैल थानाक्षेत्र से गोवंशों को खरीदकर झारखण्ड से व्यापारियो के माध्यम से वथ हेतु पश्चिमी वंगाल ले जाते समय प्रभारी निरीक्षक कोन व अन्य पुलिसकर्मी के साथ कोन थाना क्षेत्र के रानीडीह पुलिया के पास से स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए 07 राशि गोवंशों सहित दो गौवंश तस्कर सुरेश पुत्र जम्मान निवासी कनछ थाना चोपन जिला सोनभद्र, शांति देवी पत्नी स्व0 सोमर निवासी चटनीया धाना मेराल जिला गढ़वा झारखण्ड को किया गिरफ्तार। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-41/2026 चारा 3/50/ 5बी/ 8 गौ हत्या निवारण अधिनियम उत्तर प्रदेश पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पश्चात न्यायालय भेजा गया।

# तापमान बढ़ रहा है पेड़ी प्लांट की सिंचाई करें कृषक, इकाई प्रमुख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बजाज चीनी मिल रुधौली अंतर्गत कप्तानगंजब्लॉक के ग्राम खेमराजपुर के सभागार मेंकृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे चीनी मिल के इकाई प्रमुख डॉ जेपी त्रिपाठी उपस्थित रहे तथा क्षेत्र के कृषक गोष्ठी में बढ़-चढ़कर भाग लिए इकाई प्रमुख डॉ जेपी त्रिपाठी कृषको के साथ कृषक सूर्यनारायण तिवारी, पप्पू चौधरी ,रुदल चौधरी ,दुर्गा प्रसाद उदयशंकर के पेड़ी प्लांट पर कृषकों को अधिक उत्पादन के प्रति जागरूक किया साथ ही साथ उन्होंने रोग एवं कीट दीमक से फसल की सुरक्षा सिंचाई गुड़ाई निराई उर्वरक खाद बीज उपचार भूमि शोधन बुवाई की विधि बुवाई का समय आदि केविषय में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि आप पेड़ी पर विशेष ध्यान दें जो कम लागत में आपको अधिक उत्पादन देती है आप उन्नतशील गन्ना प्रजाति की बुवाई करें जिससे आपको उत्पादन अच्छा प्राप्त हो सके सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु गगन पांडे ने कहा कि आप अधिक उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजाति 15023 142010 118 13235 17231 और जहां पानी लगता है वहां पर 94 184 980 14 की बुवाई करें अगर आपके पास गन्ना बीज नहीं है तो हमें अवगत कर दें जिससे आपको समय से गन्ना बीज उपलब्ध कराया जा सके और आप समय से गन्ना की बुवाई कर सकें हम लगातार ग्राम कृषक गोष्ठी का आयोजन गांव में कर रहे हैं जिससे हमारे कृषक जागरूक हो और गन्ना से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें कम लागत में कृषक अधिक उत्पादन प्राप्त करें यही हमारा लक्ष्य है आप लोग ट्रेन की विधि से गन्ना की बुवाई करें और साथ में साफसली की खेती अवश्य करें जिससे आपकी आए दो गुना हो कृषक गोष्ठी में क्षेत्रीय अधिकारी रंजीत सिंह जोन प्रभारी जगबीर शाही फील्ड सुपरवाइजर अजय सिंह अनिल दुबे आदित्य पांडे समेत सैकड़ो कृषक उपस्थित रहे ।

# कोतवाली व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी का खुलासा, लाखों की नगदी व जेवरात बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में विशुनपुरवा मोहल्ले में 26/27 फरवरी 2026 की रात हुई चोरी के मामले में आरोपी को नगदी और जेवरात के साथ दबोचा गया क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि मु0अ0सं0 091/2026 के तहत दर्ज इस मामले में सेराज आलम पुत्र मनौव्वर निवासी रफीक नगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली, उम्र करीब 21 वर्ष को 19 मार्च 2026 को कृष्णा भगौती चौराहे से लगभग 200 कदम पहले गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 3,24,010 रुपये भारतीय मुद्रा, 145 नेपाली रुपये और करीब 8 लाख रुपये कीमत के जेवरात बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर सुपेलवा प्राइमरी स्कूल के पीछे बाउंड्रीवाल के अंदर झाड़ियों से चोरी किया गया डीवीआर और घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड भी बरामद किया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी अल्ताफ के साथ मिलकर रात करीब 3 बजे घर में छत के रास्ते प्रवेश कर पहले सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर निकाल लिया, फिर घर में रखे जेवर और नकदी चोरी कर ली। घटना के दौरान शोर मचने पर दोनों पीछे के रास्ते से फरार हो गए। आरोपी ने बताया कि चोरी के पैसों से उसने अपना लोन भी चुकाया और बाद में दोनों नेपाल भाग गए, जहां शेष रकम खर्च कर दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उस पर पहले से कई चोरी व गैंगस्टर एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं इस घटना में शामिल दूसरा आरोपी अल्ताफ अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही।

## नौ दिवसीय विकास प्रदर्शनी का रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में हुआ भव्य शुभारम्भ

**●कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया**

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत एवं प्रशस्ति पत्र का किया गया वितरण**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** प्रदेश सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' थीम पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में नौ दिवसीय प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह व पीडीडीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में सूचना विभाग विकास परक योजनाओं से संबंधित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। तथा पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम, महिला कल्याण विभाग, कौशल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अधिकारियों सहित भारी संख्या में जनसामान्य ने अवलोकन कर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इसके उपरान्त उद्योग विभाग के अर्न्तगत संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना के 05 लाभार्थियों को रू0 5 लाख का डमी चेक, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 05 लाभार्थियों को टूलकिट व प्रशस्ति पत्र, खेल विभाग द्वारा नेशनल स्तर के पदक विजेजा खिलाड़ियों को पगड़ी पहनाकर व ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया साथ ही आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पीआरडी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त जिलाध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनायें समाज के अन्तिम पंक्ति तक पहुँच रही है जिससे सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में सशक्तीकरण को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे है वही महिला सुरक्षा, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा हैं जिससे हर वर्ग के पात्र लाभार्थी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है, साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि इस नौ दिवसीय प्रदर्शनी में उपस्थित होकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रता अनुसार लाभ ले सकते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाट्य एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सुल्तानपुर जेल में मुस्लिम बंदी फहीम ने रखा नवरात्रि व्रत

**●बैरक 4 में है बंद-पूजा-अर्चना भी किया**

**कुल 252 कैदी भी कर रहे उपवास**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – जेल में बंद मुस्लिम कैदी फहीम पुत्र साहीद ने नवरात्रि के अवसर पर व्रत रखा और विधिवत पूजा-अर्चना की। फहीम बैरक संख्या 04 में निरुद्ध है और 20 मार्च 2024 से जेल में है। गुरुवार को उसे शांतिपूर्वक और अनुशासित तरीके से धार्मिक अनुष्ठान करते हुए पाया गया, जिससे कारागार की सुरक्षा या व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। जेल अधीक्षक ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर कुल 252 बंदी व्रत रख रहे हैं। इनमें 14 महिला बंदी और एक मुस्लिम पुरुष बंदी (फहीम) शामिल हैं। यह व्रत नवरात्रि के पहले और अंतिम दिन रखा जा रहा है। व्रत रख रहे बंदियों को उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल के अनुसार विशेष आहार दिया जा रहा है। इसमें प्रति बंदी 750 ग्राम उबला आलू, 500 मिलीलीटर दूध, 2 केले और 60 ग्राम चीनी शामिल है। कारागार परिसर में स्थित मंदिर पर कलश पूजन के साथ नवरात्रि पर्व का शुभारंभ किया गया। बंदियों को प्रत्येक बैरक में कलश स्थापना के लिए आवश्यक घट और दीये भी उपलब्ध कराए गए हैं। कारागार में महिला बंदियों के लिए सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि रिहाई के बाद वे आत्मनिर्भर बन सकें। वर्ष 2025 में 27 महिला बंदियों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर कारागार से रिहाई पाई। वर्तमान में 35 महिला बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें से 7 सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं।इसके अतिरिक्त, कारागार में महिला और पुरुष बंदियों के लिए पहले से ही लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। बदलते परिवेश में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उन्हें शिक्षित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है।

# बलरामपुर में 43 करोड़ 77 लाख से 15.87 यरूलंबी सड़क का होगा कायाकल्प, 12.51 करोड़ किए जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सादुल्लाहनगर**–रेहरा बाजार मार्ग को चौड़ा करने के साथ बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सड़क तीन से सात मीटर चौड़ी की जाएगी। 15.87 किमी लंबी सड़क को चौड़ा करने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। परियोजना की कुल निर्माण लागत लगभग 43 करोड़ 77 लाख निर्धारित की गई है, इसके सापेक्ष 12 करोड़ 51 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त भी कर दी गई है। इस मार्ग के चौड़ीकरण का लाभ क्षेत्र के दो प्रमुख बाजार रेहरा बाजार व सादुल्लाहनगर के साथ ही नयानगर, अहिरौला, घासी पोखरा, अचलपुर चौधरी, सरायखास, अचलपुररुप, कंछर अशरफपुर, जमुनीपुर, पतकरपुर, दतलूपुर , छतलुपुर, जखौली, समेत लगभग तीस गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

**लाख लोगों का आवागमन होगा सुगम**

उतरौला मनकापुर मार्ग से जुड़ने से क्षेत्रवासियों को अयोध्या, लखनऊ, तहसील व जिला मुख्यालय तक आसान कनेक्टिविटी हो जाएगी। सड़क के पुर्ननिर्माण से करीब दो लाख लोगों का आवागमन सुगम होगा। सड़क चौड़ा होने की मंजूरी पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। हरिवंश सिंह, जिलेदार पांडेय, विष्णु देव गुप्त एवं अरविंद मिश्र ने कहा कि यह सड़क सादुल्लाहनगर और रेहरा बाजार के साथ 30 से अधिक गांव के लोगों की लाइफ लाइन है। विधायक रामप्रताप वर्मा ने बताया कि सादुल्लानगर-रेहरा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिससे क्षेत्रवासियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके बाद प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया को गति मिली। कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना प्राथमिकता है। आने वाले समय में अन्य सड़कों व बुनियादी सुविधाओं पर भी तेजी से काम कराया जाएगा।

# गुरचिहवा मंदिर में भव्य रामकथा का शुभारंभ

**●कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** – नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद बलरामपुर के विकास खंड पचपेड़वा अंतर्गत गुरचिहवा मंदिर परिसर में भव्य रामकथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सोनही नाले तक गई, जहां से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः मंदिर पहुंचे। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। रामकथा का वाचन अयोध्या धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य रविकांत शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा है। उनके ओजस्वी एवं मधुर प्रवचनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं और धर्म, संस्कृति व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश प्राप्त कर रहे हैं।

इस भव्य धार्मिक आयोजन के सफल संचालन में मंदिर प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्रा, व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, सचिव गिरजेश पाण्डेय, संरक्षक अरुणदेव पाठक, उपाध्यक्ष हरीराम प्रजापति एवं संयोजक रवि गुप्ता की विशेष भूमिका रही। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में रमेश कुमार यादव ने कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, मीडिया समन्वय एवं कवरेज में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे आयोजन की जानकारी दूर-दूर तक पहुंच सकी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनय तिवारी, रामसरन गुप्ता, सुनील कुमार यादव, पप्पू मिश्रा, राजेन्द्र ओझा एवं अजय जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। मंदिर के पुजारी बरूबा महाराज के सानिध्य में समस्त धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर जंग बहादुर पाण्डेय, राधेश्याम मौर्या,रामसमुझ गुप्ता, धनीराम यादव, रामलौटन मौर्या,विनय जायसवाल, राम सेवक यादव, कल्लू नेता,मनोज मिश्रा, रामदास प्रजापति, रितुराज सिंह, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान गुरचिहवा मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह भव्य रामकथा न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकजुटता और आध्यात्मिक जागरूकता का भी संदेश दे रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा उत्सव सम्पन्न

**●संघ का प्रथम उत्सव है वर्ष प्रतिपदा : शक्ति**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रथम उत्सव वर्ष प्रतिपदा है। इसी दिन संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार को याद करते हैं। हिंदू नव वर्ष के रूप में हम पुरातन - सनातन से इसे स्वीकार करते आ रहे हैं। नगर पंचायत के हनुमाननगर मोहल्ले में मौजूद श्री राम दरबार मंदिर में आयोजित वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह शक्ति प्रकाश जी ने यह बातें कहीं। बृहस्पतिवार को आयोजित स्वयंसेवक बंधुओ की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ वर्ष प्रतिपदा ही ऐसा अवसर है, जब हमें आद्य सरसंघ चालक प्रणाम करना होता है। इसी बहाने हम अपने संस्थापक के संघर्ष व कार्यो को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी हिन्दू समाज को जागृत करने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। सोशल साइट्स के इस युग मे भी हमें बेहद खामोशी के साथ काम करने की जरूरत है। वंचित - शोषित व कमजोर तबके के बीच मे मजबूती के साथ खड़े होने की जरूरत है। वरना, मतांतरण के चक्रव्यूह में ऐसे परिवार फंसते चले जाएंगे। इस मौके पर खण्ड कार्यवाह अजय पांडेय, आंनद तिवारी, रवि शंकर शुक्ल, सुनील बरनवाल, आंनद, आयुष, सीताराम मोदनवाल, राजकुमार अग्रहरि, रवीन्द्र सिंह, अमित आदि मौजूद रहे।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए रुद्र, किए गए सम्मानित

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में लंभुआ के रुद्र जायसवाल भी चयनित हुए हैं। उन्हें 79 रैंक मिली है। रुद्र की इस सफलता से परिजनों में खुशी है। विवेकनगर, लंभुआ निवासी हार्डवेयर व्यापारी दिनेश जायसवाल का बेटा रुद्र जायसवाल एक निजी विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र है। दो दिन पहले घोषित हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उसने ओबीसी कैटेगरी में 79 रैंक हासिल करके सफलता हासिल की है। रुद्र की सफलता पर विद्यालय परिवार ने भी खुशी जताई है। परिजन व व्यापारी नेता सुभाष चन्द्र जायसवाल, नँदन आदि ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## संक्षिप्त खबरें

### नामित सभासद बनाए जाने पर लोगों ने दी बधाईयां



**डलमऊ रायबरेली।** उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा नगर पंचायत डलमऊ के लिए तीन सदस्यों को सभासद के लिए नामित किया है। नगर पंचायत डलमऊ में तीन सभासदो के नामित होने पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। डलमऊ नगर पंचायत के लिए पवन जयसवाल, अभिषेक द्विवेदी(बॉबी पंडित),शिव प्रसाद साहू को सभासद के लिए नामित किया गया है। राज्यपाल द्वारा नामित सभासदो की सूची आने के पश्चात क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वही बधाई देने वालों मे नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ चेयरमैन प्रतिनिधि शुभम गौड़, मनोज पाण्डेय, भाजपा नेता दिनेश त्रिपाठी, रवि पाल,मनमोहन यादव, राकेश शर्मा, सुशील यादव,सत्येंद्र जयसवाल,प्रिंशू जायसवाल, नीरज जयसवाल, राजन जयसवाल, जितेंद्र सोनकर, मनोज सोनकर, बृजेंद्र,सुधीर जयसवाल, सतीश जयसवाल, सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

### आवरण और आचरण स्वच्छ हो तो ही पर्यावरण भी होगा स्वच्छः डॉ. महादेव सिंह

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के आलमपुर गांव में बृहस्पतिवार को बैसवारा इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर आयोजित हुआ।शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें प्रख्यात पर्यावरणविद डॉ. महादेव सिंह ने स्वयंसेवकों को जागरूक किया। डॉ. महादेव सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहर नहीं, बल्कि आचरण में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवरण स्वच्छ हो, आचरण स्वच्छ हो, जागरण हो तो पर्यावरण स्वच्छ हो। उनके इस संदेश ने छात्रों को सोचने पर मजबूर किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को जल, जंगल और जमीन के महत्व के बारे में समझाया। कहा कि पेड़ धरती के आभूषण हैं। ये प्रदूषण को दूर करते हैं और जीवन को सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उन्हें बचाने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम अधिकारी बीरेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में छात्रों ने ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया का नारा लगाया। रैली के जरिए आसपास के लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी का संचालन छात्रा श्रेया ने किया। कार्यक्रम के दौरान किरन और शानू ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर आदेश, सीमा, मानवी, दिव्यांशी, अनमोल प्रियांशु सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अर्पित ने आईआईटी में छियासवीं रैंक की सफलता का लहराया परचम, खुशी का माहौल



**लालगंज,प्रतापगढ़।** आईआईटी जेएएम में मेधावी की सफलता पर गुरूवार को ननिहाल में खुशी का माहौल देखा गया। रायबरेली जिले के हटका उमरन निवासी अर्पित शुक्ला दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। अर्पित का लालगंज के दीवानी वार्ड में ननिहाल है। आईआईटी 2026 के परिणाम में अर्पित को ऑल इण्डिया स्तर पर 86वीं रैंक पर सफलता मिली है। मेधावी की सफलता पर परिजनों के साथ यहां उसके ननिहाल में भी खुशी का माहौल दिखा। मां वंदना,मामा एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश को लोगों ने अर्पित की सफलता पर शुभकामनाएं सौंपी। मेधावी की सफलता पर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन शुक्ल, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने अर्पित की सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

### सामूहिक दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।**थाना प्रभारी कोतवाली पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित वांछित अभियुक्त अजीत कुमार सिंह उर्फ अजीत सिंह पुत्र तहसीलदार सिंह निवासी हर्राजपुर कला, बसैट थाना किशनी जनपद मैनपुरी को क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन जनपद मैनपुरी से गिरफ्तार किया गया। अजीत के विरुद्ध सामूहिक रूप से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है।

# लखनऊ में ईद-उल-फित्र की नमाज को लेकर व्यापक यातायात डायवर्जन

**●20-21 मार्च को सुबह 6 बजे से नमाज समाप्ति तक रहेगी व्यवस्था**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने ईद-उल-फित्र के अवसर पर शहर में बड़े पैमाने पर यातायात डायवर्जन की घोषणा की है। चांद दिखने के अनुसार इन तारीखों को विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। नमाजियों की भारी भीड़ और यातायात सुगम रखने के लिए सुबह 6:00 बजे से नमाज समाप्त होने तक कई प्रमुख मार्गों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, डायवर्जन की विस्तृत सूची जारी की गई है। मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैंः-

सीतापुर रोड की तरफ से डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग तिराहे की ओर कोई भी यातायात पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेगा। इसके बजाय डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज से बांये मुड़कर चौराहा नंबर 8, निरालानगर या आई0टी0 की ओर जाना होगा।

पक्का पुल खदरा साइड तिराहे से सामान्य यातायात पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेगा। वैकल्पिक मार्गः पक्का पुल से पहले तिराहे से बंधा रोड या नया पक्का पुल होकर गंतव्य।

हरदोई रोड/बालागंज से आने वाले बड़े वाहन/रोडवेज सिटी बस बड़ी इमामबाड़ा या टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिकः कोनेर चौराहे से दाहिने चोक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर गंतव्य।

कोनेर चौराहे से घंटाघर होकर बड़ा इमामबाड़ा की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित। वैकल्पिक मार्गः कोनेर चौराहे से चोक चौराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू), शाहमीना तिराहा, नींबू पार्क (रूमीगेट पुलिस चौकी), नया पुल आदि।

नींबू पार्क (रूमीगेट) चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा या टीले वाली मस्जिद की ओर यातायात नहीं। वैकल्पिकः कोनेर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल।

शाहमीना तिराहे से पक्का पुल टीले वाली मस्जिद की ओर प्रतिबंध। वैकल्पिकः मेडिकल कॉलेज, डालीगंज पुल, आई0टी0 होकर।

डालीगंज पुल से सीतापुर रोड की ओर रोडवेज बस, जीप, कार, स्कूटर, मोटर साइकिल पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिकः आई0टी0 चौराहा, कपूर्थला, पुरुनिया होकर।

पुराने शहर के अन्य प्रमुख इलाकों जैसे एशबाग, ईदगाह, रकाबगंज पुल, नाका, याहियागंज, लाल माधव (हैदरगंज), बाबूलाल हलवाई, राजेंद्र नगर चौराहा, मोतीनगर, गूगा-बहरा, एसएपी मिश्रा द्वार तिराहा, मोतीझील कॉलोनी, अनजुमन चौराहा आदि पर भी सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं। इन इलाकों में नमाज में शामिल होने वाले वाहनों को छोड़कर सामान्य यातायात को वैकल्पिक मार्गों (मेडिकल कॉलेज, चोक चौराहा, नाका, मोतीनगर आदि) से मोड़ दिया जाएगा। सामान्य यातायात के अतिरिक्त आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस, स्कूली वाहन, फायर सर्विस, शव वाहन आदि को ट्रैफिक पुलिस/स्थानीय पुलिस की अनुमति से प्रतिबंधित मार्गों पर जाने की छूट रहेगी।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे डायवर्जन का सम्मान करें, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें। किसी भी समस्या या आपात स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने कहा कि यह व्यवस्था नमाजियों की सुविधा और पूरे शहर में यातायात सुचारू रखने के लिए बनाई गई है। सभी से सहयोग की अपील की गई है ताकि ईद का त्योहार शांति और खुशी से मनाया जा सके।

## सड़क किनारे खड़ी बुलेट चोरी, रेलवे कर्मचारी के उड़े होश

**लालगंज (रायबरेली)-** कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के पास बुधवार देर शाम सड़क किनारे खड़ी एक बुलेट बाइक चोरी हो गई। बाइक एक रेलवे कर्मचारी की थी, जो पंचर होने के कारण वहां खड़ी की गई थी। पूरे मकरहन मजरे ऐहार गांव निवासी विनोद कुमार पाल ने बताया कि वह रेलवे में कार्यरत हैं। बुधवार शाम करीब 8 बजे वह तकिया स्टेशन ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रास्ते में मुबारकपुर गांव के पास उनकी बुलेट बाइक पंचर हो गई। विनोद ने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और करीब 500 मीटर दूर मिस्त्री बुलाने चले गए। करीब दस मिनट बाद जब वह मिस्त्री के साथ लौटे तो बाइक मौके से गायब थी। यह देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है और जांच जारी है।

## जयकारों से गूंजे देवी मंदिर, नवरात्र के प्रथम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर-** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह होते ही 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिरों की घंटियां, शंखध्वनि और भजन-कीर्तन से क्षेत्र गुंजायमान रहा। स्थानीय शीतला देवी मंदिर, कालिका देवी मंदिर, अमरनगर देवी मंदिर तथा निकटवर्ती ग्राम मिर्जापुर स्थित देवी मंदिरों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु हाथों में पूजन सामग्री, नारियल, चुनरी और प्रसाद लेकर माता के दर्शन के लिए उत्साहपूर्वक पहुंचते रहे। भक्तों ने व्रत रखकर विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी झालरों, फूल-मालाओं और रोशनी से मंदिरों की छटा देखते ही बन रही थी। महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिलीद्य युवाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। मंदिरों में दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा और शाम को आरती के समय श्रद्धालुओं की संख्या और भी बढ़ गई।

## श्री अन्न के उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं - कुलपति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रहे छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। 'मोटे अनाजों पर आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण' विषय पर महिलाओं को जानकारी दी गई। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने समस्त अतिथियों को बुके भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ एवं बीमारियों से बचाव के लिए सभी को श्रीअनून का प्रयोग करना चाहिए। सामुदायिक महाविद्यालय में श्रीअन्न से जुड़े उत्पाद बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के पहले दिन मोटे अनाजों से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने, मिलेट, पास्ता बनाने की विधि, पोषण महत्व तथा इसके माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को मोटे अनाजों से बने पास्ता, नूडल्स, बेकरी उत्पाद जैसे-बिस्किट, केक, तथा इडली, फरा, प्रिमिक्स आदि व्यंजन बनाना सिखाया गया। महिलाओं को व्यवसाय हेतु सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गइ तथा विवि परिसर का भ्रमण भी कराया गया। शिवनाथपुर, पिठला,बवा तथा कुमारगंज की कुल 40 महिलाओं एवं किशोरियों ने प्रतिभाग किया। कुलपति ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। डा. अनीशा वर्मा ने समस्त अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ तृप्ति वर्मा ने किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार के नौ निर्माण के नव वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर -** मार्स ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंद्रभान गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने किसानों को समसामयिक खेती-बाड़ी पर चर्चा की बताया कि अब समय मीठे फलों की खेती करने का है इससे किसान अच्छी आमदनी ले सकते हैं। आम की फसल पर जहरीले रसायनों के प्रयोग को रोकने की सलाह दी। उद्यान अधिकारी दिनेश सिंह ने उद्यान से मिलने वाले सब्सिडी के बारे में बताया। उप निदेशक पशुपालन डॉक्टर के के चौहान ने पशुपालन विभाग से किसानों को दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक ए के दुबे ने मशरूम की खेती तथा गन्ने से बनने वाले उत्पाद पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरीश पुष्कर विधायक मोहनलाल गंज ने किसानों को उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई तथा कृषि क्षेत्र में उद्गम स्थापित करने के लिए अनुदान राशि वितरित की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सरोजिनी नगर अखिलेश कुमार सिंह, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ सुधाकर सिंह, कृषि निदेशक विनय कौशल जी, जिला कृषि अधिकारी लखनऊ तेग बहादुर सिंह निदेशक पशुपालन डॉक्टर के के चौहान साहब, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के वर्मा जी पौध सुरक्षा अधिकारी महेश चंद्र, भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार, कन्नौज के प्रगतिशील आलू किसान निखिल प्रताप सिंह एवं राजधानी के सभी ब्लॉकों के लगभग 600 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। मंच का संचालन डॉ अलका निवेदन ने किया।

## काकोरी थाना क्षेत्र में देर रात लूट की सनसनीखेज वारदात, युवक घायल, मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ-** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोला कुआं के पास बीती रात एक युवक के साथ लूट की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। पीड़ित युवक की पहचान सुमित तिवारी के रूप में हुई है, जो रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अटेर गांव का निवासी है। सुमित गोमती नगर में एक परचून की दुकान पर काम करता है।जानकारी के अनुसार, सुमित तिवारी रात करीब सवा नौ बजे गोमती नगर से अपनी मोटरसाइकिल (नंबर UP32 DT 6754) पर अटेर गांव के लिए निकला था। रात करीब सवा दस से साढ़े दस बजे के बीच गोला कुआं के पास अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चार बदमाश एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। उन्होंने सुमित पर हमला कर लूटपाट की और विरोध करने पर उसकी जमकर मारपीट की।इस दौरान बदमाशों ने सुमित की मोटरसाइकिल और उसका पोको मोबाइल फोन लूट लिया। मारपीट के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर से खून बहने लगा। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुमित को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर छापेमारी तेज कर दी है।ऐसी घटनाएं इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही हैं। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और रात में अकेले यात्रा करने से बचने की अपील की है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# ऊषा गौतम ने बछरावां ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन किया -श्याम सुंदर भारती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली-** कठिन परिस्थितियों में पली-बढ़ी और शारीरिक चुनौतियों का साहस के साथ सामना करने वाली बछरावां क्षेत्र की बेटी ऊषा गौतम ने अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर एक नई मिसाल कायम की है। एक पैर न होने के बावजूद ऊषा ने जीवन से हार नहीं मानी और अपने सपनों को साकार करते हुए सातवीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल बछरावां क्षेत्र बल्कि पूरे रायबरेली जनपद का नाम रोशन हुआ है। आपको बता दें कि, ऊषा गौतम की इस सफलता की खबर मिलते ही क्षेत्रीय समाजवादी पार्टी के विधायक श्याम सुंदर भारती अपने समर्थकों के साथ उनके पैतृक गांव रघुनाथखेड़ा मजरे रैन पहुंचे। वहां उन्होंने ऊषा को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने इस अवसर पर ऊषा के जज्बे और संघर्ष की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक श्याम सुंदर भारती का बयानः 'ऊषा गौतम ने यह साबित कर दिया है कि यदि इंसान के अंदर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकती। एक पैर न होने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि अन्य बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समाजवादी पार्टी और मैं व्यक्तिगत रूप से उनके साथ खड़े हैं और उनके खेल जीवन को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। ' इस दौरान प्रदेश सचिव (पिछड़ा वर्ग) हरीश चौरसिया, लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष आशीष पटेल, जिला सचिव आफताब आलम, ग्राम प्रधान राम सजीवन यादव, कुलदीप यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने ऊषा गौतम की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भागवत कथा के अंतिम दिन अमृतपान करने आये भारी तादात में श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में इन दिनों मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्त के वातावरण में संपन्न हो रहा है। यजमान आशीष मौर्य के निवास पर आयोजित इस पुण्य अनुष्ठान का संकल्प क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा निवासी आनंद मिश्रा द्वारा लिया गया है यह उनके द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर सप्तवेदी, गणेश,अंबिका, रूद्र हनुमत देव सहित विभिन्न देवताओं की विधिवत स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आपको बता दें कि, बृहस्पतिवार को कथा के सातवें दिन सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या जी ने प्रमुख रूप से भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता व ऊधौ गोपी संवाद कृष्ण रुक्मणी विवाह भगवान का स्वधामगमन परीक्षित मोक्ष जैसी कथाओं का व्याख्यान करते हुए कथा व्यास ने बताया कि, मित्रता कैसी हो यह हमें भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान श्री कृष्ण ने ऊधौ जी को वृंदावन भेजा परंतु जब वहां पर ऊधो जी पहुंचे तो गोपियों के प्रेम में ऐसा डूबे कि वह भी प्रेम मय हो गए। और वह स्वयं ब्रज से नहीं आना चाहते थे भगवान कृष्ण ने माता रुक्मणी से विवाह किया। प्रभात क्षेत्र में जब कालांतरण में समय बीता भगवान ने पृथ्वी पर खूब शासन किया जब समय आया तो भगवान अपने स्वधाम को चले गए। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

कथा के विराम पश्चात आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। आयोजनकर्ता आनंद मिश्रा ने बताया कि, उनके द्वारा जीवनपर्यंत श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन निरंतर बीच-बीच जारी रहेंगे जिससे समाज में धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार होता रहे। इस मौके पर यज्ञशाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी, उपयज्ञाचार्य पंडित अमरेश शुक्ला, पंडित अरूण त्रिपाठी, व्यवस्थापक सोनू मौर्य, अवधेश मौर्य, रागेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, राकेश, संत प्रसाद, बबलू प्रजापति,दिनेश कोटेदार, मोनू कोटेदार, अनुज मौर्य, शिवकुमार, कन्हैया मौर्य, शंकर मौर्य, महेंद्र मौर्य, धुन्नू, मूसा मौर्य, बीरू सिंह, विशाल शर्मा, बी.यल.बावली, दीपांशू मौर्या सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

# नाम परिवर्तन की फाइल एक साल सी लटकी, पीड़ित लगा रहा नगर पालिका के चक्कर पे चक्कर, जिम्मेदार अधिकारी बने अंजान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां -** सीतापुर नियम कहते हैं कि संपत्ति नामांतरण 15 से 30 दिन में पूरा हो जाना चाहिए। लेकिन बिसवां नगर पालिका में एक विधवा महिला की फाइल करीब एक साल से अटकी है। योगी सरकार की जीरो टालरेंस निति से बेखौफ बिसवां नगरपालिका में तैनात भ्रष्ट कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। जिससे एक विधवा महिला दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है।जो काम अधिकतम 90 दिनों में हो जाना चाहिए था।वह काम एक वर्ष की समय सीमा और हजारों खर्च के बाद भी पूरा नही किया गया आखिर क्यों ? पीड़ित अय्यूब खान अपनी शिकायत मुख्यमंत्री को भेज कर यह आरोप लगाया है कि उसने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा कर दिए थे, इसके बावजूद उसकी फाइल बार-बार किसी न किसी बहाने से आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। कभी दस्तावेजों की जांच का हवाला दिया जाता है तो कभी संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित होने का कारण बताकर उसे टाल दिया जाता है। पीड़ित का कहना है कि उसके द्वारा कई बार नगर पालिका के चक्कर लगाये जा चुके है, लेकिन हर बार उसे सिर्फ आश्वासन ही मिला है। एक साल बीत जाने के बाद भी नामांतरण की प्रक्रिया पूरी न होना, नगर पालिका की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।तथा पटल के कर्मचारियों को कटघरे में खड़ा करता हैं। एक तरफ तो प्रदेश की योगी सरकार द्वारा दाखिल खारिज प्रक्रिया को समय सीमा से पहले पूर्ण करने के आदेश निर्देश दिए जाते रहते हैं वहीं दूसरी ओर नगरपालिका परिषद बिसवां में जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार के कारण न सिर्फ नामांतरण के लिए सुविधा शुल्क के नाम पर हजारों रूपये लिए जा रहे हैं। बल्कि एक वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद भी घोर लापरवाही दिखाते हुए नामान्तरण प्रक्रिया पूर्ण नही की जा सकी है। इतना ही नही एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा पीड़ित की सम्पत्ति को राजकीय संपत्ति घोषित करने की धमकी तक दे दी जाती है।यह अपने आप में बड़ा सवाल है कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को किस अधिकार से पीड़ित से यह कहने का हौसला मिला कि तुम्हारी संपत्ति को राजकीय सम्पत्ति घोषित कर दिया जायेगा। क्या मान लिया जाए कि नगरपालिका बिसवां में तैनात कर्मचारी अपनी दबंगई के बल पर किसी भी सम्पत्ति को राजकीय संपत्ति में तब्दील कर सकते हैं ? क्या एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से पटल के लिपिक का कार्य लिया जाना न्यायोचित है ? क्या नगरपालिका परिषद बिसवां में लिपिको का अकाल पड़ गया है। जो एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को टैक्स विभाग जैसे पटल का तथाकथित मुखिया बना दिया गया है ? सबसे बड़ा सवाल खबरों के प्रकाशन के बाद क्या जनपद के ईमानदार मुखिया जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 इस मामले को संज्ञान लेकर किसी प्रकार की नजीर पेश करने वाली कार्यवाही करेंगे ?

## उत्तर प्रदेश सरकार ने गर्मी से पहले बिजली विभाग को किया अलर्ट

**●मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्बाध आपूर्ति और ट्रिपिंग रोकने की तैयारी तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ —** गर्मी की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग) की ओर से उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि गर्मी के मौसम में निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाए। 10 मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि गर्मी की तेजी से बढ़ रही मांग को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मुख्य बिंदु इस प्रकार हैंः-

1. गर्मी के मौसम में निर्धारित रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति की पूरी तैयारी कर ली जाए।

2. किसी भी प्रकार की ट्रिपिंग (बिजली कटौती) नहीं होनी चाहिए।

3. मुख्यमंत्री के स्तर पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें डिस्कॉम के समस्त अधिकारी भाग लेंगे।

4. उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड बैठक से पहले सभी तैयारियां सुनिश्चित करे।

5. खाड़ी युद्ध के संभावित प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष प्रभाव की भी तैयारी बैठक में सुनिश्चित की जाए।

6. AT&C लॉस को कम करने, कलेक्शन बढ़ाने और कैश गैप को घटाने के लिए भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में गर्मी के दौरान बिजली की मांग अक्सर 32,000-33,000 मेगावाट तक पहुंच जाती है। पिछले वर्षों में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मी से पहले बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इस बार भी सरकार ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो। UPPCL और डिस्कॉम अधिकारियों को अब इन निर्देशों पर अमल करते हुए तुरंत समीक्षा बैठक आयोजित करने और सभी स्तरों पर तैयारियां पूरी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# घर बने लाक्षागृह देश में बढ़ती अग्नि त्रासदियों का डरावना सच दिल्ली इंदौर से सूरत तक आग की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

देश में तेजी से आधुनिक सुविधाएं बढ़ रही हैं लेकिन इनके साथ सुरक्षा के खतरे भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल ही में दिल्ली और इंदौर में हुए दो भीषण अग्निकांडों ने पूरे देश को झकझोर दिया। इन हादसों में 5 मासूम बच्चों सहित कुल 17 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इन घटनाओं ने यह साबित कर दिया कि यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाए तो घर ही लाक्षागृह बन जाते हैं जहां से निकलना लगभग असंभव हो जाता है।

इंदौर के ग्रेटर बृजेश्वरी इलाके में तड़के करीब चार बजे एक इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। यह आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते तीन मंजिला मकान उसकी चपेट में आ गया। घर के भीतर सो रहे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। आग पहले पार्किंग से होते हुए बिजली के तारों और एयर कंडीशनर तक पहुंची और फिर धमाकों का सिलसिला शुरू हो गया। बाद में सिलेंडर विस्फोट ने स्थिति को और भयावह बना दिया।

इस घर में मनोज पुगलिया का परिवार रहता था और उस दिन उनके रिश्तेदार भी बिहार से आए हुए थे। परिवार में खुशियों का माहौल था क्योंकि एक महीने पहले ही उनके बेटे सोमिल की शादी हुई थी। गणगौर के अवसर पर बहू अपने मायके गई हुई थी, वरना वह भी इस हादसे की शिकार हो सकती थी। आग की लपटों में मनोज की गर्भवती बहू सिमरन सहित आठ लोगों की जान चली गई। यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि कई स्तरों पर लापरवाही का परिणाम था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति ने सबसे पहले आग देखी और लोगों को जगाया। आसपास के लोगों ने बिजली सप्लाई बंद करने की कोशिश की लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी। कार और एसी कंप्रेसर में विस्फोट होने लगे जिससे दहशत और बढ़ गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन लोगों का आरोप है कि वह देर से पहुंची और आग पर काबू पाने में ढाई घंटे लग गए।

इस हादसे में एक और गंभीर पहलू सामने आया। घर में लगे इलेक्ट्रिक स्मार्ट लॉक के कारण लोग बाहर नहीं निकल पाए। बिजली बंद होने के बाद लॉक सिस्टम फेल हो गया और दरवाजे नहीं खुल सके। यह आधुनिक सुविधा उस समय जानलेवा साबित हुई जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। यह घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम तकनीक पर जरूरत से ज्यादा निर्भर हो रहे हैं बिना उसके जोखिम समझे।

दूसरी ओर दिल्ली के पालम इलाके में एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग ने नौ लोगों की जान ले ली। यहां भी स्थिति बेहद भयावह थी। इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों और कॉस्मेटिक्स का शोरूम था जहां से आग शुरू हुई और तेजी से ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। संकरी गलियों और अपर्याप्त निकासी मार्ग के कारण लोग फंस गए। धुएं और आग ने बाहर निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया।

हादसे के दौरान लोगों ने अपने बच्चों को बचाने के लिए उन्हें नीचे खड़े लोगों की ओर फेंका। यह दृश्य जितना दर्दनाक था उतना ही भयावह भी। कुछ बच्चों को बचा लिया गया लेकिन कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शहरी इलाकों में बढ़ती अव्यवस्थित निर्माण व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की ओर इशारा करती है।

ऐसी घटनाएं अब अपवाद नहीं रहीं बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति का रूप लेती जा रही हैं। हाल ही में सूरत के टेक्सटाइल मार्केट में भी भीषण आग लगी थी जिसमें करोड़ों का नुकसान हुआ। यह आग भी तेजी से फैली और फायर सिस्टम की सीमाओं को उजागर कर गई। इसके अलावा पिछले कुछ महीनों में मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता और नोएडा जैसे शहरों में भी कई बड़े अग्निकांड सामने आए हैं। कहीं अस्पतालों में आग लगी तो कहीं फैक्ट्रियों और गोदामों में। हर घटना के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा होती है लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार बहुत धीमा है।

इन सभी घटनाओं में एक समानता साफ दिखाई देती है। अधिकतर जगहों पर अग्निशमन उपकरण या तो मौजूद नहीं थे या काम नहीं कर रहे थे। निकासी मार्ग अवरुद्ध थे या अपर्याप्त थे। बिजली के तारों का रखरखाव सही नहीं था और ज्वलनशील सामग्री का अत्यधिक उपयोग किया गया था। इसके अलावा आधुनिक उपकरण जैसे स्मार्ट लॉक और इलेक्ट्रिक चार्जिंग सिस्टम बिना उचित सुरक्षा व्यवस्था के उपयोग किए जा रहे हैं।

अगर इन हादसों से पहले की स्थिति को देखें तो हर जगह सामान्य जीवन चल रहा था। इंदौर में परिवार शादी की खुशियों में डूबा हुआ था। दिल्ली में लोग अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त थे। सूरत में व्यापारी अपने कारोबार में लगे थे। किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ ही मिनटों में सब कुछ बदल जाएगा। यही इन हादसों की सबसे बड़ी त्रासदी है कि ये अचानक होते हैं और संभलने का मौका नहीं देते।

इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि केवल सरकार या प्रशासन को दोष देना पर्याप्त नहीं है। आम नागरिकों को भी जागरूक होना होगा। घरों में फायर सेफ्टी उपकरण जैसे अग्निशामक यंत्र, स्मोक अलार्म और आपातकालीन निकासी योजना होना जरूरी है। इलेक्ट्रिक उपकरणों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए। ईवी चार्जिंग के लिए सुरक्षित और मानक व्यवस्था अपनानी चाहिए। स्मार्ट लॉक जैसे उपकरणों में मैनुअल ओपनिंग सिस्टम जरूर होना चाहिए।

प्रशासन को भी बिल्डिंग निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य और नियमित बनाना होगा। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष व्यवस्था करनी होगी ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य तेजी से हो सके। फायर ब्रिगेड की संख्या और संसाधनों में भी वृद्धि जरूरी है।

दिल्ली और इंदौर की घटनाएं केवल दो शहरों की कहानी नहीं हैं बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते तो ऐसे हादसे बार बार दोहराए जाएंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। आधुनिकता और सुविधा के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

# माता के तप, त्याग और साधना की अद्भुत कथा

**(माता ब्रह्मचारिणी साधना और तप की अधिष्ठात्री देवी हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि जीवन में कोई भी लक्ष्य बिना कठिन परिश्रम और धैर्य के प्राप्त नहीं होता)**

नवरात्रि का दूसरा दिन देवी दुर्गा के द्वितीय स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी को समर्पित, उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम। यह स्वरूप तपस्या, संयम, त्याग और अदम्य साधना का प्रतीक माना जाता है। 'ब्रह्मचारिणी' शब्द दो भागों से मिलकर बना है ब्रह्म' अर्थात् तप या परम सत्य, और 'चारिणी' अर्थात् आचरण करने वाली। अर्थात् जो ब्रह्म (तप) का आचरण करती हैं, वही ब्रह्मचारिणी हैं। यह रूप हमें जीवन में धैर्य, आत्मसंयम और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा का संदेश देता है। माता ब्रह्मचारिणी का स्वरूप और प्रतीकात्मकता माता ब्रह्मचारिणी का स्वरूप अत्यंत साधारण, सौम्य और तपस्विनी है। वे नंगे पैर चलने वाली, हाथ में जपमाला और कमंडल धारण किए हुए दिखाई देती हैं। उनका यह स्वरूप बाहरी आडंबर से दूर रहकर आत्मिक शक्ति की ओर संकेत करता है। जपमाला साधना और ध्यान का प्रतीक है, जबकि कमंडल तप और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके मुख पर दिव्य तेज और शांति का भाव होता है, जो साधना के उच्चतम स्तर को दर्शाता है। माता ब्रह्मचारिणी की कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, पूर्व जन्म में माता ब्रह्मचारिणी का जन्म राजा हिमालय के घर पुत्री के रूप में हुआ था, जिनका नाम पार्वती था। बचपन से ही उनका मन भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए समर्पित था। देवर्षि नारद ने उन्हें शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या का मार्ग बताया। इसके बाद माता पार्वती ने घोर तपस्या आरंभ की। उन्होंने हजारों वर्षों तक कठिन व्रत और संयम का पालन किया। प्रारंभ में उन्होंने फल-फूल खाकर जीवन व्यतीत किया, फिर केवल पत्तों पर रहने लगीं। अंततः उन्होंने अन्न और जल का भी त्याग कर दिया। उनकी इस कठोर तपस्या के कारण उन्हें 'अपर्णा' नाम से भी पुकारा गया, जिसका अर्थ वह जिसने पत्तों तक का त्याग कर दिया। उनकी तपस्या इतनी प्रबल थी कि देवता, ऋषि और स्वयं ब्रह्मा भी प्रभावित हुए। अंततः भगवान शिव उनकी इस कठोर साधना से प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। यही तपस्विनी पार्वती नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी के रूप में पूजी जाती हैं।

माता ब्रह्मचारिणी साधना और तप की अधिष्ठात्री देवी हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि जीवन में कोई भी लक्ष्य बिना कठिन परिश्रम और धैर्य के प्राप्त नहीं होता। उनका स्वरूप आत्म-नियंत्रण, त्याग और संकल्प की शक्ति का प्रतीक है। उनकी आराधना से भक्तों को मानसिक शांति, आत्मबल और दृढ़ता प्राप्त होती है। यह माना जाता है कि जो साधक सच्चे मन से माता ब्रह्मचारिणी की पूजा करता है, उसे अपने जीवन के संघर्षों में सफलता मिलती है और उसके मार्ग की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा विशेष विधि से की जाती है। भक्त प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं और माता की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप, धूप और फूल अर्पित करते हैं। उन्हें शक्कर, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया जाता है, जो दीर्घायु और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माता ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयों से घबराकर पीछे हटना नहीं चाहिए। निरंतर प्रयास, संयम और विश्वास के साथ हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज के भौतिकवादी युग में, जहां लोग त्वरित सफलता की चाह रखते हैं, माता ब्रह्मचारिणी हमें धैर्य और साधना का महत्व समझाती हैं। निष्कर्षत, माता ब्रह्मचारिणी केवल एक देवी स्वरूप नहीं, बल्कि जीवन की उस साधना का प्रतीक हैं, जो हमें आत्मबल, शांति और सफलता की ओर ले जाती है। उनकी कथा हमें यह प्रेरणा देती है कि यदि संकल्प अडिग हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

**संजीव ठाकुर**

# किस्सागोई: जो समय से परे जाकर मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है

**किस्सागोई: जहाँ जीवन स्वयं अपना अर्थ लिखता है**

जब भीतर की अनुभूतियाँ शब्द बनकर फूट पड़ती हैं और कल्पना समय की दीवारों को लाँघकर दूर-दूर तक अपनी छाया बिखेर देती है—तभी किस्सागोई का असली जादू आकार लेता है। 20 मार्च इसी अदृश्य, गहरे असर वाली परंपरा को समझने और महसूस करने का दिन बन जाता है। यह किसी औपचारिकता का क्षण नहीं, बल्कि उस अनकही विरासत का उजागर होना है, जो हर इंसान के भीतर चुपचाप साँस लेती है। हर व्यक्ति अपने अनुभवों का एक चलता-फिरता दस्तावेज़ है, जिसमें हँसी, पीड़ा, उम्मीद और संघर्ष की अनगिनत परतें दर्ज रहती हैं। किस्सागोई इन्हीं परतों को आवाज़ देती है, उन्हें अर्थ प्रदान करती है और उन्हें साझा करने का साहस भी जगाती है। यही वह कला है, जो मनुष्य को उसके एकांत से बाहर लाकर उसे साझा संवेदनाओं की गहराई से जोड़ देती है।

जब स्मृतियाँ खुलती हैं और नजर अतीत में उतरती है, तो साफ समझ आता है कि कहानियाँ कभी कागज़ों में बंद नहीं रहीं—वे दिलों में जन्मी और वहीं पली-बढ़ीं। कभी दादी की धीमी आवाज़ में आँगन से उठती हुई, तो कभी यात्राओं के साथ दूर तक फैलती हुई, उन्होंने पीढ़ियों को जोड़े रखा। इन कथाओं में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को समझने की गहरी सीख छिपी रहती थी—जीने, परखने और बदलने की। समय बदला, माध्यम बदले, पर कहानी की आत्मा हमेशा जीवित रही। आज भी जब कोई बुजुर्ग पुराना किस्सा सुनाता है, तो वह अतीत के साथ वर्तमान को भी रोशनी देता है। यही कारण है कि किस्सागोई पूरी मानवता की साझा विरासत बन जाती है।

जब कोई कहानी आकार लेती है, तो वह महज़ शब्दों की श्रृंखला नहीं रहती, बल्कि अनुभवों का पुनर्जन्म बन जाती है। कथावाचक अपने भावों को भाषा देता है और एक साधारण घटना भी श्रोता के भीतर नया संसार जगा देती है। इसलिए एक प्रभावी कथा सुनते समय हम केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि उसका हिस्सा बन जाते हैं—दृश्य उभरते हैं, पात्र अपने लगते हैं और घटनाएँ स्मृतियों में बस जाती हैं। यही गुण कहानी को साधारण संवाद से अलग बनाता है; वह हमारी सीमित सोच को विस्तार देकर हमें दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ देती है।

जब समय की रफ्तार पर नजर जाती है, तो स्पष्ट दिखता है कि किस्सागोई ने अपना रूप बदल लिया है। अब कहानी सिर्फ सुनाई नहीं जाती, बल्कि देखी और महसूस भी की जाती है—डिजिटल माध्यमों के जरिए कई स्तरों पर। छोटी-सी प्रस्तुति भी उतनी ही गहराई से मन को छू सकती है, जितनी कभी लंबी कथा छूती थी। फिर भी, बदलते रूपों के बीच मानवीय जुड़ाव का मूल तत्व अडिग है। तकनीक ने विस्तार और गति दी है, पर संवेदना की गहराई जस की तस बनी हुई है। यही वजह है कि एक सशक्त कहानी आज भी मन को झकझोरकर सोच और दिशा दोनों बदल सकती है।

जब इतिहास के पन्ने खुलते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कहानियाँ कभी मात्र समय बिताने का साधन नहीं रहीं—वे बदलाव की पहली चिंगारी भी रही हैं। किसी विचार को जब कथा का रूप मिलता है, तो वह सीधे दिलों तक पहुँचता है और लोगों के भीतर गहराई से जगह बना लेता है। एक साधारण घटना भी जब कहानी बनती है, तो वह समाज के सामने एक ऐसा दर्पण रख देती है, जिसमें लोग अपनी कमियाँ भी देख पाते हैं और अपनी संभावनाएँ भी। यही कारण है कि कई बार एक कहानी किसी बड़े परिवर्तन की शुरुआत बन जाती है या किसी व्यक्ति को अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने का साहस दे देती है। यह असर किसी आदेश या उपदेश से कहीं अधिक गहरा होता है, क्योंकि कहानी मन और भावनाओं के बीच सीधे संवाद स्थापित करती है।

जब हम इस दिन के संदर्भ में स्वयं को देखते हैं, तो एक सवाल भीतर उभरता है—हम अपनी कहानियों के साथ क्या कर रहे हैं? क्या हम उन्हें चुपचाप भीतर दबाकर रखते हैं, या उन्हें साझा कर किसी और के जीवन को छूने की कोशिश करते हैं? हर व्यक्ति के पास कुछ ऐसा जरूर होता है, जो किसी के लिए सीख बन सकता है, किसी के लिए प्रेरणा या किसी के चेहरे पर एक हल्की-सी मुस्कान ला सकता है। इस दिन का सार तभी समझ में आता है, जब हम अपने संकोच को पीछे छोड़कर अपने अनुभवों को अभिव्यक्ति देते हैं। यह अभिव्यक्ति चाहे किसी मंच पर हो, किसी आत्मीय बातचीत में या शब्दों में दर्ज होकर—हर रूप में अपने आप में मूल्यवान होती है।

जब सीमाएँ धुंधली पड़ती हैं और मन एक-दूसरे से जुड़ने लगते हैं, तब किस्सागोई अपना असली रूप दिखाती है। यह वह सेतु है, जो समय, संस्कृतियों और व्यक्तित्वों के बीच की दूरियों को सहजता से पाट देता है। यह हमें एहसास कराती है कि भले ही हमारे रास्ते अलग हों, हमारी संवेदनाएँ कहीं न कहीं एक ही धागे से बंधी हैं। एक कहानी कहना या सुनना, दरअसल एक ऐसी साझा यात्रा पर निकलना है, जहाँ हम अपने भीतर के अंधेरों को पहचानते हुए उजाले की ओर बढ़ते हैं। 20 मार्च हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आवाज़ में भी वह सामर्थ्य है, जो किसी के जीवन में बदलाव ला सकती है। इसलिए अपने शब्दों को थामिए, उन्हें अर्थ दीजिए और अपने किस्सों को खुलकर जीने दीजिए—क्योंकि हर कहानी में कहीं न कहीं किसी और की अधूरी कहानी को पूरा करने की ताकत छिपी होती है।

**कृति आरके जैन**

# संपादकीय

## डिजिटल आराम, मानसिक तनाव- कहाँ फंस गया इंसान?

**[ जितनी सुविधाएं, उतनी उलझनें—आधुनिक जीवन का सच ]**

**[ सुविधाओं का जाल: आसान जीवन क्यों मुश्किल बनता जा रहा है? ]**

आज के युग में हर तरफ सुविधाओं का बोलबाला है। एक क्लिक में खाना, कपड़े, मनोरंजन सब घर बैठे मिल जाता है। स्मार्टफोन, ऐप्स और इंटरनेट ने जीवन को इतना सरल बना दिया है कि लगता है जैसे पुरानी मुश्किलें हमेशा के लिए गायब हो गई। लेकिन क्या सचमुच जीवन आसान हो गया है? या यही सुविधाएं एक जाल बनकर हमें उलझा रही हैं? जहां पहले लोग खुद मेहनत करके काम करते थे वहां आज मशीनें और सेवाएं सब संभाल रही हैं। फिर भी तनाव, चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोधाभास इसलिए है क्योंकि सुविधाएं हमें आराम देती हैं लेकिन साथ ही हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को चुरा लेती हैं। वास्तव में यह जाल इतना मजबूत है कि निकलना मुश्किल हो गया है। हम सुविधाओं के गुलाम बन चुके हैं और यही वजह है कि आसान जीवन मुश्किल से भी ज्यादा बोझिल लगने लगा है। तकनीक ने हमारे जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव जैसे शब्द का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सुबह उठते ही मोबाइल की स्क्रीन पर नजर डालना और रात को उसी रोशनी में सो जाना अब दिनचर्या बन चुका है। पहले जहां लोग बाजार जाकर सामान खरीदते थे, वहीं अब हर चीज घर के दरवाजे तक पहुंच जाती है। इस बदलाव ने मेहनत को कम जरूर किया है, लेकिन शारीरिक सक्रियता भी लगभग समाप्त कर दी है। नतीजा मोटापा, कमजोर इम्यूनिटी और बीमारियां। इसके साथ ही, लगातार आने वाली सूचनाओं ने हमारे दिमाग को इतना व्यस्त कर दिया है कि हम शांत होकर सोचने की क्षमता खोते जा रहे हैं। हर निर्णय के लिए तकनीक पर निर्भरता हमें आत्मनिर्भर बनाने के बजाय और अधिक असहाय बना रही है। मानसिक स्वास्थ्य के स्तर पर यह समस्या और भी गंभीर रूप ले चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया ने तुलना की ऐसी आदत पैदा कर दी है, जिससे हम हर समय खुद को दूसरों से कमतर आंकने लगते हैं। 'कुछ छूट न जाए' का डर हमें लगातार स्क्रीन से जोड़े रखता है। पहले जहां मनोरंजन का अर्थ किताबें पढ़ना या दोस्तों के साथ समय बिताना था, वहीं अब अंतहीन स्क्रॉलिंग ही खुशी का माध्यम बन गई है। यह आदत नींद खराब करती है, एकाग्रता घटाती है और अवसाद बढ़ाती है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित है क्योंकि वे बचपन से ही इस जाल में फंसे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सुविधाओं पर निर्भरता बढ़ने से आत्मसम्मान कम होता है और रिश्ते टूटते जा रहे हैं। तात्कालिक सुख देने वाली ये सुविधाएं दीर्घकालिक शांति को छीन रही हैं, जिससे जीवन का संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

सामाजिक संबंधों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। पहले पड़ोसियों से बातचीत, परिवार के साथ समय बिताना और सच्चे मिलन जीवन का हिस्सा थे। आज वही रिश्ते मोबाइल स्क्रीन में सिमट गए हैं। हम हजारों लोगों से ऑनलाइन जुड़े हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अकेलापन बढ़ता जा रहा है। बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद कम हो गया है क्योंकि हर कोई अपनी-अपनी दुनिया में व्यस्त है। भावनाओं का आदान-प्रदान अब इमोजी तक सीमित रह गया है। इस दूरी ने रिश्तों की गहराई को कमजोर कर दिया है और एक अदृश्य अकेलेपन को जन्म दिया है, जो धीरे-धीरे मानसिक तनाव का कारण बन रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी सुविधाओं का यह विस्तार हमें भारी पड़ रहा है। हर सुविधा की एक कीमत होती है–चाहे वह सब्सक्रिप्शन हो, डिलीवरी चार्ज हो या लगातार अपग्रेड्स की जरूरत। छोटे-छोटे खर्च मिलकर एक बड़ा आर्थिक बोझ बन जाते हैं। पहले जहां घर का खाना सस्ता और पौष्टिक होता था, वहीं अब बाहर का खाना महंगा और अक्सर अस्वास्थ्यकर होता है। नौकरी में भी सुविधाएं बढ़ने से प्रतिस्पर्धा इतनी तेज हो गई है कि आराम का समय खत्म हो गया है। सुविधाओं की आदत हमें ऐसी जीवनशैली की ओर ले जाती है, जहां बिना इनके रहना कठिन लगता है। यही कारण है कि कई लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर खर्च करने लगते हैं, जिससे आर्थिक असुरक्षा और तनाव बढ़ता है।

पर्यावरण के संदर्भ में यह समस्या और भी व्यापक हो जाती है। हर सुविधा के पीछे संसाधनों की खपत और प्रदूषण की एक लंबी कहानी छिपी होती है। ऑनलाइन ऑर्डर के साथ आने वाली प्लास्टिक पैकेजिंग, तेज डिलीवरी के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहन और बढ़ती ऊर्जा खपत ने प्रकृति पर भारी दबाव डाला है। हम अपनी सुविधा के लिए जिन संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, उनकी भरपाई प्रकृति के लिए संभव नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज का आराम भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकट बनता जा रहा है।

हालांकि इस स्थिति से बाहर निकलना असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए जागरूकता और संतुलन जरूरी है। हमें यह समझना होगा कि सुविधाएं हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए हैं, न कि हमें नियंत्रित करने के लिए। समय-समय पर डिजिटल दुनिया से दूरी बनाना, खुद छोटे-छोटे काम करना और वास्तविक जीवन के रिश्तों को महत्व देना जरूरी है। यदि हम तकनीक को एक साधन के रूप में उपयोग करें और उसे अपने जीवन का केंद्र न बनने दें, तो हम इस जाल से काफी हद तक मुक्त हो सकते हैं। संतुलित जीवनशैली ही वह रास्ता है, जो हमें सच्चे सुख और संतोष की ओर ले जा सकता है। यह स्पष्ट है कि सुविधाओं का संसार जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही जटिल भी है। यह हमें तात्कालिक आराम जरूर देता है, लेकिन धीरे-धीरे हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को कमजोर कर देता है। अगर हम समय रहते इस विरोधाभास को नहीं समझ पाए, तो आसान दिखने वाला जीवन और भी कठिन होता जाएगा। इसलिए अब समय है कि हम ठहरकर सोचें, अपनी प्राथमिकताओं को समझें और सुविधाओं के इस जाल से खुद को संतुलित तरीके से बाहर निकालने का प्रयास करें–तभी जीवन वास्तव में आसान और सार्थक बन सकेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# सावधान! सोशल मीडिया तबाह कर रहा है बचपन

हाल ही में बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का उल्लेख राज्यसभा में किया गया। राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार, 2022 में भारत में लगभग 13,000 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की, जो 2013 की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या है। यही नहीं आज भारत में कुल आत्महत्याओं में लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी विद्यार्थियों की है। याद रहे 4 फरवरी को गाजियाबाद में 12, 14 और 16 वर्ष की तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि यह घटना ऑनलाइन खेलों की लत से जुड़ी थी। आज इंटरनैट के जमाने में हर चीज मोबाइल फोन पर उपलब्ध होने के कारण सोशल मीडिया का महत्व बहुत बढ़ गया है और लोग बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे जहां उपयोगी जानकारी मिलती है वहीं इस पर उपलब्ध अनुचित और अश्लील सामग्री बच्चों के लिए हानिकारक भी सिद्ध हो रही है। स्कूल हो या घर, हर जगह बच्चे मोबाइल का इस्तेमाल करते रहते हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों की मानसिक स्थिति पर बुरा असर डाल रहा है और बच्चों में नींद की कमी भी देखी गई है। यह बच्चों में डिप्रैशन, चिंता और तनाव उत्पन्न करने का कारण भी बन रहा है। भारत में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोगकर्ताओं में लगभग एक-तिहाई किशोर हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में 2010 के बाद किशोरों में अवसाद और आत्महत्या के मामलों में तेज वृद्धि देखी गई, ठीक उसी समय जब एक कंपनी फेसबुक ने युवाओं को आक्रामक रूप से अपने मंच की ओर आकर्षित करना शुरू किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अधिक समय बिताने के कारण बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है तथा माता-पिता के साथ उनकी दूरी एवं स्वभाव में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ने के साथ-साथ एकाग्रता में कमी आ रही है। सोशल मीडिया की लत से बच्चों को बचाने की खातिर आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, मलेशिया, स्पेन, नार्वे, जर्मनी, इटली व चीन तथा चंद अन्य देशों ने भी बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। इसी सिलसिले में फ्रांस सरकार ने भी 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की कवायद शुरू कर दी है। देश की नैशनल असैम्बली ने इससे संबंधित बिल को स्वीकृति दे दी है। इसे देश में 1 सितम्बर, 2026 से शुरू होने वाले आगामी शिक्षा सत्र से लागू कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि अक्सर बच्चों को व्यस्त रखने या उनका ध्यान भटकाने के नाम पर बहुत कम उम्र में ही उनके हाथों में टैबलेट और मोबाइल फोन दे देते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के लगभग 27 प्रतिशत किशोरों में सोशल मीडिया प्लेटफार्म की लत के लक्षण दिखते हैं। इसके साथ-साथ पढ़ाई में गिरावट, चिंता और आत्मविश्वास की कमी भी देखी जा रही है। उन्होंने सदन में कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार महानगरों में लगभग 33 प्रतिशत बच्चे साइबर उत्पीड़न का सामना करते हैं। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, किशोरों से जुड़े हिंसक अपराधों की हिस्सेदारी 2016 में 32 प्रतिशत थी, जो 2022 तक बढ़कर लगभग 50 फीसदी के करीब पहुंच गई। आपको बता दें कि फ्रांस ने 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और विद्यालयों में मोबाइल फोन पर भी रोक लगाई है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया बैन लगाने के कड़े फैसला लिया गया ऑस्ट्रेलिया ने इसे 16 वर्ष से कम आयु तक सीमित किया है। हाल ही में इंडोनेशिया ने भी किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई है और ऐसा करने वाला वह एशिया का पहला देश बन गया है। स्पेन और जर्मनी भी इसी दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।फ्रांस के राष्ट्रपति 'इमैनुएल मैक्रों' का कहना है कि 'हमारे बच्चों के दिमाग बिकाऊ नहीं हैं। बच्चों की मानसिक और भावनात्मक सेहत को उन कम्पनियों के भरोसे पर नहीं छोड़ा जा सकता जिनका उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना है।' 'डेनमार्क' की प्रधानमंत्री 'मेटे फ्रेडिरकसन' ने भी कहा है कि, 'हमने एक राक्षस को जन्म दिया है जो बच्चों से उनका बचपन छीन रहा है।'

वहीं स्वीडन के कोरोलिंस्का इंस्टीट्यूट ने ऑरेगन हेल्थ एंड साइंस यूनिवर्सिटी के साथ यह स्टडी की. स्टडी के दौरान रिसर्चर ने देखा कि बच्चे कितने समय तक अलग-अलग डिजिटल एक्टिविटी करते हैं. स्टडी में भाग लेने वाले बच्चों ने एवरेज 2.3 घंटे टीवी या ऑनलाइन वीडियो देखे, 1.4 घंटे तक सोशल मीडिया यूज किया और 1.5 घंटे तक वीडियो गेम्स खेलें. इन सारी एक्टिविटीज में से केवल सोशल मीडिया के यूज के कारण उन्हें अंटेशन से जुड़ी दिक्कतें आई. शोधार्थी का कहना है कि सोशल मीडिया के कारण बच्चों की ध्यान क्षमता कम हो रही है. भारत में पहले से ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण ढांचा मौजूद है, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अभिभावकों की सत्यापित सहमति जैसे प्रावधान हैं। लेकिन हमें इससे आगे बढ़कर सोशल मीडिया कंपनियों को और अधिक जवाबदेह बनाना होगा। बता दें कि पिछले कुछ समय से भारत में नाबालिगों द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री देख कर बलात्कार जैसी वारदातें करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं

23 अक्तूबर, 2025 को 'जोधपुर' (राजस्थान) में 3 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की जांच करने से पता चला कि उसने वारदात करने से पहले 15-20 अश्लील वीडियो देखे थे। 6 फरवरी, 2026 को 'बदायूं' (उत्तर प्रदेश) के 'दातागंज' में 8 और 14 साल की उम्र के 2 लड़कों को मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखने के बाद एक 6 साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया।13 फरवरी, 2026 को 'रीवा' (मध्य प्रदेश) में कुरकुरे दिलवाने के बहाने अपनी 6 वर्षीय बहन से बलात्कार करने के आरोप में एक 14 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया।7 मार्च, 2026 को हाथरस (उत्तर प्रदेश) में जंगल में चारा लेने गई चौथी क्लास की छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील सामग्री देखने के आदी 2 लड़के बेर देने अपने साथ ले गए और उससे बलात्कार कर डाला। दोनों लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया है।इस तरह की घटनाओं को देखते हुए 6 मार्च, 2026 को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सरकारों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा कदम उठाने वाले ये देश के पहले 2 राज्य बन गए हैं। आंध्र व कर्नाटक सरकारों द्वारा उक्त प्रतिबंध लगाने से बच्चों के चारित्रिक पतन को किसी सीमा तक रोकने में सहायता मिलेगी। सरकार की ओरसे करवाए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 10-15 साल के 96 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते थे और उनमें से 10 में से सात हानिकारक कंटेंट के संपर्क में आए थे. इसमें महिलाओं के प्रति नफरत और हिंसक सामग्री के साथ-साथ खाने की बीमारियों और आत्महत्या को बढ़ावा देने वाला कंटेंट भी शामिल था. अब तक 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैन लागू करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, ट्विच, एक्स, यूट्यूब, किक और रेडिट शामिल हैं. ऐसे में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए यह कदम बहुत ही सराहनीय है.अतः सभी राज्यों में इस तरह के कानून को तुरंत सख्तीपूर्वक लागू करने और उस पर अमल सुनिश्चित करवाने की जरूरत है, ताकि बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खड्डा में हिंदू नव वर्ष पर भव्य कलश यात्रा, श्रद्धा और उत्साह का दिखा संगम



**खड्डा, कुशीनगर।** चैत्र रामनवमी के प्रथम दिन खड्डा नगर पंचायत में हिंदू नव वर्ष के स्वागत को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जटाशंकर पोखरे से शुरू हुई इस यात्रा में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत खड्डा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा एवं सपा नेता अमर जायसवाल के नेतृत्व में निकली इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवाओं, हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं, महिलाओं और कन्याओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा जटाशंकर पोखरे से प्रारंभ होकर आजाद चौक, मेन मार्केट, फल मंडी चौराहा, खड्डा थाना, सुभाष चौक और शास्त्री नगर होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करती रही। यात्रा के दौरान भक्तगण जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। नगर भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा पुनः जटाशंकर पोखरे पहुंची, जहां दोपहर करीब 3 बजे विधिवत समापन किया गया। इस दौरान खड्डा पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

### चैत्र नवरात्रि पर भव्य भक्ति संध्या व लेजर शो 23 मार्च को

**देवरिया।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले में 23 मार्च को भव्य 'भक्ति संध्या' और 'लेजर शो' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से मां देवरही माता मंदिर परिसर में आयोजित होगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों को नवरात्रि और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जिले की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायिका अंजलि शुक्ला और उनकी टीम द्वारा भक्ति संध्या व देवी जागरण प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। विशेष लेजर शो के माध्यम से देवरिया के इतिहास, संस्कृति और सभ्यता की झलक आधुनिक तकनीक के जरिए प्रस्तुत की जाएगी, जिससे लोगों को अपनी विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### हरिवंशपुर में 'जल अर्पण दिवस' समारोह संपन्न, विधायक रमापति शास्त्री ने किया शुभारंभ



**टिकरी (गोंडा)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरिवंशपुर गांव में आयोजित 'जल अर्पण दिवस' समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर गांव को निर्मित 125 केएल क्षमता की पानी की टंकी का लाभ मिलने की घोषणा की गई, जिससे करीब 1700 की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने बताया कि इस योजना से गांव के लगभग 12 राजस्व मजरों के लोगों को सीधे तौर पर स्वच्छ पेयजल का लाभ मिलेगा। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए लोगों से जल का सदुपयोग करने की अपील की।समारोह में विधायक ने ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार पांडेय सहित पांच लोगों को जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन कृष्णकांत धर दुबेदी ने किया। इस मौके पर अवर अभियंता हर्षित मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे, प्रधान संजय मौर्य, पार्वती, अरविंद सिंह, बाबूलाल शास्त्री, लल्ला मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, अशोक पाठक, नीबर चौबे, पी के, अभय पाठक,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ चिरईहवाँ में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

● - नारायणी तट से लाया गया गंगाजल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कुशीनगर।** जनपद के विकास खण्ड विशुनपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिरईहवाँ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण आश्रम में एक भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। वर्ष 2012 में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पश्चात् पिछले 14 वर्षों से सांसारिक जीवन से विरक्त होकर तपस्या में लीन रहे परम पूज्य श्री श्री 108 त्यागी संत शिवपूजन दास जी महाराज के सानिध्य में पुनः इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कलश पद यात्रा यज्ञ स्थल ग्राम चिरईहवाँ से निकली, जिसमें हाथी, घोड़ा, रथ, ट्रैक्टर-ट्रॉली व कारों का काफिला शामिल रहा। यात्रा अरनहवा, जंगल टोला, सिसहन, कोठिलवा और भैरोगंज होते हुए जटहां बाजार पहुँची, जहां व्यापारी एवं समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत कर जलपान कराया। इसके पश्चात यह कलश यात्रा चंपारण जिले के पिपरासी स्थित नारायणी नदी तट पर पहुंची, जहां विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया गया। पूजन के बाद कलश में पवित्र गंगाजल भरकर जयकारों के साथ श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल की ओर लौटे।

यज्ञ स्थल पर पहुंचकर विधिवत कलश स्थापना की गई, जिससे महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान हाथी-घोड़े, डीजे और भक्तिमय संगीत ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते नजर आए। कलश यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। यात्रा के दौरान पडरौना कोतवाली पुलिस की टीम लगातार तैनात रही और पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था संभाले रही, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा इलाका आस्था और उत्साह के रंग में सराबोर हो गया। इस यात्रा में राकेश गोस्वामी, दुधनाथ भारती सहित क्षेत्र के सम्मानित जनता एवं माताएं एवं बहने शामिल रही।

### धूमधाम के साथ निकला शतचंडी महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया स्थित काली माता मंदिर पर आठ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम के प्रथम दिवस बृहस्पतिवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस दौरान यज्ञ मंडप से 151 कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लिए गाजे-बाजे के साथ मां बनैलिया रोहिन बैराज पहुंची जहां यज्ञाचार्य पुरोहित पंडित राहुल मिश्रा द्वारा मंत्रोपचार के साथ कलश में जल भरा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू उर्फ लल्लू पासवान, विजय कुमार चौरसिया, राज अग्रहरी, मोहन वर्मा, भोला चौधरी, भगवती चौधरी, छेदी यादव, राम अवध साहनी, राजू तिवारी, केशव चौधरी, जयप्रकाश वर्मा, राम चंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सहजनवां में मनोनीत सभासदों का भव्य सम्मान, विधायक प्रदीप शुक्ल ने दिया विकास का मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर/खजनी।** सहजनवां विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक सरोकार का एक महत्वपूर्ण आयोजन देखने को मिला, जहां विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल ने अपने आवास पर तीनों नगर पंचायतों के नवमनोनीत सभासदों को आमंत्रित कर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान कुल 9 सभासदों को माल्यार्पण कर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष उनवल इंद कुमार निगम भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सभी सभासदों को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सम्मानित होने वाले सभासदों में नगर पंचायत सहजनवां से श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती गीता शुक्ला और गौरव गुप्ता, नगर पंचायत घघसरा बाजार से ध्रुव चंद गौंड, राजेश कुमार त्रिपाठी और राम जनक मौर्य, तथा नगर पंचायत उनवल से शिव कुमार शाह, लालबाबू साहनी और अभिमन्यु तिवारी शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल ने कहा कि मनोनीत सभासदों की जिम्मेदारी केवल पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनसेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आशा जताई कि सभी सभासद अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देंगे और जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# खजनी में दिनदहाड़े सनसनी: धारदार हथियार से पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला, पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** जनपद के खजनी थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद न केवल इलाके में दहशत फैल गई, बल्कि पुलिस और स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लमती निवासी 22 वर्षीय रजत त्रिपाठी पुत्र कुसमाकर त्रिपाठी पर गांव के ही कुछ लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावर अरविंद तिवारी, जयनारायण तिवारी, हरिओम तिवारी और बजरंगी तिवारी गोलबंद होकर पिस्टल, लाठी-डंडा और भुजाली जैसे धारदार हथियारों से लैस होकर पहुंचे और रजत पर ताबड़तोड़ वार करने लगे।

बताया जा रहा है कि हमले के दौरान एक हमलावर ने रजत की गर्दन पर भुजाली से वार किया। रजत ने किसी तरह खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान उसके हाथ पर गहरा वार हुआ, जिससे हाथ की नसें कट गईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अपने बेटे को बचाने के लिए जब पिता कुसमाकर त्रिपाठी आगे आए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनकी आंखों में गंभीर चोट आई। घटना के बाद घायल पिता-पुत्र ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। मजबूरी में दोनों घायल अवस्था में खुद ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी पहुंचे, जहां उन्हें ताला लटका मिला। इस लापरवाही से आक्रोशित पिता-पुत्र ने पुलिस और स्वास्थ्य व्यवस्था को कोसते हुए किसी तरह जिला अस्पताल की ओर रुख किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस प्रशासन पहले से ही सख्ती बरतता तो इतना बड़ा हमला नहीं होता। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल कर रख दी है।

# टीनशेड शौचालय की छत पर मिला नग्न युवक का शव, गगहा के रावतपार में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला - गोरखपुर-** गगहा (रावतपार)गुरुवार सुबह गगहा थाना क्षेत्र के रावतपार गांव में एक रहस्यमयी और सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां टीनशेड शौचालय की छत पर करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक का नग्न शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

**सुबह शौचालय जाते समय दिखा भयावह दृश्य**

सुबह करीब सवा छह बजे राजेंद्र यादव की आटा चक्की के पीछे बने शौचालय की ओर जा रहे उनके बेटे रामप्रताप यादव उर्फ साहब की नजर अचानक छत पर पड़ी। वहां नग्न अवस्था में युवक का शव पड़ा था। खुली आंखें और हाथ में कंडोम का पैकेट देखकर वह दहशत में आ गया और तुरंत डायल 112 पर सूचना दी।

**हाईवे किनारे मिली लाश, बढ़ी रहस्य की परतें**

घटनास्थल गोरखपुर-वाराणसी हाईवे से महज 20 मीटर दूर है। रातभर हाईवे पर आवाजाही के बावजूद इस घटना का किसी को भनक नहीं लगना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर फेंका गया है।

**पुलिस और डॉग स्क्वायड ने जुटाए अहम सुराग**

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, क्षेत्राधिकारी बांसगांव अनुज सिंह और प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की गई। डॉग स्क्वायड की मदद से करीब 25 मीटर दूर एक गुल्लर के पेड़ के खोखले हिस्से से जींस पैंट और टी-शर्ट बरामद हुई, जिसे मृतक का कपड़ा माना जा रहा है।

**नग्न शव और कंडोम पैकेट ने बढ़ाई उलझन**

युवक के हाथ में मिला कंडोम पैकेट और नग्न अवस्था इस पूरे मामले को और ज्यादा संदिग्ध बना रही है। पुलिस प्रेम प्रसंग, ब्लैकमेल, बदला या गैंगवार जैसे सभी एंगल पर जांच कर रही है।

**शिनाख्त नहीं, गुमशुदगी से जोड़ने की कोशिश**

अब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**एसपी बोले—हर एंगल से हो रही जांच**

एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी ने बताया कि मामला संदिग्ध है और हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और फॉरेंसिक जांच के आधार पर जल्द खुलासा करने का दावा किया गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया नौतनवां ब्लाक का औचक निरीक्षण

●निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**रतनपुर/महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार सिंह व डीसी मनरेगा गौरवेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को नौतनवां ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की बारीकी से जांच की और कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने बीडीओ कार्यालय, मनरेगा सेल, एडीओ कार्यालय तथा सभागार कक्ष व परिसर में स्थित विरासत वृक्ष आदि का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए दस्तावेजों की जांच की तथा कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखने पर सम्बंधित अधिकारियों को जोर दिया। सीडीओ ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सीडीओ ने आवास, शौचालय, स्वयं सहायता समूह समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को तत्काल पूरा करने तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कूड़ा भंडारण को लेकर आरआरसी सेंटर का प्रयोग करें। साथ ही सामूदायिक शौचालय की निरंतर साफ-सफाई, पंचायत भवन का निरंतर संचालन व विरासत वृक्ष के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों में कोताही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र, एडिओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, एपीओ शशिकांत, एडिओएजी मुनीर आलम, सीएमफेलो विजय मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर-खजनी मार्ग बीच नगवा में भीषण सड़क हादसा: तीन घायल, एक की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के गोरखपुर-खजनी मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। गीडा थाना क्षेत्र के नगवा के पास हुए इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पल्सर बाइक सवार गुलशन साहनी सड़क पर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद ट्रेलर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बाई ओर भागने के प्रयास में दूसरी बाइक सवार को भी रौंद दिया। इस दौरान होंडा साइन बाइक पर सवार विजय कुमार ट्रेलर के नीचे आ गए, जिससे उनके हाथ पीस गए और गंभीर चोटें आई। हादसे में विजय कुमार पुत्र अश्वनी कुमार, निवासी बेलघाट हनुमान मंदिर, गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पल्सर सवार गुलशन साहनी पुत्र बिक्रम, निवासी गीडा, और उनके साथी धीरज साहनी को भी चोटें आई, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दोनों घायलों ने निजी क्लिनिक में उपचार कराया और बाद में घर चले गए।

घटना की सूचना मिलते ही गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल ट्रेलर (नंबर UP 84 AT 3222) को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। गंभीर रूप से घायल विजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद नियंत्रित किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उक्त मामले को लेकर गिडा थाना के सियूजी पर सम्पर्क किया गया ,लेकिन फोन नही उठाया गया , हलाकि गोरखपुर में स्थानीय पुलिस मीडिया से वर्जन देने मव कतरा रही है ।

# गीडा की वुड प्लाई फैक्ट्री में भीषण आग, मशक्कत के बाद आग पर काबू- प्रशासन की निगरानी में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के गीडा औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-13 स्थित एक वुड प्लाई फैक्ट्री में गुरुवार को अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री से उठती लपटें व काले धुएं का गुबार आसमान तक पहुंच गया, जो कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई देता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन फैक्ट्री में लकड़ी और प्लाईवुड जैसे ज्वलनशील पदार्थों की अधिकता के चलते आग तेजी से फैल गई। कुछ ही मिनटों में आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। समय रहते कर्मचारियों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसे पूरी तरह नियंत्रित करने में काफी समय लगा।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहजनवा और गीडा थाना प्रभारी (SHO) भी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन द्वारा एहतियातन आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि न हो सके। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन फैक्ट्री में भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग बुझने के बाद ही वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा सकेगा। प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस फैक्ट्री में पहले भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यह घटना एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और मानकों के पालन पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती नजर आ रही है।

# प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटिया धाम से धूम धाम से निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा** – प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटिया धाम हनुमान जी के मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर हथिया गढ़ से सिंगार घाट तक कई हजार भक्तो के साथ धूम धाम से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा मे मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओ संग पहुंच कर कलश यात्रा को सफल बनाया।कलश यात्रा के दौरान भक्तो द्वारा जय श्री राम जी के गगनचुम्बी नारों से गुजाय मान कर कलश यात्रा को मनोरम बनाया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान प्रतिनिधि हथिया गढ़ मनीष पाण्डेय ने बताया कि यह कलश यात्रा मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूम धाम से विधि विधान से पूजन अर्चन कर कई हजार भक्तो द्वारा गुरुवार को सुबह कलश यात्रा निकाला गया है जो कि हथिया गढ़ कोटिया धाम मंदिर से निकाल कर सिंगार घाट पहुंच कर पूजन अर्चन किया गया और शुक्र वार से प्रतिदिन मंदिर प्रांगण मे सुबह से पूजन का कार्यक्रम होगा और शाम को अयोध्या धाम से पधारे महराज जी द्वारा (कथावाचक )द्वारा संगीत मयी कथा का प्रवचन का कार्यक्रम होगा28 मार्च को कार्यक्रम के समापन के अवसर पर भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ कलश यात्रा मे आए हूए विधायक जी के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं भक्त गणो का आभार व्यक्त कर कथा के समापन के अवसर पर भंडारा एवं प्रसाद वितरण के दिन प्रसाद ग्रहण के लिए ज्यादा से ज्यादा भक्तो को आने के लिए निवेदन किया है।इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनकापुर यूपी सिंह,ब्लॉक प्रमुख छपिया नीलू पाशवान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल, विक्रम प्रसाद वर्मा पप्पू शुक्ला,एडवोकेट प्रवीन मिश्रा,पूर्व प्रधान पप्पू सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,नंदन श्रीवास्तव, सुनील वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना ध्यक्ष छपिया प्रबोध कुमार मय फ़ोर्स मौजूद रहे।

# दो बाइक के आमने-सामने के टक्कर में चार घायल, हालत गंभीर

●दुर्घटना में किसी का हाथ-पैर टूटा तो किसी के सिर में आई गंभीर चोट, स्थिति नाजुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित पेड़ारी चौराहे से करीब सौ मीटर पूरब बुधवार की देर शाम दो बाइक के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाईक सवार कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी निवासी पिता-पुत्र ग्यासुद्दीन पुत्र नसरूल्लाह (45) व अरजुल्लाह पुत्र गयासुद्दीन (16) बुधवार की देर शाम नौतनवां के तरफ से वापस अपने घर आ रहे थे कि सामने से एक ही बाइक पर सवार होकर नौतनवां के तरफ जा रहे थाना क्षेत्र के रेहरा निवासी शाहिद अली पुत्र अकबर अली (18) व संदीप पासवान पुत्र गंगा पासवान (18) से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। उक्त टक्कर में दो बाइक पर सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के मदद से सभी घायलों को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं शिवपुरी निवासी पिता पुत्र ग्यासुद्दीन व अरजुल्लाह को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। साथ ही रेहरा गांव निवासी शाहिद अली व संदीप पासवान के परिजन नेपाल के पकलिहवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां हालत दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि किसी पक्ष से अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुआ है ऐसे में तहरीर मिलने कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने दिया भाईचारे का संदेश कराया रोजा इफ्तार



**बरेली**/भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने दिया भाईचारे का संदेश रमजान की कडी में पत्रकारों को रोजा इफ्तार कराया गया यह यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द के तहत ब्लॉक कार्यालय में स्थानीय पत्रकारों के साथ बैठकर इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया इसके लिए प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार के साथ संपन्न कराया गया यहां पर उपस्थित हीरालाल गंगवार नजमुल हसन अंसारी रियाज अहमद अंसारी शाहिद अल्वी बाबू बक्स अफजाल अहमद अंसारी सुमित कुमार कश्यप भानु प्रताप वर्मा हरि ओम गंगवार समेत अनेकों मीडिया कर्मी इस रोजा इफ्तार पार्टी में सम्मिलित हुए सभी ने भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार को इस तरह ने कार्य के लिए बधाई दी।

### नगर निगम परिसर में रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान




**बरेली**/लिव फॉर अदर्स बीइंग हेल्पफुल संस्था एवं नगर निगम बरेली के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम परिसर बरेली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देशन में आयोजित किया गया। संस्था उत्तर प्रदेश राज्य कॉर्डिनेटर एवं ब्रांड एंबेसडर मोहित शर्मा ने शिविर को सुचारू रूप से संचालित किया। रक्तदान करने वालों में स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य एवं निगम कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानु प्रताप सिंह एवं अपर नगर स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न कराया गया। रक्तदान करने वालों में सुमित शर्मा, देव, मुन्ना सिंह,फिलिप आदि सहित 8 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए जिला रक्तकोष टीम से जन संपर्क अधिकारी मनोज शर्मा, डॉ अमित, डॉ आयुष, एलटी छाया, विवेक, अंकित, संतराम,वेदराम,कुलदीप आदि ने सुरक्षित रक्तदान कराया। निगम अधिकारियों ने सभी को रक्तदान करने के फायदे एवं लाभों से अवगत कराया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### भाजपा नगर कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



**टूण्डला-** भाजपा नगर कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा सचिन जैन को जिला संयोजक (सह सोशल मीडिया) भाजपा जिला फिरोजाबाद, वीरेंद्र प्रताप सिंह को सह मीडिया प्रभारी तथा योगेंद्र चौहान को जिला सदस्य बनाए जाने पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष आजाद जैन एवं समस्त भाजपा पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री संजय परमार ने सचिन जैन को पटका एवं माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह में दीपक राजोरिया, सुशील पौनिया, दुष्यंत जादौन, संजय परमार, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, राहुल जैन, विपिन जैन, विश्वनाथ प्रताप सिंह, रामतीर्थ चक, राजेश अग्रवाल, मनीष जैन, रुपेश शुक्ला, देवेंद्र बेनीवाल, ब्रजपाल सविता, राजीव मल्होत्रा, अनिल गुप्ता, सुनील पाठक सहित भाजपा के जिला व नगर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सी.जी.एन. पी. जी. कॉलेज गोला में एन एस एस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज गोला खीरी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (18 मार्च से 24 मार्च, 2026) का उद्घाटन ग्राम पंचायत गोला देहात सचिवालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं इकाई द्वितीय द्वारा प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के आशीर्वाद से राष्ट्रीय योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार यादव के सचालन में मुख्य अतिथि श्रीमती रेनू मिश्रा उपजिलाधिकारी न्यायिक गोला खीरी एवं विशिष्ट अतिथि राजेश गिरि प्रधान गोला देहात ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रथम सत्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप श्रीमती रेनू मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य कार्यो पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि राजेश गिरि जो महाविद्यालय के पूर्व में छात्र रहे है इन्होंने अपने समय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में प्रतिभाग का जिक्र करते हुए प्रधान पद पर पहुंचने, प्रधान की कार्यविधियों एवं पंचायत राज व्यवस्था की कार्य प्रणाली से स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को परिचित कराया एवं स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत साफ-सफाई में योगदान दिया। भोजन अवकाश के उपरान्त द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विश्वनाथ ने पंचायतराज व्यवस्था एवं एक्ट के विषय में जानकारी प्रदान की। प्रश्नोत्तरी सत्र में पंचायतराज से सम्बन्धित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा, डॉ. अशोक कुमार, देवानन्द, डॉ. योगश कनौजिया, डॉ. अरूण कुमार सिंह, शैलेन्द्र एवं स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थिति रही।

## शॉर्ट सर्किट से बीज भंडार में आग, लाखों का नुकसान

**सिंगाही खीरी।** कस्बे के बस स्टॉप स्थित बी के एंटरप्राइजेज की बीज भंडार दुकान में दोपहर करीब 12:30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा बीज और कृषि दवाएं जलकर नष्ट हो गई। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। बुधवार को ग्राम सिंगहा खुर्द निवासी वीरेंद्र निषाद की सिंगाही बस स्टाप स्थिति बंद दुकान से धुआं उठता देख पास में मौजूद मोटरसाइकिल पार्ट्स विक्रेता अमर गुप्ता ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि आपकी दुकान से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शटर खोलकर देखा तो दुकान में रखा सामान जल रहा था। जब तक वह कुछ समझ पाए तब तक दुकान के अंदर रखा सामान जलकर राख हो चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, घटना के बाद आसपास के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

# रुचि सैनी बनी मांडलिक मंत्री, अमित बने मीरगंज के अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली ।** गांधी उद्यान में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली की जिला कार्यकारणी द्वारा खुली बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया गया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा बरेली मंडल में मांडलिक मंत्री की जिम्मेदारी रुचि सैनी को दी गई ।रुचि सैनी पूर्व में उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुकी है।उन्हें शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई पुरस्कारों से पुरस्कृत भी किया जा चुका है।उनसे आशा है वो शिक्षक हित में संगठन के लिए एक बार पुनः अच्छा कार्य करेगी। समस्त पदाधिकारियो द्वारा उनका माल्यार्पण किया गया । खुली बैठक में मीरगंज ब्लॉक के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार ने सर्वसहमति से मीरगंज की ब्लॉक इकाई का गठन किया।जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार ,ब्लॉक मंत्री आनंद प्रकाश शर्मा,कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इफ्तिखार अहमद, संयुक्त मंत्री सुमित गंगवार, उपाध्यक्ष विजय पाल सिंह,महिला उपाध्यक्ष सरला एवं महिला संगठन मंत्री रूपवती गंगवार रही।जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार द्वारा बताया गया कि संगठन शिक्षकों की समस्याओं को जिले से प्रदेश स्तर तक उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में जिला मंत्री गिरजेश कुर्मी, जिला संगठन मंत्री अतुल सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार,संगठन मंत्री मोनिका गुप्ता, अरविंद चौधरी, नफीस मोहम्मद खां, अजय कुमार, विश्वजीत सिंह, अंकित गुप्ता,भारत वीर ,नितिन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# सिंगहा खुर्द और कस्बे में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा इलाका।

**●कलश यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं,कन्याएं और भक्त जन मौजूद रहे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** ग्राम सिंगहा खुर्द व कस्बे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यात्रा का शुभारंभ आचार्यो द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद किया गया। ग्राम सिंगहा खुर्द में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे आचार्य प्रयागदत्त शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिविधान से पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ कराया।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं और कन्याओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधानों से सुसज्जित महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे और जयघोष के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकलीं। यात्रा के दौरान पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा और जगह-जगह ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया।कलश यात्रा गांव से होते हुए मोतीपुर जौरहा नदी तट पहुंची, जहां विधिपूर्वक पूजा कर श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरा। इसके बाद महिलाएं और कन्याएं पुनः यज्ञशाला पहुंचीं, जहां विधिविधान से कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह श्रद्धामय बना रहा।आयोजन के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। छोटे-बड़े सभी लोग कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए और पूरे गांव में मेले जैसा माहौल रहा। आयोजन को सफल बनाने में प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए भी ग्रामीणों ने मिलकर जिम्मेदारी निभाई। प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में यज्ञ एवं धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी,जिसमे दिन में रामलीला और रात में कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुगण बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाये।

# यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 में देरी पर हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव में देरी को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने सरकार से सवाल पूछा कि समय सीमा के भीतर चुनाव क्यों नहीं करवाए जा रहे हैं? क्या वह संवैधानिक समयसीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे या नहीं। यह सुनवाई अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर हुई। याचिका में मांग की गई थी कि पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया के लिए समयबद्ध कार्यक्रम पहले से तय कर रिकॉर्ड पर रखा जाए।

**पंचायत चुनाव से पहले गठित होगा OBC आयोग**

योगी सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में हलफनामा दाखिल कर बताया था कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग का गठन किया जाएगा। इसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत सीटों पर आरक्षण तय होगा, जिसके बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। मामले की सुनवाई जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में दाखिल एक याचिका में मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाता था कि वर्तमान आयोग को स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण निर्धारण का कानूनी अधिकार नहीं है। इसके जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया कि नया समर्पित आयोग गठित कर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। अभी तक हक्रष्ट आयोग गठन पर कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

**सरकार में ही उठ रहे दो सुर**

पंचायत चुनाव 2026 को लेकर सरकार के भीतर ही अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। एक तरफ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चुनाव समय पर होने को मुश्किल बता रहे हैं, वहीं पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर का कहना है कि चुनाव तय समय पर ही कराए जाएंगे। इन बयानों के बाद सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# ज्वलंत समस्या:गैस को लेकर लोग परेशान

**● धौरहरा में 'गैस' का अकाल, कालाबाजारी बेमिसालः गरीब की थाली पर माफिया का पहरा!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गैस एजेंसियों की मनमानी और कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों ने धौरहरा की जनता का जीना मुहाल कर दिया है। रसूखदारों को 'होम डिलीवरी' और गरीब उपभोक्ता को एजेंसी के गेट से 'नो स्टॉक' का ठप्पा दिखाकर भगाया जा रहा है। 5 किलो वाले उपभोक्ताओं के साथ भद्दा मजाकः एजेंसी से दुत्कार, ब्लैक में 'खुलेआम' व्यापार! छोटे सिलेंडर वाले मजदूर और गरीब तबके के लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। एजेंसियों पर गैस खत्म है, लेकिन कस्बे की दुकानों पर 120 रुपये प्रति किलो के 'लूट रेट' पर जितनी चाहें गैस ले लीजिए। आखिर ये खेल किसकी शह पर चल रहा है? नौ रात्रि और ईद के उल्लास पर भारी पड़ी किल्लतः बीवियों की 'चिक-चिक' और जेब पर डाका! त्योहार के मौके पर भी प्रशासन मौन है। मजबूर उपभोक्ता अपनी पत्नियों की नाराजगी से बचने के लिए खून-पसीने की कमाई को कालाबाजारियों के हवाले कर 120 रुपये किलो गैस खरीदने को मजबूर हैं। दोहरी मारः न सिलेंडर में गैस, न चूल्हे के लिए लकड़ी! गैस की कमी का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया ने भी दाम आसमान पर पहुंचा दिए हैं। गरीब जाए तो जाए कहां? क्या पेट्रोलियम मंत्रालय की सप्लाई सीधे ब्लैक मार्केट के गोदामों में उतर रही है?

5. तहसील राजस्व विभाग की 'कुंभकर्णी' नींदः क्या अवैध दुकानों का पता नहीं या कमीशन का खेल है?

कस्बे में 4-5 दुकानें सरेआम पेट्रोलियम विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या अधिकारियों को इन 'अवैध अड्डों' की जानकारी नहीं, या जानबूझकर आंखें मूंद ली गई हैं? भ्रष्टाचार की पराकाष्ठाः उपभोक्ताओं की लाइन और रसूखदारों की 'साठ-गांठ'.....सुबह से शाम तक लाइन में लगकर खाली हाथ लौटने वाले उपभोक्ताओं का सब्र अब जवाब दे रहा है। नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि सारा खेल मिलीभगत का है, जहां सरकारी गैस को निजी मुनाफाखोरी की भेंट चढ़ाया जा रहा है। क्या आप चाहते हैं कि इस मुद्दे पर उच्च अधिकारियों (DM या पूर्ति निरीक्षक) को भेजने के लिए एक औपचारिक शिकायती पत्र का ड्राफ्ट तैयार किया जाए?

# न खेत न बही, जो पुलिस कहे वही सही

**● लखीमपुर में 'फर्जी मुठभेड़' की साजिश का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम पीरपुर निवासी एक लाचार पिता ने पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर एक निर्दोष राजमिस्त्री को 'इनामी बदमाश' बताकर उसे फर्जी मुठभेड़ में मारने की साजिश रची। अब पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री से लेकर आलाधिकारियों तक न्याय की गुहार लगा रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

पीरपुर निवासी लल्लन के अनुसार, उनका पुत्र अच्छन बाबू पेशे से राजमिस्त्री है। घटना 11 मार्च 2026 की है, जब अच्छन अपने भाई हाशिम और एक अन्य साथी के साथ लखीमपुर शहर के पटेलनगर से काम खत्म कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में नीमगांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने उन्हें बिना बताए हिरासत में ले लिया।

**परिजनों के संगीन आरोप**

परिजनों का कहना है कि गिरफ्तारी के 7 घंटे तक पुलिस ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी। जब काफी खोजबीन के बाद मुख्यमंत्री और पुलिस महानिरीक्षक को ट्वीट कर शिकायत की गई, तब जाकर पुलिस ने छोटे बेटे हाशिम के फोन से परिजनों को गिरफ्तारी की जानकारी दी।

**पीड़ित पिता द्वारा उठाए गए मुख्य सवाल**

इनाम की कहानीः पुलिस का दावा है कि अच्छन बाबू पर 50,000 रुपये का इनाम था। पिता का सवाल है कि यदि वह इतना बड़ा अपराधी था, तो पुलिस ने कभी घर पर दबिश क्यों नहीं दी? वह रोज शहर में खुलेआम काम कैसे कर रहा था? लोकेशन का खेल परिजनों का आरोप है कि अच्छन को शाम 6 बजे लखीमपुर शहर से पकड़ा गया, जबकि पुलिस ने गिरफ्तारी 20 किमी दूर बांछेपारा गांव से रात में दिखाई है। साथ ही नाजायज असलहा और कारतूस की बरामदगी को भी पूरी तरह फर्जी बताया जा रहा है।

साजिस या इत्तेफाक?* घटना से दो दिन पहले कुछ लोग सादी वर्दी में घर आए थे, जिन्होंने आधार कार्ड और फोटो लिए थे। आरोप है कि यह सब एक 'फर्जी एनकाउंटर' की रूपरेखा तैयार करने के लिए किया गया था। 'मेरे बेटे को प्रमोशन के लालच में फंसाया गया है। फरधान पुलिस, नीमगांव पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर यह घटिया कृत्य किया है। हम मांग करते हैं कि पुलिसकर्मियों के मोबाइल लोकेशन की जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके। 'लल्लन (पीड़ित पिता)

**जांच की उठ रही मांग**

पीड़ित परिवार ने इस पूरे प्रकरण में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस ने जिस आरोपी के बयान पर अच्छन को पकड़ा है, वह पूरी तरह निराधार है। ग्रामीणों में भी पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराता है या 'खाकी' का रसूख सच्चाई पर भारी पड़ता है।

## लाईवुड फैक्ट्री में बाल मजदूरी का खुलासा, पुलिस की दबिश में तीन हिरासत में

**● नहीं रहा पुलिस का खौफ कब लगेगा बाल श्रम पर रोक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी** थाना खमरिया क्षेत्र के मूसेपुर का बाल श्रम मजदूरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मेहताब और निहाल द्वारा एक प्लाईवुड मशीन पर छोटे-छोटे बच्चों से काम कराया जा रहा था।मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओ पी राय ने अपनी पुलिस टीम के साथ फैक्ट्री पर दबिश दी। पुलिस को मौके पर बच्चे काम करते मिले, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया गया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका चालान कर दिया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है मामले की गंभीरता को दर्शाता है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल मजदूरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। संबंधित विभाग को अलग से जांच भेजी जाएगी

# कन्हैया इंटर कॉलेज के दो छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**●अथर्व ने 11वीं और खुशी ने 49वीं रैंक लाकर प्रवेश परीक्षा में सफलता पाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मितौली खीरी कन्हैया इंटर कॉलेज, बेहजम के प्राथमिक विभाग के दो छात्रों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन छात्रों में अथर्व जायसवाल आल ओवर 11वीं रैंक (पुत्र अतुल जायसवाल, माता पूनमलता जायसवाल) और खुशी आल ओवर 49वीं रैंक (पुत्री लुकमान, माता सदर जहां) शामिल हैं। अथर्व जायसवाल, कन्हैया इंटर कॉलेज, बेहजम के प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल के पुत्र हैं। प्राथमिक विभाग के प्रधानाचार्य श्याम किशोर शुक्ला ने छात्रों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर अथर्व और खुशी को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विद्यालय छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। प्रबंधक अनिल कुमार वर्मा ने इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और अथर्व तथा खुशी के उज्वल भविष्य की कामना की। खुशी की माता सदर जहां ने अपनी बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय के शिक्षकों तथा प्रधानाचार्य का आभार जताया। अथर्व के पिता अतुल जायसवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि उनका बेटा भविष्य में भी इसी तरह कड़ी मेहनत करेगा। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता पिता को दिया है

# महाविद्यालय के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा ।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोण्डा के परिसर में सत्र 2025-26 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन रहीं, जिन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सुश्री वर्षा सिंह एवं सचिव श्री उमेश शाह ने भी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का किया गया निरीक्षण



दिनांक-19.03.2026 को अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं- पेशी ,अपराध शाखा, डीसीआरबी, आईजीआरएस सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा,आंकिक शाखा एवं अन्य शाखा कार्यालयों व परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अभिलेखों के बेहतर रखरखाव एवं साफ-सफाई तथा कार्यालय शाखा में कार्यरत पुलिसकर्मियों को सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन व कार्यालयों की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### तखत ग्रुप ने भाजपा के नवनियुक्त पार्षदों का किया भव्य स्वागत

**नगर विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में हुआ सम्मान समारोह, विकास कार्यों को गति देने पर जोर**




ललितपुर। नगर में तखत ग्रुप द्वारा भारतीय जनता पार्टी से नगर पालिका के नवनियुक्त नामित पार्षदों के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में प्रमुख रूप से मनोहर यादव दाऊ, जगभान राजपूत एवं डा. तेजस श्रीवास्तव का फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सभी पार्षदों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के यह सभी पार्षद नगर के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए नगर को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर मज्जू सोनी, ट्विंकल हुण्डैत, सुदामा मिश्रा, विद्या मालवीय, रामकोटि, पार्षद अफ़जुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, राजीव चौबे, मनीष पटाका, प्रभाकर शर्मा, विजय शर्मा, मिंटू सिंघई, अजय जैन, अज्जू जैन, लक्ष्य किलेदार एवं रामदास मुंशी नन्ना सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ हुआ।

### तेज र तार ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर गंभीर घायल, चालक समेत कई पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में तेज र तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टौरिया थाना बार निवासी विमला पत्नी जीवन ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च 2026 की शाम करीब 7.30 बजे उनके पति जीवन मजदूरी करके मोटरसाइकिल से ललितपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान झिरिया नहर चौराहे के पास तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर चालक संतोष पुत्र ननुआ अहिरवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके पति का हाथ और पैर टूट गया तथा शरीर में गंभीर चोटें आई। घायल को तत्काल उपचार के लिए झांसी के चिरंजीवी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना में संतोष के साथ देवेन्द्र, अनंदी और केशपाल भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अवैध गांजा तस्करी में लिप्त चार अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जनपद के रास्ते अवैध गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के दो पुरस्कार घोषित सहित कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से तीन बैंग में 28 किग्रा 362 ग्राम गांजा, 6000/- नगदी गांजा विक्री का, 04 अदद एन्ड्रायड मोबाइल एक अदद मारुति सुजुकी कार बरामद किया गया है। अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के पूर्णतया रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 19.03.2026 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान लालानगर टोल से चकवा मार्ग (वहद थाना गोपीगंज) से जनपद के रास्ते अवैध गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के 04 अभियुक्तगण अभियुक्तगण 1.धीरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र दयाराम पटेल उर्फ गया प्रसाद पटेल निवासी चकहौदा थाना सरांयममरेज प्रयागराज उम्र लगभाग 32 वर्ष 2.मुकेश कुमार पटेल पुत्र राजपति पटेल निवासी ननकापूरा थाना सरांय इनायत जनपद प्रयागराज उम्र लगभाग 30 वर्ष, 3. श्याम कुमार भारतीया पुत्र रामबहादुर भारतीया उर्फ कल्लू निवासी मसाढ़ी थाना सरांयममरेज जनपद प्रयागराज उम्र लगभाग 23 वर्ष, 4. आशीष पटेल पुत्र स्व0 विजय बहादुर पटेल निवासी फतेहपुर माफी थाना फूलपुर प्रयागराज उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से तीन बैंग में 28 किग्रा 362 ग्राम गांजा, ?6000/- नगदी गांजा विक्री का, 04 अदद एन्ड्रायड मोबाइल एक अदद मारुति सुजुकी कार *बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0-113/2026 धारा 08/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त मुकेश कुमार पटेल पुत्र राजपति पटेल व श्याम कुमार भारतीया पुत्र रामबहादुर भारतीया पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा क्रमशः 5000/- व 25000/- का गिरफ्तारी हेतु इनाम (पुरस्कार) घोषित किया गया था। गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि इस कार में गांजा है पुलिस को देखकर पकड़े जाने के डर से एकाएक गाड़ी से उतर कर हम लोग भागना चाहे की हम चारों लोगों को पकड़ लिया गया तथा एक मेरा साथी आलोक पटेल पुत्र रतन सिंह निवासी चकहौदा थाना सरायममरेज प्रयागराज जो गाड़ी को चला रहा था गाड़ी से कूदकर भाग गया। हम लोगो के द्वारा इस गाड़ी से गांजा का क्रय विक्रय हेतु ले गये थे। गाड़ी के मालिक का नाम अरूण कुमार पुत्र दयाराम निवासी चकहौदा थाना सरायममरेज प्रयागराज है। वह अपनी सहमति से अपनी गाड़ी दिया था तथा गांजा क्रय विक्रय के बाद हुए लाभ में बराबर बराबर हम सभी लोग हिस्सा लेते है। कार की डिग्गी में तीन बैग में कुल 27 पैकेट गाजा है।जिसे छत्तीसगढ़ प्रान्त से सस्ते दामों में खरीद कर लाते है तथा गांजा को विशाल पटेल पुत्र विरेन्द्र पटेल, अरविन्द पटेल पुत्र लल्ले निवासीगण चकहौदा थाना सरायममरेज प्रयागराज को बेच देते है। हम लोगो के पास से बरामद गांजा इन्ही लोगो ने मंगाया था। हम लोग छत्तीसगढ़ से गांजा सस्ते दाम पर खरीदकर लाते है तथा मंहगे दामो में बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते है तथा हम सभी लोग मुनाफा के पैसे से आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी सुख सुविधा प्राप्त करते है एवं ऐशो-आराम की जिन्दगी व्यतीत करते है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल व दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा अभियान

● अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधितों की होगी अहम भागीदारी- डीएम

● संचारी व दस्तक अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भदोही :- जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया, दिमागी बुखार आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी डीघ को निर्देश दिया कि गंगा के किनारें सभी गॉवों का अभियान चलाकर दूषित पानी वाला सेलों हैण्डपम्पों का ग्राम पंचायत अधिकारियों से चिन्हित कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने नगर पंचायतों में हैण्डपम्पों की पानी टेस्टिंग कराने के साथ-साथ ओवर हेड टैंको की सफाई कराये। सभी अधिकारियों को यह भी हिदायत दी की पिछले वर्ष से बेहतर कार्य कराये। संचारी अभियान में जो भी कार्य करायें व्हाट्एप्प ग्रुप में भेजें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह में माईक्रोप्लान जिला मलेरिया अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि 28 अप्रैल तक सभी कार्ययोजना स्वास्थ्य कार्यालय में भेजना सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आई0सी0डी0एस0, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की के संबंध में कार्यवाही करें। बैठक मे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, परियोजना निदेशक आदित्य कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडे, , जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे संबंधित चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

## डीएम, एसपी ने अभियोजन कार्यो, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यो की समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भदोही:- जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से की गई। बैठक में डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता,अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकार्ड सहित आबकारी,खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने एपीओ व शासकीय अधिवक्ताओं को पुलिस विवेचना में जो कमी या समस्या दर्शित हो उसे व्हाट्सएप पर डिटेल लिख दें, जिस पर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि व्यक्ति को लगे चोटों की फोटो, वीडियो इत्यादि बना ले, जिससे चोट की गंभीरता व ग्रेविटी का स्पष्ट पता चल सके साथ ही उसको केस डायरी में भी अंकित करें। जिलाधिकारी ने कोर्ट केस रजिस्ट्रेशन, बेल/जमानत निस्तारण, केस डिस्पोजल, लिपिकीय आपत्तियों, अपील/रिवीजन, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, फाइनल आर्ग्युमेंट, गवाहों की उपस्थिति एवं परीक्षण, तथा अभियोजन स्वीकृति से संबंधित प्रकरणों की प्रगति का गहन परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंभीर अपराधों—विशेषकर महिला एवं बालिका उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार, गैंगस्टर, पोक्सो, शस्त्र अधिनियम, दहेज मृत्यु, अपहरण आदि के वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिकाधिक प्रकरणों में राज्य सरकार के पक्ष में सजा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायालय में गवाहों की अनुपस्थिति या शिथिल पैरवी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। सभी अभियोजन अधिकारी नियमित समन्वय स्थापित कर गवाहों की समय से उपस्थिति व परीक्षण सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विवेचकों को निर्देशित किया कि चार्जशीट समयबद्ध ढंग से न्यायालय में प्रेषित की जाए तथा लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। अभियोजन एवं पुलिस के मध्य समन्वय को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या, निस्तारित वादों की स्थिति तथा सजा/रिहाई के अनुपात की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक अभियोजन अधिकारी अपने-अपने न्यायालय में लंबित गंभीर प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर पैरवी करें। साथ ही अपील योग्य मामलों में समय से अपील/रिवीजन दायर करने के निर्देश दिए गए। अवैध खनन, आबकारी, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, संपत्ति जब्तीकरण तथा जिलाबदर की कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में त्वरित चिकित्सीय परीक्षण, पीड़िता को विधिक सहायता एवं मुआवजा दिलाने हेतु समन्वित कार्रवाई पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अभियोजन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियोजन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मासिक समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन/जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), विशेष लोक अभियोजक, समस्त सहायक शासकीय अधिवक्ता, संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, स्कूल वाहनों व यातायात नियमों के कड़ाई से पालन करने का निर्देश

● भदोही में सड़क सुरक्षा पर सख्तीः डीएम-एसपी ने दिए कड़े निर्देश स्कूल वाहनों की जांच होगी अनिवार्य, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाईः डीएम

● दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए प्रशासन सख्त, ओवरलोड व अवैध वाहनों पर चलेगा अभियान ब'चों की सुरक्षा सर्वोपरिः स्कूल बसों में स्टाफ तैनाती के निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भदोहीः- जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में सेव लाइव फाउण्डेशन की कार्य समिति के बिंदुओं पर बल दिया गया। कट पर चढ़ने के लिए या उतरने सर्विस लेन पर दोनो तरफ ब्रेकर बनाये जाये। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का बोर्ड लगायें, लाईट की व्यवस्था,साईनिज बोर्ड, एनएचआई / पीडब्ल्यूडी स्पीड लिमिट का बोर्ड लगाये। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी प्राइवेट स्कूलों के प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि बच्चों को ट्रान्सपोर्ट करते समय स्कूल के एक स्टाप जो रिपोन्सिबल हो उसे बसों में ड्यूटी पर लगाया जाय जो बच्चों को ले जाने एवं ले आने में बच्चों को उतरते समय या चढ़ते समय हेल्प करें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कही इस प्रकार की कोई भी दुर्घटना घटती है तो सम्बन्धित स्कूलों के प्रबन्धकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी स्कूल जो भी शासन के निर्देश है उन्हें पालन करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिला सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि निजी/प्राइवेट स्कूलो के सभी वाहन चालको के मेडिकल परीक्षण, चरित्र व ड्राइविग लाइसेंस का अभियान चलाकर शत प्रतिशत सत्यापन किया जायें। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने स्तर से पत्राचार कर सभी स्कूल प्रबन्धको को डी0एल0 व चरित्र प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु निर्देशित करे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे डग्गामार सवारी वाहनो एवं स्कूल वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो भी व्यवसायिक वाहन जनपद में संचालित है और उन पर रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट नही लगे है उनके विरूद्ध लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जायें। स्कूल में चल रहे वाहन मानक के अनुसार फिटनेस सही रहे तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कूल के बसो के गेट पर छात्र न खड़ा हों इसके लिये गेट बन्द रखा जाये तथा खिड़कियो से बच्चे हाथ व सिर न निकाल सके इसके लिये भी समुचित व्यवस्था किया जायें। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में चल रहे ओवरलोड बसो के विरूद्ध भी अभियान चलाकर कार्यवाही की जायें। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित विद्यालयो में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा विद्यालयी वाहनो में सीट क्षमता के अधिक बच्चे न बैठाये जाये ऐसे वाहन संचालित पाये जाते है तो उनके विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पी0डब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि जो भी स्कूल सड़क के किनारे स्थित है,उन स्कूलों पर गति अवरोधक ब्रेकर और बोर्ड लगाया जाए कि यहॉ स्कूल है कृपया धीरे चले एवं सावधान होकर चलें। इस तरह के बोर्ड लगाये जाएं। बैठक में एजेण्डा के अनुसार विस्तृत जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राम सिंह यादव ने सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया के दुघर्टनाओ में कमी लाये जाने हेतु यातायात विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त प्रयास किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजीव कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर ,विद्यालय के प्रबन्धगण आदि उपस्थित रहें।

# भदोही में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पर भव्य आयोजन, योजनाओं का हुआ व्यापक प्रचार-प्रसार

● महिला कल्याण विभाग के कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व सहायता सामग्री वितरितः सीडीओ सरकारी योजनाओं से बदल रही तस्वीरः 9 वर्ष की उपलब्धियों का हुआ प्रदर्शन

● कन्या सुमंगला व बाल सेवा योजनाओं पर जोर, बालिकाओं व ब'चों के भविष्य को मिल रही मजबूती जनपद में 9 दिवसीय प्रदर्शनी का दूसरा दिन, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भदोहीः- जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में आज जनपद भदोही में द्वितीय दिन ''नवनिर्माण के 9 वर्ष'' संकल्प से सिद्धि सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि, उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर आयोजित केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय प्रदर्शनी/मेला एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग, कृषि विभागद्वारा विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं अन्य सामाग्री वितरित किया गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सांस्कृतिक कलाकारों के द्वारा प्रदेश सरकार की चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को गीत के माध्यम से प्रेरित किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का मुख्य उददेश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को विकसित करना है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 महामारी का प्रकोप के जोखिम में आने वाले ऐसे सभी बच्चों, जिनके माता/पिता अथवा दोनों की कोविड-19 महामारी के संक्रमण/प्रभाव से मृत्यु हो गई है तथा इन बच्चों के कोई करीबी अभिभावक न हो अथवा होने के बाद भी वह उन्हें अपनाना न चाहें या अपनाने में सक्षम न हो, के भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना 'उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना' का मुख्य उददेश्य पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होंने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किस एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा-12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने हेतु शिक्षा प्राप्त कर रहें हो ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। योजना में 1141 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनका मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल व डीडीएजी अश्वनी सिंह ने अवलोकन किया। स्टॉलों के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कल्याण योजनाएं, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदेश सरकार की 09 वर्षों की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है, महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा कानून व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक, ई-ऑफिस लॉगिन अनिवार्य करने के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भदोही- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं के विकास कार्यो साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने अभी तक अपना ई-ऑफिस लॉगिन सक्रिय नहीं किया है, वे 2 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से अपना-अपना लॉगिन कर लें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में लॉगिन न करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग समीक्षा के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग के 14 स्वास्थ्य उप केंद्र हेतु अपने अपने तहसीलों में भूमि का चिन्हांकन एक सप्ताह में कराए साथ ही चिन्हित जमीन का प्रस्ताव कराकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यो मे प्रगति कराए बैठक में एनएच-731 नत्थईपुर रोड के किनारे भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजा वितरण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित ग्राम पंचायतों में शीघ्र विशेष कैंप आयोजित कर प्रभावित किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा वितरित कराया जाए, इसके अतिरिक्त बैठक में जनपद में संचालित विकास कार्यों, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं, जनगणना कार्य, न्यायालयों में लंबित वादों, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान एवं गोल्डन कार्ड निर्माण, दैवीय आपदा से संबंधित प्रकरणों, एसएआर फार्म रजिस्ट्री, फैमिली आईडी तथा बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर वीरेंद्र मौर्य अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह सीएमओ डॉ संतोष चक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडे, उपनिदेशक कृषि अश्वनी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## धुरंधर 2 फिल्म' पर सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस-आहत करने के आरोप



**नैनी, प्रयागराज ।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर 2' (जिसे 'धुरंधर द रिवेंज' भी कहा जा रहा है) फिल्म 'धुरंधर 2' को तत्काल रोक लगाई जाएद्य19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि फिल्म में सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचा जा रहा है द्य फिल्म में सिख किरदार द्वारा धूम्रपान किया जा रहा है फिल्म में रणवीर सिंह एक सिख किरदार (जसकीरत सिंह रंगी) की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें धूम्रपान (सिगरेट पीते हुए) करते हुए दिखाया गया है।जो धार्मिक सिद्धांतों के खिलाफ सिख धर्म में तंबाकू और धूम्रपान पूरी तरह से वर्जित है। सिखों के लिए यह एक अत्यंत पवित्र और कड़ाई से पालन किए जाने वाले नियम के खिलाफ है।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि अपमानजनक चित्रण पगड़ी पहने हुए एक सिख पात्र को धूम्रपान करते हुए दिखाना सिख धर्म के सिद्धांतों का अपमान है और यह धार्मिक रूप से असंवेदनशील है।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि तत्काल सिख समुदाय से सार्वजनिक माफी मांगे और ऐसे दृश्यों को फिल्म,पोस्टर और ट्रेलर से तुरंत हटाया जाए।

## चक फजुल्ला मोहल्ले में सीवर भस्ट होने से गंदा पानी सड़कों पर,लोगों में भारी नाराज़गी



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के मलहरा फाटक के समीप स्थित चक फजुल्ला मोहल्ले में पीडीए द्वारा कुंभ मेले के दौरान बनाई गई सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। आरोप है कि सड़क को ऊँचा-नीचा किए जाने के कारण सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे नाला जाम हो गया है। स्थिति यह है कि नाले का गंदा पानी अब मोहल्ले की सड़कों और गलियों में बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। मोहल्ले के लोगों में इस समस्या को लेकर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। स्थानीय नेता मो. तारीख ने बताया कि उन्होंने कई बार पीडीए अधिकारियों से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सीवर लाइन की मरम्मत और नाले की सफाई कराने की मांग की है।

## कर्मठ कार्यकर्ता लाल बहादुर साहू सभासद पद पर मनोनीत, क्षेत्र में हर्ष की लहर

**नैनी, प्रयागराज –** नवनिर्वाचित प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लाल बहादुर साहू जी को सभासद पद पर मनोनीत किए जाने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लगभग 40 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सेवा कर रहे लाल बहादुर साहू जी ने संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।बताया जाता है कि जिला अध्यक्ष जमुना पार राजेश शुक्ला जी के आशीर्वाद से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के इस निर्णय को कार्यकर्ताओं ने सराहनीय कदम बताया है।इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलना चाहिए, जिन्होंने वर्षों तक निष्ठा के साथ पार्टी का झंडा बुलंद किया है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर साहू जी ने कभी किसी अन्य दल का रुख नहीं किया और हमेशा भाजपा के प्रति समर्पित रहे। संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में साहू जी के निवास स्थान पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी राजेश साहू, मुकेश कुमार पाठक, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, गुलाब कुशवाहा, राणा श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इफको के रिटायर लोगों के सुंदर इतिहास को जाया नहीं जाने दूंगा- के जे पटेल

**● इफको को ऊंचे स्थान पर रखने के लिए समर्पित प्रयास करूंगा।**

**इरवा संगठन को जो संभव होगा मदद करने का प्रयास करूंगा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज –**इफको के प्रबंध निदेशक के जे पटेल ने कहा है कि इफको के अवकाश प्राप्त अधिकारियों का संस्था केलिए कर्मठता का एक सुंदर इतिहास रहा है उसे जाया नहीं होने दिया जाएगा और उसे पूरे समर्पण भाव के साथ आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। श्री पटेल इफको रिटायर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित अपनों से अपनो का मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप मे श्री पटेल ने बड़ें ही सारगर्भित और प्रेरणा दायक संबोधन में कहा कि यहां समारोह में उपस्थित सभी अवकाश प्राप्त अधिकारियों का एक सुंदर सराहनीय और प्रेरणा दायक इतिहास रहा है जिसके कारण आज इफको संस्था फर्टिलाइजर के क्षेत्र में पूरी दुनिया और अपने देश के अग्रणी और प्रतिष्ठित संस्थानों के अगली पंक्ति में स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में आकर आपके बीच में बोलने का जो अवसर मुझे मिला है उससे में अपने को न केवल गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं बल्कि भाग्यशाली भी हूँ।

उन्होंने अपने बहुत मार्मिक संबोधन के द्वारा



उपस्थित सभी अवकाश प्राप्त अधिकारियों के दिलों को छूने में सफल रहे बल्कि इफको संस्था के गौरव को बनाए रखने में विश्वाश दिलाने में भी सफल रहे। एफ एम डी आई गुणगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि इफको संस्था में जो भी अधिकारी कर्मचारी आज काम कर रहे हैं उनके द्वारा एक ही बात मुझे हर जगह सुनाई देती है कि इस संस्था का इतिहास रहा है कि इसके लीडर और लीडर शिप बड़े ही उत्तम लोगों के हाथ में रहा जो प्रेरणा के श्रोत थेजिससे यह संस्था आज यहां तक पहुंची है। मेरा भी सौभाग्य रहा कि हम भी ऐसे सुनहरा इतिहास वाले लोगों के मार्ग दर्शन में काम कर चुका हु और आप के बीच में इस पद तक पहुंचा हूँ। उन्होंने आश्वस्त करते हुए इफको के जुटे अवकाश प्राप्त अधिकारियों को आश्वस्त किया कि इफको को आगे और ऊंचाई तक ले जाने में पूरा प्रयास करूंगा जिससे आपका सुंदर इतिहास कायम रहे। प्रबन्ध निदेशक केजे पटेल का कार्य क्रम में पहुंचने पर इरवा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किय

इरवा के अध्यक्ष विश्राम त्रिपाठी और श्री गुलशन कुमार नवीन के निर्देशन में आयोजित इस कार्य क्रम में मुख्य अतिथि के जे पटेल के आलावा , योगेन्द्र कुमार - मार्केटिंग डायरेक्टर, ए के शर्मा - डायरेक्टर (टेक्निकल), देवेन्द्र कुमार - सीनियर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (फाइनेंस), आर के नागपाल - एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (आई टी सर्विसेज़), जी एन प्रसाद







- सेक्रेटरी आई ई बी टी, आई टी जी आई से पधारे सुब्राता मंडल - एम डी , डॉ एच एस मिश्रा - कंसलटेंट, पुनीत महाजन - वाईस प्रेसिडेंट आई एफ़ एफ़ डी सी से पधारी माधवी एम विप्रदास - एम डी इफ़को ऑफ़िसर्स एसोसिएशन से सौम्यजीत पाधी - प्रेसिडेंट, इफ़को इम्प्लॉयिस यूनियन से ब्रजेश कुमार - प्रेसिडेंट, इफ़को के पूर्व डायरेक्टर्स डॉ वीरेंद्र कुमार, दया कृष्ण भट्ट, वी के बाली, अरबिंदा रॉय, के एल सिंह, जी के गौतम और इफ़को एसोसिएट्स के पूर्व एम डी/सी ई ओ एस पी यादव, सी पी श्रीवास्तवा, न एस पी सिंह, उपस्थित थे। कार्यक्रम की शान बढ़ाने के लिए इरवा की नारी शक्ति की प्रतीक डॉ सीमा भारद्वाज, श्रीमती अनिता चौधरी, श्रीमती संध्या छाबड़ा, श्रीमती रितु सक्सेना और श्रीमती मोनिका बोस, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का शानदार संचालन एवं धन्यवाद भाषण नरेश कुमार कौशिक महा सचिव इरवा ने किया। यह जानकारी इरवा कार्यकारिणी के सदस्य जनसंपर्क पद्माकर त्रिपाठी ने दी।

## पुरानी रंजिश में दंपति के साथ मारपीट

**जान से मारने की धमकी, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोडा में पुरानी रंजिश को लेकर एक दंपति के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोडा निवासी संतोष पुत्र भमुन्ते ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही सिताराम, जयराम, जेवंती और देवी उनके घर आ गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर संतोष व उनकी पत्नी रामकुंवर के साथ मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने आलाकत्ल बांस का डण्डा किया बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज ।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डण्डा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना सरायइनायत में पंजीकृत मु0अ0सं0-65/26 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित अभियुक्त शैलेश कुमार (34 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय सीताराम, निवासी ग्राम पट्टीछींट (वारी) को 18 मार्च 2026 को थाना धूमनगंज क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर के पास से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त से



पूछताछ की, जिसमें उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांस का डण्डा बरामद किया गया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के नेतृत्व में सरायइनायत थाने की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में प्रशिक्षु आईपीएस ईश्वर लाल गुर्जर, थानाध्यक्ष संजय गुप्ता, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक अंकित सिंह और कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी।

## प्रयागराज साइबर थाने के प्रभारी निलंबित, विभाग में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** पुलिस महकमे से जुड़ी एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। साइबर थाना प्रभारी को विभागीय अनियमितताओं और कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य अधिकारियों में भी सतर्कता बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, साइबर थाने में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में देरी, मामलों की जांच में शिथिलता और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी जैसी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कराई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए।




जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि लापरवाही किन परिस्थितियों में हुई और इसमें अन्य कोई कर्मचारी भी शामिल है या नहीं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ किया कि दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद साइबर थाना समेत अन्य थानों में भी कार्यप्रणाली को लेकर समीक्षा शुरू कर दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाएं और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें। गौरतलब है कि साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी के बीच साइबर थाने की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में थाना प्रभारी पर की गई यह कार्रवाई पुलिस विभाग के लिए एक सख्त संदेश मानी जा रही है।

# ड्रोन तकनीक से लैस हो रहे एनसीसी कैडेट्स

**●ब्रिगेडियर ने किया शिविर का निरीक्षण।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 16 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज, नवाबगंज में आयोजित 12 दिवसीय सीओसी ड्रोन प्रशिक्षण शिविर अपने उद्देश्यों की ओर तेजी से अग्रसर है। 12 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में प्रदेश के आठ एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों के सीनियर डिवीजन (SD) और सीनियर विंग (S W) के कैडेट्स उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को आधुनिक ड्रोन तकनीक से प्रशिक्षित करना है, ताकि वे भविष्य की सैन्य



एवं नागरिक चुनौतियों का तकनीकी रूप से सक्षम होकर सामना कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को ड्रोन डिजाइनिंग, असेम्बलिंग, संचालन और उड़ान की बारीकियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। सीमित समय में ड्रोन असेंबल कर उसका सफल परीक्षण करने में कैडेट्स ने अपनी दक्षता और तत्परता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के तहत कैडेट्स को ड्रोन संचालन के सुरक्षा मानकों, निगरानी प्रणाली, आपदा प्रबंधन और रक्षा क्षेत्र में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही, हथियार प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी फायरिंग क्षमता को भी मजबूत किया जा रहा है, जिससे उनका अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। शिविर के आठवें दिन एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कंदिल ने प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान कैडेट्स ने ड्रोन फ्लाइंग का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उन्होंने कैडेट्स की सराहना की। शिविर का संचालन कैंप कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार और डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल योगेंद्र चिनवान के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर न केवल कैडेट्स को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की योग्यता और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

## प्रयागराज में वकील के घर लाखों की चोरी, CCTV में कैद हुए चोर

**●देर रात घर में घुसे बदमाश, जेवरात व नकदी लेकर फरार – पुलिस जांच में जुटी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज ।** यमुनानगर जोन अंतर्गत औद्योगिक थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। केसड़वा पुलिस चौकी के तहत महुआरी गांव में अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह के घर देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और लाखों रुपये के कीमती जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना देर रात की है जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर घर में



प्रवेश किया और अलमारी व अन्य स्थानों को खंगालते हुए लाखों रुपये के जेवरात और लगभग 30 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की खास बात यह रही कि चोरों की पूरी गतिविधि घर में लगे छ्जञ्ज्ञ्क्ष कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चोर घर के अंदर घुसते हैं और सामान लेकर तेजी से बाहर निकल जाते हैं। यह वीडियो अब पुलिस के लिए अहम सुराग बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और छ्जञ्ज्ञ्क्ष फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

## आज से देश में नवरात्रि की धूम

**मंदिरों में गूंजे जय माता दी के जयकारे**

**ललितपुर।** चैत्र माह की नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई है। ललितपुर के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में सुबह-सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। नवरात्रि के पहले दिन का उत्साह शहर भर में छाया हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। सुबह करीब 4 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए और निर्जल व्रत रखकर उनकी उपासना की। भक्तों ने मां से मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। मंदिर के पुजारी प्रकाश पंडा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा की श्रद्धा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।9

## हिंदी नववर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में हिंदी नववर्ष बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता एवं परम ब्रह्म के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गीत, कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने हिंदी नववर्ष के महत्व पर अपने विचार रखते हुए भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रमुख आचार्य द्वारा विद्यार्थियों को नववर्ष के उपलक्ष्य में




आकर्षक नववर्ष कार्ड वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी नववर्ष हमें नई ऊर्जा, नए संकल्प और भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व का भाव प्रदान करता है।उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन एवं संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हुए व्यक्ति को मिली बड़ी राहत, पुलिस ने 1.47 लाख रुपये कराए वापस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** थाना उतरांव पुलिस टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए एक व्यक्ति की पूरी धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस सफलता से न केवल पीड़ित परिवार को राहत मिली है, बल्कि आम जनता में भी पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना उतरांव क्षेत्र के ग्राम सराय इस्माइल (सदरेपुर) निवासी रामचंद्र मिश्र, पुत्र स्वर्गीय रमाकांत मिश्र के बैंक खाते से दिनांक 21 जनवरी 2026 को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी कर कुल 1,47,000 रुपये की धनराशि निकाल ली गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत NCRP (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग




पोर्टल) पर शिकायत दर्ज कराई, जिसकी शिकायत संख्या 23103260049192 है।

शिकायत प्राप्त होते ही थाना उतरांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने संबंधित बैंकिंग चैनलों के माध्यम से ट्रांजेक्शन को ट्रैक करते हुए धनराशि को समय रहते होल्ड करवा दिया। लगातार प्रयासों और समन्वय के बाद पुलिस ने पूरी धनराशि को सुरक्षित रूप से वापस कराने में सफलता हासिल की। दिनांक 19 मार्च 2026 को पूरी 1,47,000 रुपये की रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर रामचंद्र मिश्र और उनके परिजनों ने कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस तथा थाना उतरांव टीम का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक विक्की प्रसाद उपनिरीक्षक मानवेंद्र प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन से सतर्क रहें तथा साइबर ठगी होने पर तुरंत NCRP पोर्टल या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके।

# प्रयागराज के मिथुन निषाद ने कराटे में हासिल की 3rd डैन ब्लैक बेल्ट, शहर का बढ़ाया मान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** शहर के जाने-माने कराटे प्रशिक्षक एवं प्रयागराज कराटे क्लब के सचिव मिथुन निषाद ने कराटे के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जापान के टेंशिकन कराटे-डो फेडरेशन से 3ह्म्स्र डैन ब्लैक बेल्ट प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे प्रयागराज और भारतीय कराटे समुदाय के लिए गर्व का विषय बन गई है।मिथुन निषाद ने यह सफलता अपने गुरु हसरत खान के मार्गदर्शन में हासिल की। हसरत खान, जो तेंशिनकान शोटोकान रयू कराटे फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष, जापान से 9वीं डैन ब्लैक बेल्ट धारक, दक्षिण एशिया प्रमुख एवं केआईओ के एसोसिएट सदस्य हैं, ने मिथुन



को कराटे की बारीकियों में दक्ष बनाया। गुरु-शिष्य की यह मजबूत परंपरा इस उपलब्धि में साफ झलकती है।हसरत खान ने न केवल मिथुन को तकनीकी रूप से मजबूत किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए हर कदम पर मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उनके संरक्षण और विश्वास ने मिथुन को इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।3ह्म्स्र डैन ब्लैक बेल्ट हासिल करना आसान नहीं होता। यह कई वर्षों की कठोर साधना, अनुशासन, समर्पण और त्याग का परिणाम होता है। मिथुन निषाद की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और कराटे के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाती है।उनकी इस सफलता से न केवल उनका कद बढ़ा है, बल्कि वे अब अपने अनुभव और ज्ञान से सैकड़ों छात्रों को प्रेरित कर सकेंगे और उन्हें कराटे के सही मार्ग पर आगे बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर भोजपुरी फिल्म जगत के सुपरस्टार मनोज सिंह 'टाइगर' ने मिथुन निषाद को उनके 3ह्म्स्र डैन ब्लैक बेल्ट डिप्लोमा के लिए सम्मानित किया। उनका यह सम्मान मिथुन की उपलब्धि को और भी विशेष बनाता है। मिथुन निषाद की यह प्रेरणादायक कहानी यह संदेश देती है कि कड़ी मेहनत, सही मार्गदर्शन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# जोसेफ केंट के इस्तीफ़े से बुरे फँसे ट्रंप

**●व्हाइट हाउस की सफाई, लीक की जाँच।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज –**अमेरिकी नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के प्रमुख जोसेफ केंट का इस्तीफ़ा डोनाल्ड ट्रंप के लिए कितना बड़ा झटका है, यह इससे समझा जा सकता है कि अब व्हाइट हाउस सफ़ाई देता फिर रहा है। यही नहीं, वह अब उसकी तलाश करेगा जिसने ईरान पर हमले से जुड़े फ़ैसले को लीक किया। तो क्या केंट के इस्तीफ़े ने ट्रंप की पूरी पोल खोल कर रख दी है और व्हाइट हाउस की अब कार्रवाई वही संकेत देती है? केंट के इस्तीफ़े से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में बड़े स्तर पर हलचल मची हुई है। केंट का यह इस्तीफा ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य हमलों के विरोध में दिया गया है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि जो केंट का ईरान ऑपरेशन में कोई रोल नहीं था और प्रशासन अब यह जांच कर रहा है कि प्रशासन के अंदर से कोई लीक कर रहा है या नहीं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने कहा, 'जो केंट ने ईरान ऑपरेशन से जुड़ी किसी भी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया था।' उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन के मुख्य फैसले लेने वाले लोग इससे अलग हैं। व्हाइट हाउस ने केंट के इस्तीफे को लेकर उठे सवालों को कम करने की कोशिश की है और कहा है कि प्रशासन में किसी भी अनधिकृत जानकारी के लीक होने की जांच शुरू कर दी गई है। जोसेफ़ केंट ने इस्तीफा देते हुए एक्स पर मंगलवार को अपना पत्र पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा, 'मैं अच्छे विवेक से ईरान में चल रहे युद्ध का समर्थन नहीं कर सकता।' केंट का कहना था कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं पैदा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह युद्ध इसराइल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लॉबी के दबाव में शुरू किया गया। केंट ने कहा कि यह युद्ध ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे को कमजोर कर रहा है। ट्रंप ने भी केंट के इस्तीफे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा केंट को सुरक्षा मामलों में कमजोर माना था और उनका जाना अच्छी बात है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इसराइली सैन्य कार्रवाई 28 फरवरी से चल रही है। इस युद्ध में अमेरिका और इसराइल ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, नेताओं और सुविधाओं पर हमले किए हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत भी इन हमलों में हुई बताई जाती है। केंट के इस्तीफे से पहले न्यूयॉर्क पोस्ट में एक रिपोर्ट आई थी। इसमें पूर्व व्हाइट हाउस डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ टेलर बडोविच ने दावा किया कि केंट राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी लीक से जुड़े थे और वे कमांड चेन से टकराव में थे। बडोविच ने कहा कि केंट का इस्तीफा पूरी तरह स्वैच्छिक नहीं था, उन्हें हटाया जा रहा था। हालांकि व्हाइट हाउस ने इन आरोपों की पुष्टि नहीं की, लेकिन लीक की जांच को प्राथमिकता बताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदवा में संघ स्वयंसेवकों ने मनाया नव वर्ष प्रतिपदा उत्सव, सामूहिक गीत व दीप प्रज्वलन से गूंजा वातावरण



**चंदवा, झारखंडः-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड चंदवा के स्वयंसेवकों द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक गीत से हुई, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक भावना से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम में पुराने स्वयंसेवक महेंद्र प्रसाद ने नव वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को इसके सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पक्ष से अवगत कराया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को संगठन के मूल्यों पर चलने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संघ की परंपरा अनुसार प्रार्थना की गई तथा उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रामनाथ गुप्ता, दिनेश प्रसाद साहु, हरि सिंघल, धनेश प्रसाद, चंद्रभूषण केसरी, राजेश चंद्रवंशी, दिनेश कुमार साहू,, रवि पांडुरंगा, संजय गुप्ता, विनय विद्यार्थी सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। साथ ही, स्वयंसेवकों द्वारा संध्या समय शिव मंदिर परिसर में 101 दीप प्रज्वलित किए जाने का भी निर्णय लिया गया, जिसके लिए दीपक रामनाथ गुप्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में नववर्ष की उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

### हजारीबाग नया समाहरणालय में कचरे का अंबार, स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोल : हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट



**हजारीबाग, झारखंडः-**हजारीबाग के नए समाहरणालय परिसर में फैली गंदगी और कूड़ा-कचरे का अंबार स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत को उजागर कर रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां जिले के वरीय अधिकारी प्रतिदिन मौजूद रहते हैं, वहीं परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित शौचालयों की हालत भी अत्यंत खराब है। रख-रखाव के अभाव में ये शौचालय उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग को दर्शाती है, बल्कि संबंधित विभागों की लापरवाही और संभावित कमीशनखोरी की ओर भी इशारा करती है। जनता के टैक्स के पैसे से किए गए कार्यों में इस तरह की अनियमितता किसी भी सूरत में बर्दाश्त के बाहर है। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट प्रशासन से मांग करता है कि इस गंभीर मामले का अविलंब संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा समाहरणालय परिसर में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### भदपुरा संघटक राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह ने रिसर्च जर्नल का किया अनावरण

**बरेली/भदपुरा।** संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में कार्यरत राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉक्टर संतोष कुमार उपाध्याय ने अपने रिसर्च जर्नल का विमोचन प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह के द्वारा करवाया। जिसके लिए प्राचार्य ने डॉ संतोष कुमार को बधाई दी। डॉ संतोष उपाध्याय ने बताया रिसर्च न्यू इंडिया,शोध अभिनव भारत अर्धवार्षिक बहुभाषी एवं बहू विषय रिसर्च जनरल है जिसका आईएसएसएन नम्बर 3108-1002 है। रिसर्च जनरल का प्रकाशन संगठन राजकीय महाविद्यालय भदपुरा के समस्त स्टाफ के सहयोग से संपादित होगा जिसमें मुख्य संपादक डॉक्टर संतोष कुमार उपाध्याय एवं सह संपादक डॉ प्रीति गुप्ता और डॉ प्रगति सक्सेना है। इसके पहले संस्करण मे लगभग पंद्रह पेपर प्रकाशित हुए है, प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह स्वयं इस शोध पत्रिका के सलाहकार बोर्ड मे है। प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह ने सभी को इस सराहनीय कार्य के लिए शुभकामनायें दी।

# रामनवमी, ईद एवं सरहुल त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व के मद्देनज़र जिला प्रशासन, हज़ारीबाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत रात्रि लगभग 1:30 बजे दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोनहिया (झुमरा) में गश्ती के दौरान एक चार पहिया महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन से अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। वाहन में गुप्त रूप से शराब छुपाने की विशेष व्यवस्था की गई थी। छापेमारी के दौरान कुल 41 कार्टन (प्रत्येक में 48 पीस) एवं 41 प्लास्टिक बैग (प्रत्येक में 24 पीस) में पैक 180 एमएल के पेट बोतलों में सीलबंद अवैध विदेशी शराब, कुल लगभग 531.270 लीटर जब्त किया गया। इस कार्रवाई में वाहन चालक मुकेश कुमार प्रजापति एवं एक अन्य व्यक्ति महेश पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामले में संलिप्त अन्य फरार अभियुक्तों के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगहर में पहाड़ी के समीप छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर वाहन के साथ लगभग 500 लीटर अवैध स्पिरिट एवं 108 लीटर तैयार शराब जब्त की गई। साथ ही बड़ी मात्रा में खाली बोतलें, ढक्कन, लेबल, कार्टन एवं अन्य सामग्री भी बरामद की गई। इस मामले में ग्राम भगहर निवासी मुकेश यादव एवं विकास यादव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पोडो में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की हुई शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत बेलाही पंचायत के ग्राम पोडो में श्री-श्री 1008 लक्ष्मी गणेश प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और जयकारों के साथ निकली इस शोभायात्रा में 501 महिलाओं और कन्याओं ने पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ का आयोजन न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का भी कार्य करता है। धार्मिक आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि हमारा बरही विधानसभा क्षेत्र सदैव विकास और सुख-शांति की राह पर अग्रसर रहे। आयोजको ने बताया कि यज्ञाचार्य वाराणसी के श्री कृष्ण शास्त्री जी व प्रखर कथावाचिका पूज्य देवी जया शास्त्री जी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी।

**कलश यात्रा में इनकी रही उपस्थिति**

कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप सदस्या सह मंडल अध्यक्ष आरती कौशल, मुखिया मंटू सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास रजक, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, कपिल यादव, जन्मजेय सिंह, आदित्य चौरसिया, संजय सिन्हा, मधु यादव और विजय साव, यज्ञ को सफल बनाने में विजय शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, मदन किशोर शर्मा, संदीप सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, बंटी सिंह, बबली कुमार सिंह, अरविंद सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# रामनवमी व सरहुल को भव्य बनाने की तैयारी, हिंदू उत्सव समिति की बैठक में कई अहम फैसले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** बुधवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में हिंदू उत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक अनूप अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी सरहुल एवं रामनवमी पर्व को इस वर्ष और अधिक धूमधाम एवं भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। समिति ने बताया कि सरहुल पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय की विशेष व्यवस्था की जाएगी। वहीं रामनवमी के दिन 8100 लड्डू, प्रसाद एवं चरणामृत का वितरण भक्तों के बीच किया जाएगा। इसके साथ ही शोभायात्रा में शामिल सभी राम भक्तों को पांच ब्राह्मणों द्वारा तिलक लगाया जाएगा तथा कांजीबड़ा और शीतल पेय भी वितरित किया जाएगा। समिति के संस्थापक अध्यक्ष विकास मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति पिछले 11 वर्षों से रामनवमी महोत्सव को लगातार भव्य रूप से आयोजित करती आ रही है। हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच लड्डू प्रसाद का वितरण किया जाता है तथा भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों की जानकारी भी दी जाती है।

इस वर्ष आयोजन के लिए समिति ने नई कार्यकारिणी का गठन किया है, जिसमें विकास मित्तल को अध्यक्ष, राजेश विश्वकर्मा एवं नीतीश तिवारी को उपाध्यक्ष, विजय प्रसाद एवं जयप्रकाश लाल को सचिव, अनूप अग्रवाल एवं जनार्दन प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हरि सिंघल, प्रकाश अग्रवाल और अंकित कुमार को संरक्षक तथा मोहनीश कुमार, शंकर अग्रवाल एवं अमर अग्रवाल को व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर, बंदियों को दी गई कानूनी जानकारी

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कारागार में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन शैलजा मिश्रा ने शिविर के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों और विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने बंदियों की रिहाई से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिला कारागार का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार प्रशासन को मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक आशीष रंजन, कारापाल राजकुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### चैती छठ को लेकर चंदवा में तैयारियां तेज, देवनद-दामोदर तट पर श्रद्धालुओं के लिए होगी विशेष व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चैती छठ महापर्व को लेकर चंदवा में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में विवेकानंद किशोर संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक बीती रात एंबीशन कंप्यूटर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक संतोष साहू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार स्थानीय देवनद-दामोदर नदी तट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसमें साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए की जाएंगी। वहीं प्रमोद साहू ने सभी सदस्यों से जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की, ताकि आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। मोहिनीश कुमार ने युवाओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया और इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर नवल किशोर अग्रवाल, राजेश चंद्र पांडेय, गणेश चौरसिया, नरेंद्र अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, डॉ. अनिल कुमार, यमुना जायसवाल, अमित केशरी, नीतीश तिवारी, राकेश सिंह, राजन विश्वकर्मा, मनोज सिंह, सुनील कुमार, विष्णु कुमार, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### चंदवा महावीर मंदिर प्रांगण में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** बीते गुरुवार को कंचन नगरी स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ अत्यंत भव्य और श्रद्धामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर चंदवा मुख्य बाजार होते हुए देवनाथ नदी तट तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश में पवित्र जल भरकर पुनः शोभायात्रा के रूप में मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए मंदिर प्रांगण में वापसी की, जहां विधिपूर्वक कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के बाद श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी भक्तों को सुविधा मिली। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि प्रतिदिन संध्या 7 बजे से हरिइच्छा तक श्री राम कथा का वाचन किया जाएगा। इस कथा का वाचन बनारस से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक गणेश जी महाराज के श्रीमुख से होगा, जिससे क्षेत्र का धार्मिक माहौल और भी भक्तिमय हो गया है। इस भव्य आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# गैस वितरण में पारदर्शिता पर सख्त हुए उपायुक्त, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले में गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और उपभोक्ता हितैषी बनाने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गैस एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैस आपूर्ति प्रणाली को सुचारू, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों को अपने लाइसेंस अद्यतन रखने एवं उसे निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए स्पष्ट एवं अद्यतन रेट लिस्ट प्रदर्शित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में ई-केवाईसी (E-KYC) प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर बल देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं का समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एजेंसियों को उपभोक्ताओं की अद्यतन सूची संधारित रखने एवं बुकिंग नंबर को सक्रिय रखने का निर्देश दिया, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां नियमों का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराएं और किसी भी शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम सहित संबंधित पदाधिकारी एवं सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चैत्र प्रतिपदा पर स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के बराती लाल गंगाराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को चैत्र प्रतिपदा का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक को प्रणाम किया।कार्यक्रम के दौरान जिला प्रचारक अजीत ने अपना बौद्धिक प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संघ का स्वयंसेवक तप और अनुशासन से स्वयं को गढ़ता है। यही तप उसे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं से अपने भीतर सेवा, समर्पण और संस्कार के भाव को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को दिशा देने के लिए मजबूत चरित्र जरूरी है।स्वयंसेवक अपने आचरण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। छोटी छोटी जिम्मेदारियां ही आगे चलकर बड़े बदलाव का आधार बनती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज सेवा का संकल्प लिया। प्रार्थना और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक विमल ने किया। इस मौके पर नगर प्रचारक पुष्पम, एसपी दीक्षित, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह मुन्ना, सचिन रस्तोगी, इंद्रेश सिंह, उपेंद्र, मयंक सिंह, सीपी पांडेय, कैलाश बाजपेई, अनूप पांडेय, गोपालजी गुप्ता, दीपक अवस्थी, देवांश और दिव्यांश सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बकाया मानदेय मिलने से स्वस्थ सहियाओं ने विधायक स्टीफन मरांडी के प्रति जताया आभार

**●विधायक ने विधानसभा मे जोरदार ढंग से उठाया था स्वस्थ सहियाओं का मुद्दा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** झारखण्ड के प्रत्येक स्वस्थ सहिया के खाते में 24,000 रुपए बकाया मानदेय के रूप में भेजे गए । 14 महीने से अधिक समय से बकाया मानदेय को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के बाद, सरकार ने 1 साल का बकाया एकमुश्त देने का निर्णय लिया था।झारखण्ड के साथ साथ महेशपुर और पाकुड़िया प्रखंड के स्वस्थ सहियाओं ने एक साल का बकाया मानदेय राशि मिलने पर महेशपुर के लोकप्रिय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी का आभार जताया। ज्ञात हो कि चल रहे बजट सत्र के तीसरे दिन झारखंड विधानसभा में सहियाओं के मानदेय का मुद्दा विधानसभा पटल पर विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने जोरदार ढंग से रखा था। विधायक स्टीफन मरांडी ने सीधे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मईयां सम्मान योजना में 2,500 रुपए मिलते हैं, जबकि स्वास्थ्य सहियाओं को सिर्फ 2,000 रुपए मिलते हैं। उनका कहना था कि काम के हिसाब से यह सही नहीं है उन्होंने कहा कि सहिया अक्सर विधानसभा के बाहर धरने पर बैठी रहती हैं और कोरोना काल में इन लोगों ने काफी मेहनत की है। उनके मुताबिक, सहियाओं का मानदेय बढ़ाकर 10,000 रुपए किया जाना चाहिए था। उसी दिन विधानसभा मे बजट सत्र के दौरान सरकार ने एकमुश्त राशि स्वस्थ सहियाओं को देने की घोषणा की थी। जो मानदेय राशि अब स्वस्थ सहियाओं को मिल चुका है। मानदेय राशि मिलने से स्वस्थ सहिया काफ़ी खुश नजर आ रहे है और विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी का दिल से आभार व्यक्त किया।

# करमा में 20 मार्च से शुरू होगा चार दिवसीय भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, तैयारियां जोरों पर

**●सफल आयोजन के लिए बरही विधायक मनोज यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को दिया गया आमंत्रण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के करमा पंचायत अंतर्गत ग्राम करमा में 'स्वास्तिक क्लब करमा' के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चार दिवसीय भव्य रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। यह रोमांचक खेल प्रतियोगिता 20 मार्च से 23 मार्च 2026 तक चलेगी, जिसमें आसपास के गांवों की कई टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपये निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव को औपचारिक रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा है। इसके साथ ही करमा पंचायत की मुखिया देवंती देवी, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव और क्षेत्र के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम और विशेष रूप से फाइनल मैच में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। आयोजन समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रामीणों के विशेष सहयोग और खेल प्रेमियों के समर्थन से यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीण स्तर की छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का उपयुक्त मंच मिलता है, बल्कि पूरे क्षेत्र में खेल और भाईचारे की संस्कृति को भी बढ़ावा मिलता है।

# बासंतिक नवरात्र की पावन बेला में श्रद्धाभाव से भक्तों ने की मां शैलपुत्री की उपासना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नवरात्र की मंगलमयी बेला में विक्रमीय संवत् 2083 के अवसर पर मां शैलपुत्री की अर्चना भक्तों ने कलश स्थापना कर की। माता शैलपुत्री की उपासना श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्ति-भाव से पाकुड़िया प्रखंड के खजूरडंगाल सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में की। इस मंगलमयी बेला में श्रद्धालुओं ने काली, बजरंगबली, श्रीराम एवं शिव मंदिरों में भगवान-भगवती की पूजा श्रद्धा-भक्ति के साथ कर सुख-समृद्धि की कामना की। चैत्र नवरात्र की इस अति पावन तिथि पर प्रखंड के गनपूरा ग्राम स्थित काली मंदिर में माता काली की अर्चना वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्तों ने की। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर माता से मंगल कामना की। चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रखंड के फुलझिंझरी ग्राम में मां की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा निर्मित कर मां के नौ स्वरूपों का पूजन किया जाता है। हालांकि सप्तमी को मंदिर का पट खुलेगा। वर्ष प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी तथा कलियुग में सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रमीय संवत् का प्रचलन प्रारंभ किया। वर्तमान में 2083वां हिन्दू नववर्ष प्रारंभ हुआ है। इस शुभ अवसर पर पाकुड़िया में हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी जा रही हैं, वहीं संध्या के समय दीप प्रज्ज्वलित कर नववर्ष का हार्दिक अभिनन्दन किया जाएगा। यद्यपि लोग अंग्रेजी नववर्ष को एक जनवरी को ही अधिक जानते हैं, इस प्रसंग में प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि अंग्रेजी नववर्ष मनाने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, परन्तु अपने हिन्दू नववर्ष का ज्ञान होना राष्ट्रीय हित में आवश्यक है।

### नवरात्रि में सबकी खुशहाली के लिए करें आराधनाः कमलेश



**भाटपार रानी, देवरिया।** पिपरा बघेल स्थित भीष्म सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक व समाजसेवी कमलेश सिंह ने कहा कि चैत्र नवरात्रि का पर्व हर व्यक्ति के जीवन में मंगल कामनाओं का संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन से ही सनातन नववर्ष की शुरुआत होती है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है और श्रद्धालु व्रत रखकर मन व मस्तिष्क को भक्ति में लगाते हैं। रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। कहा कि यह पर्व मनुष्य में नैतिक ऊर्जा और मानवीय संवेदनाओं का संचार करता है, जिससे व्यक्ति अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मों की भावना ही जीवन में सुख-समृद्धि लाती है और जब व्यक्ति खुशहाल होता है तो समाज और देश भी समृद्ध बनता है।उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी की सुख-समृद्धि और प्रसन्नता के लिए आराधना करें।

## संक्षिप्त खबरें

### लो कंजेशन वाले मीटरों की होगी चेकिंग

**कोंच(जालौन)**- बिजली मीटर से छेड़छाड़ और बाईपास केबिल डालकर बिजली चोरी किए जाने से (लो कंजेशन) कम ऊर्जा खपत वाले मीटरों की चेकिंग के बाद उपभोक्ता पर कार्यवाही करने की तैयारी में बिजली विभाग सक्रिय हो गया है। अवर अभियंता अमन पांडेय ने एक जानकारी में बताया कि ऐसे बिजली मीटर जिनसे छेड़छाड़ की जा रही है और बाईपास केबिल डालकर बिजली की चोरी की जा रही है उनकी जांच कर कम ऊर्जा खपत होने की जानकारी सामने आने पर संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अवर अभियंता ने बताया कि उपखंड अधिकारी रविंद्र कुमार की अगुवाई में यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जनपद की विद्युत विजिलेंस टीम भी शामिल रहेगी। इस अभियान के साथ ही बकाया बिलों की राजस्व वसूली भी की जाएगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली चोरी न करें और समय से बिल जमा करें अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

### आधा दर्जन लोगों को घायल करने वाले कटखने कुत्ते को पालिका कर्मियों ने पकड़ा



**कोंच(जालौन)**- नगर के मोहल्ला जयप्रकाश नगर और पटेल नगर इलाके में पिछले चार-पांच दिनों से आतंक मचा रहा एक पागल कटखने कुत्ते को आखिरकार नगर पालिका की टीम ने पकड़ लिया। कुत्ते ने बच्चों सहित करीब पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मोहल्ले के लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और टीम भेजकर कुत्ते को पकड़वाया। पकड़े जाने के बाद कुत्ते को जंगल में छोड़ दिया गया है। कुत्ते के पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर में स्टेट बैंक से बाजार जाने वाले रास्ते पर घूम रहा लाल रंग का यह कुत्ता आने- जाने वाले लोगों पर हमला कर रहा था जिससे राहगीरों व मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। इस कुत्ते के हमले में विक्की अग्रवाल (30), सरफराज (32), सवा (10), राजू (40) और उसकी भतीजी हबीबा (7) घायल हो चुके थे, जिन्हें अस्पताल में जाकर एंटीरैबीज की डोज लगवानी पड़ी थी। कुत्ते द्वारा हमला किए जाने की लगातार घटनाओं से लोगों को अपने अपने घरों से निकलने में भी डर लगने लगा था।

### नगर पालिका के निर्माण कार्यों में वित्तीय खेल का आरोप

**पार्षदों ने भुगतान रोकने की उठाई मांग**

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में घोर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। नगर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने एकजुट होकर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है, जिसमें बिना बोर्ड की अनुमति के कराए गए कार्यों का भुगतान रोकने की मांग की गई है। पार्षदों द्वारा सौंपे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि नगर में जो भी निर्माण कार्य कराए गए हैं, उनमें भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। पार्षदों का आरोप है कि कई कार्य ऐसे हैं जिनके लिए नगर पालिका बोर्ड की अनिवार्य अनुमति भी नहीं ली गई है। समस्त पार्षदों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि जब तक इन कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक इनसे संबंधित किसी भी प्रकार का भुगतान न किया जाए। पार्षद जानकी प्रसाद लालू मास्टर के नेतृत्व में दर्ज कराई गई इस शिकायत पर नगर के पार्षदों के हस्ताक्षर हैं। इनमें सोन सिंह (वार्ड-01), आर.के. पटेरिया (वार्ड-21), मनमोहन चौबे (वार्ड-15), रजनी रजक (वार्ड-06), मुस्तफा खान (वार्ड-16), पुष्पा अरविंद (वार्ड-04), फरजाना बानो (वार्ड-23 प्रथम), दीपा (वार्ड-12), पुष्पा (वार्ड-14), धर्मवीर कुशवाहा (वार्ड-25), सविता गिरधारी (वार्ड-13), जितेंद्र (वार्ड-07) सहित अन्य पार्षद शामिल हैं। पार्षदों की इस चेतावनी के बाद अब नगर पालिका प्रशासन के गलियारों में हड़कंप मच गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों पर क्या जांच बिठाता है और भुगतान प्रक्रिया को लेकर क्या निर्णय लेता है।

# मंदिर परिसर की भूमि पर गैर समुदाय के लोगों द्वारा कब्जा करने का विहिप ने लगाया आरोप

**●एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- ग्राम कूंड़ा में माँ सिंह वाहिनी मंदिर परिसर की भूमि पर गैर हिंदू समुदाय के लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई तो संगठन बृहद स्तर पर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेगा। गुरुवार को विहिप के जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य की अगुवाई में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसडीएम ज्योति सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम कूंड़ा में स्थित माँ सिंह वाहिनी मंदिर परिसर के ठीक पास गैर हिंदू समाज के कुछ लोगों के घर हैं। इन लोगों ने मंदिर परिसर में लगे हैंडपंप में अपनी समरसेबिल डाल रखी है, साथ ही मंदिर परिसर में अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से की है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। विहिप पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि अवैध कब्जा कर रहे लोगों के खिलाफ यदि एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एसडीएम ने फिलहाल मामले की जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर कोंच अध्यक्ष संतोष तिवारी, शिशिर प्रताप सिंह, महेंद्र चंदेरिया, सुमित अग्रवाल, सत्येंद्र गुर्जर, सुमित गुर्जर, निर्मल गोस्वामी, विवेक तिवारी, गोपाल गुप्ता, शुभांशु बुन्देला, देव राजा, अंशुल ठाकुर आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल-मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटऊवा थाना पाली निवासी गोविन्द पुत्र हल्केने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 10 मार्च 2026 को उनका पुत्र सौरभ, भाई मुकेश और पिता हल्के मोटरसाइकिल से झांसी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह कैलगुवां तिराहा के पास पहुंचे, पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे लाल रंग के महिन्द्रा कंपनी के ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो का इलाज जारी है।

## छात्राओं ने नगर में अनेक स्थानों पर रंगोली सजाकर नूतन वर्ष का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- हिन्दू नववर्ष एवं प्रारंभ चैत्र नवरात्र पर गुरुवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों को रंगोली, ध्वज, कलश और बंधनवार से आकर्षक रूप से सजाया गया, साथ ही नगर वासियों को शुभकामना संदेश पत्रक वितरित कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी के निर्देशन में छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गल्ला मंडी गेट, मारकंडेयश्वर चौराहा, रेलवे स्टेशन, सागर चौकी, चंदकुआ चौराहा, स्टेट बैंक, भारत माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाकर भव्य सजावट की। रंग-बिरंगी रंगोली और पारंपरिक सजावट ने पूरे नगर को उत्सवी माहौल में रंग दिया।प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने नववर्ष के अवसर पर सभी नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने छात्राओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षक पंकज बाजपेयी, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, ज्योति गुप्ता, शिवानी सिंह, रंजना तिवारी, रौली मिश्रा, तान्या व्यास, श्यामशरण, प्रतीक्षा रेजा, विनीत खरे, गौतम पटेल, आकांक्षा सिंह, मनीष अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, सतीश पांडे सहित छात्राओं में मानवी, आयुषी, वंशिका, तनु, लक्ष्मी, खुशी, शिवांगी आदि शामिल रहीं।

# नशीले कफ सिरप तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर सोनभद्र पुलिस का बड़ा प्रहार, तस्कर गिरफ्तार

**●शुभम जायसवाल के शैली ट्रेडर्स रांची झारखण्ड से बांग्लादेश तक तस्करी के नेटवर्क का सोनभद्र एसआईटी टीम ने किया पर्दाफाश, तस्करी गैंग का हैंडलर हावड़ा (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**- पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक एवं नशीले कफ सिरप की तस्करी की रोकथाम तथा अपराधियों/तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस (एसआईटी टीम) द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1191/2025 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)(क) बीएनएस एवं धारा 21(ष्ट), 27-ए, 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त शुभम जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद निवासी ए-9/24-J, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, थाना आदमपुर, जनपद वाराणसी व अन्य तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम द्वारा अभियुक्त जुबेर हुसैन शेख पुत्र हुसैन शेख निवासी प्लाट नं0 276 व 03, गट नं0 4, पटेल नगर, चिकलथाना, थाना चिकलथाना, जनपद औरंगाबाद (महाराष्ट्र) को दिनांक 16.03.2026 को थाना क्षेत्र लिलुआ, हावड़ा सिटी (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाकर उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



अभियुक्त जुबेर हुसैन शेख ने पूछताछ में बताया कि वह शुभम जायसवाल के शैली ट्रेडर्स, रांची से फेंसाडील कफ सिरप की तस्करी बंग्लादेश तक कराता था। उक्त नशीले कफ सिरप को ट्रकों के माध्यम से अपने ड्राइवरों द्वारा बिहार के पूर्णिया तथा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी व कूंचबिहार बॉर्डर तक भेजवाता था, जहां से उक्त ट्रकों को बांग्ला भाषी चालकों द्वारा बांग्लादेश तक ले जाया जाता था। इस तस्करी के गैंग में अधिकतर लोग बांग्ला भाषी है, क्योंकि बांग्लादेश तक इस नशीले कफ सीरप फेंसाडील की तस्करी के गैंग द्वारा काम करने में बांग्ला भाषियों के सम्मिलित होने से आसानी रहती है ।

उसने बताया कि पूर्णिया (बिहार) के थाना मारंगा, वायसी व सरसी क्षेत्र में उसके गैंग में कार्यरत ड्राइवर–अमीन, फिरोज, सुमेर शेख, (निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र), आदिल (निवासी उत्तर प्रदेश) एवं वसिम को रांची में कफ सिरप तस्करी के दौरान ट्रक सहित पकड़ा जा चुका है जो वर्तमान में पूर्णिया एवं रांची जेल में निरुद्ध हैं, जिनमें से एक अभियुक्त सुमेर शेख की जमानत तस्करी गिरोह द्वारा कराई गई है। अभियुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी गिरोह सुनियोजित तरीके से कार्य करता है, जिसमें ड्राइवरों को निर्देश दिया जाता है कि गिरफ्तारी की स्थिति में वे गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी व सही नाम पता पुलिस को नहीं बताएंगे। इसके बदले गिरोह द्वारा उनके परिवारों की आर्थिक सहायता एवं जमानत हेतु कानूनी मदद सुनिश्चित की जाती है। इसी क्रम में दिनांक 15.03.2026 को हावड़ा के निकट कल्याणी एक्सप्रेसवे स्थित एक होटल में गिरोह के सदस्यों के साथ बैठक निर्धारित थी, जिसमें तस्करी के दौरान पकड़े गए ड्राइवरों के परिवारों को आर्थिक सहायता (ईद के अवसर पर) देने हेतु लगभग 1,00,000/- की धनराशि प्राप्त होनी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त जुबेर हुसैन शेख पुत्र हुसैन शेख निवासी प्लाट नं0 276 व 03 गट नं0 4 पटेल नगर चिकलथाना थाना चिकलथाना जनपद औरंगाबाद (महाराष्ट्र) उम्र लगभग 42 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0-1191/2025 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)(क) बीएनएस एवं धारा 21(ष्ट), 27-ए, 29 एनडीपीएस एक्ट थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0-164/25 धारा 8सी, 21सी, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट थाना मारंगा जनपद पूर्णिया बिहार, मु0अ0सं0- 240/25 धारा 8सी, 25(2) एनडीपीएस एक्ट थाना वायसी जनपद पूर्णिया बिहार, मु0अ0सं0-133/25 धारा 8सी, 21सी, 25, 29 एनडीपीएस थाना सरसी जनपद पूर्णिया बिहार।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सदानन्द राय प्रभारी निरीक्षक ओबरा जनपद सोनभद्र (एसआईटी सोनभद्र), उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी सुकृत जनपद सोनभद्र (एसआईटी सोनभद्र), मु0आ0 प्रकाश सिंह सर्विलांस सेल जनपद सोनभद्र। (एसआईटी सोनभद्र), मु0आ0 मनीष सिंह एसओजी टीम जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

# राजकीय महाविद्यालय के बच्चों ने पर्यटन स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में पर्यटन को बढावा दिये जाने एवं जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्रदान किये जाने हेतु राजकीय महाविद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं को तहसील पाली स्थित नीलकण्ठेश्वर मंदिर, सीतामढी मंदिर, हनुमान मंदिर एवं पान के बरेजे का भ्रमण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर बस की रावानगी की गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनायें है। जनपद के पुरातात्विक धरोहरों को जानने हेतु शैक्षिक भ्रमण अति महत्वपूर्ण है जिसके द्वारा छात्र छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान, बौद्विक एवं मानसिक विकास होता है एवं क्षेत्र विशेष की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का ज्ञान होता है। छात्र छात्राओं ने पहाड़ी पर स्थित नीलकण्ठेश्वर मंदिर, सीतामढ़ी मन्दिर, हनुमान जी मंदिर एवं पान के बरेजों का शैक्षिक भ्रमण कर जनपद की समृद्धशाली धरोहरों को नजदीक से देखा एवं उनके उत्साहपूर्वक इतिहास को भी जाना। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पाली ने बच्चों को पाली के सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक महत्व के बारे में प्रकाश डाला एवं विधार्थियों को सत्तरूप से जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु सही दिशा में प्रयास करने की सीख दी। पर्यटक अधिकारी हेमलता द्वारा पाली में स्थित नीलकण्ठेश्वर मंदिर के धार्मिक, पुरातात्विक एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में विधार्थियों को जानकारी देते हुये बताया कि उक्त मंदिर चन्देलकालीन समय का है यहां नीलकण्ठेश्वर भगवान शिव की प्राचीन दुर्लभ प्रतिमा है एवं उक्त स्थल ध्यान का केन्द्र बिन्दु है साथ ही पाली के पान के बरेजों एवं उनकी खेती से सम्बन्धित जानकारी भी बच्चों को दी। पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल ने बताया कि 110 फिट ऊंचे पर्वत पर पूर्वाभिमुख 10वीं सदी का नीलकण्ठेश्वर मंदिर जनपद की धरोहरों में प्रमुख स्थान रखता है जहां महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मेले विशेष का आयोजन भी होता है। यहां समीप ही सीतामढ़ी मंदिर बना हुआ है और कस्बे में 18वी सदी निर्मित छतरी एवं बावढ़ी भी कस्बे ही ऐतिहासिक धरोहरों से इस कस्बे को समृद्धशाली बनाती है। भ्रमण के दौरान बच्चों के मध्य टूरिज्म फोटोग्राफी एवं टूरिज्म रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में डा.रितेश कुमार खरे, डा.स्वीकृति सिंह, पूर्व पार्षद आशीष चौरसिया, सुनील नामदेव, सुरेन्द्र राय, उमाशंकर साघ (पार्षद प्रतिनिधि), देवकीनंदन चौरसिया, प्रो.उमाशंकर चौरसिया, पूर्व प्रधानाचार्य जि.परिषद इन्टर कालेज श्यामलाल चौरसिया, नेहा सिंह, बलराम, उपस्थित रहे।

### कैलिया विद्युत उपकेंद्र पर बदले गए उपकरण



**कोंच(जालौन)**- भीषण गर्मी के दिनों में ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैलिया विद्युत उपकेंद्र पर स्थापित 10 एमवीए ट्रांसफार्मर के कई उपकरणों को बदले जाने का काम गुरुवार को किया गया। काम पूरा होने के चलते करीब दो दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति करीब 7 घंटे बंद रही। विभागीय अवर अभियंता अमन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी के दिनों में अलग-अलग कारणों से बार-बार ट्रिपिंग होने की समस्या दूर कर ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैलिया विद्युत उपकेंद्र पर स्थापित 10 एमवीए ट्रांसफार्मर के 2 ब्रेकर, 6 सीटी सहित पैनल बदलने का काम गुरुवार को विभागीय कर्मियों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस अनिवार्य रखरखाव कार्य के चलते दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक उपकेंद्र से निर्गत सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रखी गई।

# चैत्र नवरात्र प्रारंभ, देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- प्रमुख सनातनी पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो गए हैं, अल सुबह से ही विभिन्न देवी मंदिरों में जलाभिषेक के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सनातनी घरों में घट स्थापन किए गए और भारी संख्या में दर्शनार्थी मंदिरों में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। नवरात्रि में मंदिरों में विराजमान मैया के विभिन्न स्वरूपों के नयनाभिराम श्रृंगार किए गए हैं। निर्दिष्ट दिवालों में और बोलावदी को लेकर शाम को कई जगह जवारे बोए गए। हिंदू पंचाङ्ग के अनुसार गुरुवार से नव संवत्सर यानी हिंदू नववर्ष भी प्रारंभ हो गया है। लोगों ने नए वस्त्र धारण कर नूतन बर्ष का स्वागत किया और एक दूसरे को शुभकामनायें दीं। शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व चैत्र नवरात्र के पहले दिन अल सुबह में ही देवी मंदिरों में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था, महिलाओं की भारी भीड़ मैया के पद प्रच्छालन के लिए उमड़ी। सबसे अधिक भीड़ बड़ी माता मंदिर और सिंहवाहिनी मंदिर में रही। इधर, सनातनी घरों में कलश



स्थापना के साथ नवरात्रि का शुभारंभ हुआ, लोगों ने विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए और मां दुर्गा की आराधना में लग गए। इसके अलावा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा घरों में दुर्गा सप्तशती के पाठ भी प्रारंभ कराए गए। शाम के समय दर्शनों के लिये मां सिंह वाहिनी, हुल्कादेवी, शीतला माता, धनुताल स्थित कालीजी, आनंदी माता, बोदरी माता, भारतमाता, फरफरा देवी, नारायणपुरी आदि मंदिरों में दर्शनार्थी श्रद्धालुओं का तांता शुरू हुआ जो देर रात्रि तक जारी रहा। सिंह वाहिनी मंदिर में मुख्य पुजारी की देखरेख में मैया का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। मैया के दर्शन पाकर श्रद्धालु कृतकृत्य हो गए। समीपस्थ बैरागढ स्थित माँ शारदा देवी के दर्शनों के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

## अधिवक्ता ने कथित अर्दली पर लगाया अभद्रता का आरोप, डीएम से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- अधिवक्ता के साथ तहसील में एक कथित अर्दली द्वारा किए अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली से अधिवक्ताओं में गुस्सा देखा जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मुंसिफी में न्यायिक कार्य करने वाले अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि वह किसी मामले में फरियाद लेकर उपजिलाधिकारी कोंच कार्यालय गए थे तो उन्हें कार्यालय के बाहर ही रोक दिया गया। जब प्रार्थना पत्र देने की उनकी बारी आई तो वहां मौजूद एक कर्मी जो खुद को उपजिलाधिकारी का अर्दली बताता है, ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। अधिवक्ता का आरोप है कि उस कुलदीप नामक तथाकथित कर्मचारी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गलत व्यवहार किया। इससे पूर्व भी वह विवादों में रहा है, उसने एक दुकानदार के साथ मारपीट की थी जिसकी शिकायत भी की गई थी लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। अधिवक्ता का यह भी आरोप है कि उक्त कथित अर्दली खुलेआम लोगों से कथित तौर पर सुविधा शुल्क भी वसूलता है। अधिवक्ता ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त कर्मचारी बिना पैसे लिए किसी भी व्यक्ति को उपजिलाधिकारी से मिलने नहीं देता और विरोध करने पर लोगों के साथ अभद्रता करता है व धमकाता है। उन्होंने कहा कि यदि एक अधिवक्ता के साथ ऐसा व्यवहार किया जा सकता है, तो आम जनता के साथ स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। मामले को गंभीर बताते हुए अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त कथित अर्दली के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसे तत्काल हटाया जाए, ताकि आम लोगों के साथ होने वाले शोषण को रोका जा सके।

### युवक पर हमला, डंडों से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें बाइक सवार युवकों ने उसे रोककर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिरौन निवासी लोकेश उर्फ गुड्डू पुरोहित पुत्र रामनिवास पुरोहित ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 को शाम करीब 6 बजे वह अपना काम निपटाकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ककरुवा के पास बाइक सवार कुछ युवकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार, आगे बढने पर केपीएस कॉलेज के पास आरोपियों ने बाइक आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक युवक ने उनके सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिसके बाद सभी ने मिलकर लात-घूंसों से मारपीट की। इस हमले में पीड़ित के सिर, हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# आयुष्मान कार्ड एवं फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई-मंडलायुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र** / उत्तर प्रदेश मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान कार्ड एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों ही योजनाएं जनकल्याण से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण पहल हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया का नियमित मानीटरिंग की जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, कोटेदार, आशा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें, जिससे पात्र



लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जा सकें। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग करें और प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में भी तेजी लाई जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। बैठक में जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हजारिया महादेव मंदिर चोरी काण्ड

**●श्रद्धालुओं में बढ़ रही हलचल, 25 दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं**

**मंदिर समिति ने जताई नाराजगी, प्रशासन से तेज कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा बांसी स्थित प्रसिद्ध हजारिया महादेव मंदिर में लाखों रुपये के आभूषण और दानपेटी की नकदी चोरी होने की घटना को 20-25 दिन से अधिक समय बीत चुका है। हालांकि अब तक पुलिस को चोरों का सीधा सुराग नहीं मिल सका जनता कर रही तेज कार्यवाही की मांग। बताया जा रहा है कि 20 फरवरी की रात चोर मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए थे और भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान, गणेश, कार्तिकेय, माता सीता व पार्वती की मूर्तियों से चांदी के मुकुट, चूड़ा सहित अन्य आभूषण चोरी कर लिए। इसके अलावा माता सीता और पार्वती की मूर्तियों के सोने के मंगलसूत्र भी चुरा लिए गए। चोर दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी ले गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर सुनील भारद्वाज व थाना जखौरा पुलिस मौके पर पहुंची थी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए थे। 21 फरवरी को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले में सीओ सदर सुनील भारद्वाज का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि हम प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जल्द ही चोरी का खुलासा होगा लेकिन देरी बढ़ती जा रही है। यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा, लेकिन हमें विश्वास है कि पुलिस कार्रवाई करेगी। समिति कोषाध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने बताया कि जांच कई स्तरों पर चल रही है। यदि प्रशासन और तेजी दिखाए तो जल्द परिणाम सामने आ सकते हैं। हमें उम्मीद है कि चोर जल्द पकड़े जाएंगे। उपाध्यक्ष भैया लाल पुलैया ने कहा कि ज्ञापन देने के बाद भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, जिससे लोगों में नाराजगी है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई जारी है पर अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया और श्रद्धालुओं को जल्द न्याय मिलने की उम्मीद में हो रही देरी है। पत्रकार राहुल सुमन ने कहा कि घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक ठोस सुराग नहीं मिला है। प्रशासन को और तेजी दिखाने की जरूरत है ताकि लोगों का भरोसा बना रहे। समिति ऑडिटर रोनू बुखारिया का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। यदि जांच में तेजी लाई जाए तो जल्द ही सफलता मिल सकती है। नरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया है और उम्मीद है कि उच्च अधिकारी इस मामले को प्राथमिकता देंगे और जल्द परिणाम सामने आएंगे। वहीं शैलेन्द्र पुरोहित शैलू ने कहा कि श्रद्धालुओं में आक्रोश है, लेकिन पुलिस से तेज कार्रवाई की उम्मीद जारी है। कस्बे के लोगों का मानना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थान पर हुई इस घटना का जल्द खुलासा होना जरूरी है। पुलिस द्वारा गठित टीमों की सक्रियता और तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है लेकिन बढ़ रही देरी श्रद्धालुओं में हलचल का कारण।

## संक्षिप्त खबरें

### कंट्रोल रूम में सिलेंडर आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों में आई कमी



**कानपुर।** जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य बनी हुई है और शिकायतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। 18 मार्च 2026 को जिला पूर्ति कार्यालय के कंट्रोल रूम पर कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है। कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में अधिकांश समस्याएं बुकिंग एवं डिलीवरी से संबंधित रहीं, जिनका समाधान संबंधित गैस एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर कराया गया। इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त शिकायतों में से 38 मामलों का भी निस्तारण किया गया, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है और सभी एजेंसियों को समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज,प्रतापगढ़।** ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर लेखपाल की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज तहसील के नौढ़िया गांव में तैनात लेखपाल विनोद कुमार यादव ने संग्रामगढ़ पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुनेहरी नौढ़िया गांव में ऊसर खाते की भूमि पर उमेश यादव पुत्र राज बहादुर व मानवेंद्र यादव पुत्र राम नारायण तथा आरती पत्नी विमलेश द्वारा ऊसर खाते की जमीन पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य कर लिया गया है। लेखपाल द्वारा मनाही के बावजूद अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिये। लेखपाल की तहरीर पर संग्रामगढ़ पुलिस ने उमेश समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहसीलदार गरिमा वर्मा का कहना है कि क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार को अवैध निर्माण को लेकर जांच सौंपी गयी है। जांच आख्या मिलने के बाद अतिक्रमण को हटवाये जाने की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध अतिक्रमण को लेकर एफआईआर दर्ज होने से गांव में हडकंप का माहौल देखा गया।

### नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा



**घाटमपुर।** क्षेत्र में नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई, घाटमपुर तहसील क्षेत्र के मां कुष्मांडा देवी मंदिर सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भोर से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी,, भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की, जिससे पूरा मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा,, मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का आना जाना जारी रहा,, नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जातीं हैं,, इस अवसर पर घरों में भी कलश स्थापना कर श्रद्धा लुओ ने विधिवत पूजा अर्चना की,, आगामी नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग-अलग। स्वरूपों की पूजा की जाएगी, मंदिरों में प्रतिदिन आरती,भजन कीर्तन और विशेष श्रृंगार के साथ मां के विभिन्न रूपों को सजाया जाएगा,, श्रद्धालुओं का मानना है कि मां शैलपुत्री की पूजा से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आतीं हैं, मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाए की हैं,साथ ही पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं,, क़स्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी नवरात्रि के पहले दिन ऐसा ही भक्ति मय देखनें को मिला , जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति के साथ मां शैलपुत्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## गैस एजेंसी की लापरवाही उजागर, जांच में सहयोग न करने पर पुष्पा गैस एजेंसी के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर पुष्पा गैस एजेंसी, 12/480 खलासी लाइन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराना एजेंसियों की जिम्मेदारी है और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला पूर्ति कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 0512-2988763 एवं व्हाट्सएप नंबर 6394616122 पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को समय से घरेलू गैस की डिलीवरी नहीं की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कर्नलगंज एवं नवाबगंज तथा पूर्ति निरीक्षक कोतवाली व कर्नलगंज की संयुक्त टीम द्वारा उक्त एजेंसी के शोरूम एवं कार्यालय पर औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ मौजूद रही, जो गैस न मिलने से आक्रोशित थे। जांच के समय एजेंसी का प्रोपराइटर एवं मैनेजर दोनों अनुपस्थित पाए गए। मौके पर मौजूद कर्मचारी जावर अली एवं सलोनी (पुत्री मनोज पुरी) मिले, जिन्होंने स्वयं को एजेंसी पर कार्यरत बताया, लेकिन गैस स्टॉक, आवंटन एवं वितरण से संबंधित अभिलेख मांगने पर उपलब्ध नहीं करा सके। टीम द्वारा मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए, जिनमें समय से गैस आपूर्ति न होने की पुष्टि हुई। अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) ने बताया कि जांच टीम जब मेनावती मार्ग स्थित एजेंसी के गैस गोदाम पहुंची तो वह भी बंद मिला। प्रारंभिक जांच एवं उपभोक्ताओं के लिखित बयानों से स्पष्ट हुआ कि एजेंसी द्वारा न केवल उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी, बल्कि जांच में भी सहयोग नहीं किया गया। इन गंभीर अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, लखनऊ को एजेंसी के निलंबन की संस्तुति भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नौ दिन नौ विकास कार्य का शुभारंभ



**कानपुर।** नौ दिन, नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के प्रथम दिन आज दिनांक 19 मार्च 2026 को फूलबाग स्वराज्य खादी आश्रम के सामने स्थित जटाधर बाजपेयी पार्क में विधायक सलिल विश्नोई की निधि से कराये गये सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण महापौर प्रमिला पाण्डेय एवं सलिल विश्नोई के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सलिल विश्नोई के साथ शैलेन्द्र शर्मा, ऋषि तिवारी, सन्दीप जायसवाल, सलीस बेग, मनीष निगम, सौरभ शुक्ला, गप्पू साहू, पूर्व पार्षद आमोद त्रिपाठी, पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामनवमी एवं नवरात्र पर्व के दृष्टिगत जुलूस/रूट मार्च व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण एवं बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 19.03.2026 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना क्षेत्र बेकनगंज स्थित सद्भावना चौकी पर रामनवमी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस के आयोजकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर विस्तृत वार्ता की गई। इस दौरान जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा आयोजकों से समन्वय बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं प्रशासन के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा थाना चमनगंज क्षेत्र में नवरात्र के दौरान निकाले जाने वाले जवारों के जुलूस/शोभायात्रा के रूट मार्च का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की स्थिति, संवेदनशील स्थानों, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन का जायजा लिया गया। आयोजकों से संवाद कर उनके सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जुलूस/रूट मार्च के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाए तथा आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अर्चना सिंह, थाना प्रभारी बेकनगंज व चमनगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महंगाई के विरोध में सपा का काला दिवसः नवरात्र व ईद पर दूध, घी, तेल व आटा भी महंगा : सपा

**● गरी, छुहारा, खजूर महंगे, 80 रुपये किलो करेला। सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि। पॉलिमर की कीमतें बढ़ जाने से 50 फीसदी उद्योग बंद, हजारों कामगार सड़कों पर। भाजपा सरकार ने अनदेखी बंद न की तो सपा सड़कों पर आंदोलन आरंभ करेगी। - हाजी फ़ज़ल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई ने महंगाई के विरोध में विधानसभा क्षेत्रों के 74 वार्डों में हाथों में काला फीता बांधकर 'काला दिवस' मनाया। सपा हॉल में सपा तथा पीडीए (PDA) मिशन के कार्यकर्ताओं की एक सभा, महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई से मुंह मोड़कर विकास का नाटक कर रही है। गैस की कालाबाजारी, दूध, घी और खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों तथा पत्थर के कोयले में मूल्य वृद्धि से ईद और नवरात्र के अवसर पर जनता की जेब काटी जा रही है। इसके कारण पारिवारिक बजट बिगड़ गया है और बच्चों की स्कूली फीस भरना भी भारी पड़ रहा है।

अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि दूध 80 रुपये प्रति लीटर, करेला 80 रुपये प्रति किलो, भिंडी 70 रुपये प्रति किलो, कद्दू 40 रुपये किलो, लौकी 50 रुपये किलो और नींबू 10 रुपये का एक बिक रहा है। इसी प्रकार परचून का सामान– हल्दी, धनिया, मिर्च, काली मिर्च, जीरा, सौंफ आदि गरम मसालों की कीमतों में भारी वृद्धि से जनता की कमर टूट गई है। लेकिन भाजपा सरकार आंखों पर पट्टी बांधकर जनता को गुमराह कर रही है। स्थिति इतनी भयावह होती जा रही है कि होटल और रेस्टोरेंट गैस के अभाव में बंद हो रहे हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने महंगाई तथा गैस की कालाबाजारी न रोकी, तो सपा सड़कों पर उतरकर आंदोलनात्मक कदम उठाएगी और प्रथम चरण में 1 अप्रैल को पीडीए मिशन के साथ पदयात्रा आरंभ करेगी।

## मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज एवं रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने गुरुवार को जनपद प्रतापगढ़ के कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व कार्यालयों में विभिन्न पटलों, विभिन्न न्यायालयों, अभिलेखागार आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों/कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी प्रथम, उपजिलाधिकारी द्वितीय आदि न्यायालयों का निरीक्षण किया, उन्होंने स्वयं आलमारियों को खुलवाकर पत्रावलियों की जांच की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। मण्डलायुक्त ने राजस्व कार्यालयों में तैनात पटल कार्मिकों के कार्यो की जानकारी ली और अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवापुस्तिका का अवलोकन कर नियमित रूप से अपडेट रखने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देशित किया कि राजस्व के जितने भी पटल है प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाय। मण्डलायुक्त ने मानव सेवा सम्पदा पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवापुस्तिका एवं अवकाश से संबंधित सभी सूचनाएं समय-समय पर पोर्टल पर अपडेट की जानी चाहिए।

उन्होने कलेक्ट्रेट के अभिलेखागार का निरीक्षण किया और ग्रामसभाओं के अभिलेख से सम्बन्धित बस्तों को चेक किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सीमा भारती ने जानकारी दी कि अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की और कहा कि अभिलेखों के डिजिटलीकरण से अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होने इस दौरान भूलेख, खनन, नजारत, दैवीय आपदा, आदि के पत्रावलियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, अपर आयुक्त (प्रशासन) रत्ना प्रिया, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

### शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में टॉप कर बढ़ाया जेबीएस का मान



**लालगंज,प्रतापगढ़।** बेलहा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल के मेधावी शिवांश सिंह ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में टॉप कर लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेधावी की सफलता पर गुरूवार को विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। लालगंज बाजार निवासी सत्येन्द्र सिंह के पुत्र शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवांश की मां स्नेहलता सिंह भी जेबीएस में शिक्षिका हैं। सफलता की जानकारी पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख एवं विद्यालय के निदेशक इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने सफल मेधावी का मुंह मीठा कराते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रधानाचार्या पूर्णिमा सिंह ने इसे विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं संस्थापक समाजसेवी लालदेव सिंह ने सफलता पर शिक्षकों की मेहनत को सराहा है।

## कानपुर जोन में नवरात्रि व ईद-उल-फितर सकुशल संपन्न कराने हेतु बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन में चैत्र नवरात्रि एवं ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जोन के समस्त जनपदों में सुदृढ़ एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। जोन के वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा निरंतर धार्मिक स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं प्रमुख आयोजनों स्थलों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की संभावना को समय रहते रोका जा सके। महिलाओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए मंदिरों, मस्जिदों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर एंटी-रोमियो टीम/महिला पुलिस की सक्रिय तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखते हुए संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं वाहन गश्त को और अधिक सघन किया गया है। इसके अतिरिक्त, स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए गये हैं। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। कानपुर जोन पुलिस आमजन की सुरक्षा, धार्मिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्णतः सतर्क, प्रतिबद्ध एवं सक्रिय है। आमजन से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें एवं प्रशासन का सहयोग करें।

## चैत्र नवरात्रः कानपुर के देवी मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे, उमड़ी भक्तों की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां आज गुरुवार को माता के नवरात्र के पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों के साथ ही छोटे मंदिरों में भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान दुर्गा मंदिरों में 'अमृत की बरसे बदरिया अम्बे मां की दुअरिया..' आदि भजन गुंजायमान होते रहे। गुरुवार का दिन होने के कारण जंगली देवी मंदिर, काली मठिया शास्त्री नगर, बारादेवी किदवई नगर, तपेरी देवी बिरहाना रोड, फूलमती मंदिर जनरलगंज, वैष्णो देवी मंदिर बर्रा, चंद्रिका देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर चौक, दुर्गा मंदिर गोविंद नगर सहित शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में छात्र-छात्राओं की अच्छी-खासी संख्या देखी गयी। अपने माता-पिता व दोस्तों के साथ मां के द्वारे पहुंचे इन भक्तों ने मां से परीक्षा में पास होने की कामना की। इसी के साथ माता को प्रसाद, नारियल, फूल-मालाएं व चुनरी चढ़ाकर मुरादें मांगीं। वहीं मंदिरों में लगने वाले पारम्परिक मेले में खूब भीड़ दिखायी दी। महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान माता के दरबार में भजन-कीर्तन गूंजते रहे। जागरण का आयोजन हुआ। मन्नतें पूरी होने पर बारादेवी मंदिर व काली मठिया मंदिर आदि मंदिर में भक्तगण नंगे पांव चलकर आये। इसी क्रम में ऐतिहासिक महत्व के देवी मंदिरों में गुरूवार को सुबह से ही पूजन की थाली के साथ महिलाओं व श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर,मूसानगर के मुक्तेश्वरी मंदिर, कथरी के कात्यायनी देवी स्थित, लाला भगत के कौमारी देवी मंदिर व लमहरा के मां परहुल देवी मंदिर में पर खुलते ही श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पूजन अर्चना किया। इसके साथ ही नारियल, चुनरी, फल, मिष्ठान्न का भोग लगाकर रोग शोक से मुक्ति के साथ मनवांछित फल की कामना की। इसी तरह ज्योती गांव स्थित बगलामुखी मंदिर, शिवली के पंथामाता मंदिर, रूरा के पाथामाई मंदिर व दुर्गा मंदिर के अलावा हथिका मैथा के सम्मोहनी माता मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन किया। इसके साथ ही नारियल, चुनरी, फल, मिश्री, व पंचामृत का भोग लगाकर सुख-समद्धि व रोग शोक से मुक्ति के साथ मनवांछित फल की कामना की। जबकि घरों में घट स्थापित कर लोगों ने व्रत और पूजा पाठ किया।

## अवैध संबंध के चलते हुए दोहरे हत्याकांड का अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** थाना अंतू क्षेत्र में महिला व पुत्र की हत्या के दोहरे हत्याकांड का सफल अनावरण हो गया है और अवैध संबंध में फंसे आशिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना अंतू पुलिस व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्रवाई में दोहरे हत्याकांड के खुलासा के साथ अवैध संबंध के विवाद में महिला व पुत्र की हत्या करने वाला अभियुक्त ककरहा मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। बीते 16 मार्च को थाना अंतू क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पारा हमीदपुर में एक महिला एवं उसके पुत्र की हत्या कर दी गई। सूचना पर अंतू पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच में 01 महिला उम्र लगभग 42 वर्ष एवं उसका पुत्र उम्र लगभग 14 वर्ष के शव उसके घर में मिले,जिनके सिर पर चोट के निशान पाए गए थे। घटना के संबंध में मृतकों के परिजनों द्वारा अपने पट्टीदारों पर संदेह व्यक्त किए जाने के आधार पर थाना अंतू पर 04 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की सूचना मिलते होते उच्चाधिकारीगण द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया।प्रकरण की गहन विवेचना के दौरान मामले में नामजद अभियुक्त घटना में संलिप्त नहीं पाए गए।जांच में यह भी ज्ञात हुआ कि मृतका के किसी व्यक्ति से अवैध संबंध थे एवं रणबहादुर मौर्या पुत्र रणजीत मौर्या निवासी ग्राम पारा हमीदपुर, थाना अंतू प्रतापगढ़ से भी अवैध संबंध थे। घटना के समय मृतका वीडियो कॉल पर वार्ता कर रही थी,जिसे देखकर अभियुक्त आक्रोशित हो गया और कुदाल से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान मृतका का पुत्र,जो पास में सो रहा था, जाग गया और घटना देख ली, जिस पर अभियुक्त द्वारा उसकी भी हत्या कर दी गई।मौके से मृतका का मोबाइल फोन बरामद हुआ है।थाना प्रभारी अंतू अभिषेक कुमार सिरोही नेतृत्व में थाना अंतू निरीक्षक अपराध विनोद कुमार यादव व स्वॉट टीम प्रभारी उ0नि0 अमित कुमार चौरसिया मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू से संबंधित अभियुक्त रणबहादुर मौर्या पुत्र रणजीत मौर्या निवासी ग्राम पारा हमीदपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष को घटना में प्रयुक्त एक आलाकत्ल कुदाल के साथ थाना अंतू क्षेत्रान्तर्गत ककरहिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ में अभियुक्त रणबहादुर मौर्या ने बताया कि उक्त महिला के साथ करीब 03 वर्ष से प्रेम सम्बन्ध था।घटना के समय वह किसी अन्य व्यक्ति से वीडियो कॉल पर बातचीत कर रही थी। यह देखकर उसे गुस्सा आ गया और आवेश में आकर मृतक शिवपती के सिर पर कुदाल से वार कर दिया। जिससे वह मौके पर ही मर गयी उसी समय उसका लड़का औरव जो बगल में सो रहा था,जाग गया और चिल्लाना चाहा तो अपने को फंसता देख उसे भी उसी कुदाल से सिर पर वार कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।

## विधायक विनय वर्मा व जिलाधिकारी ने पल्टादेवी मंदिर पहुंच कर किया मां दुर्गा का पूजा - अर्चना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** पावन चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध पलटा देवी मंदिर पर विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जहां मंदिर के पुजारियों द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि वे इस पर्व को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमें शक्ति, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है, जो समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूजा-अर्चना के उपरांत म जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर में आए हुए श्रद्धालुओं के बीच फल वितरण किया गया। फल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो ने भाग लिया और सभी ने इस पुण्य कार्य की सराहना की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द राय, खण्ड विकास अधिकारी बृजभूषण तिवारी, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जे पी एस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




**रायबरेली-** गुरबक्श गंजद्ध स्थित सीएस सी बाल विद्यालय ( जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में आज वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन में विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला प्रबन्धक मोहित शुक्ला डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए वरिष्ठ समाजसेवी भगवती प्रसाद दीक्षित जी, बड़ौदा मैनेजर जितेंद्र पटेल जी, एस बी आई लाइफ से असिस्टेंट मैनेजर अजय प्रकाश सिंह जी , स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ब्रांच मैनेजर, संजय बाजपेई जी आदि समस्त गणमान्य लोग उपस्थित थे। वर्ष 2025- 26 के पुरस्कार वितरण समारोह में प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकेजी,यूकेजी के बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया व डांस/म्यूजिक/कन्वर्सेशन/डिसिप्लिन/अटेंडेंस आदि अनेकों एकेडमिक क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय परिणाम हासिल किए। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के प्रति अनेकों प्रशंसाएं की गई। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी अभिभावकों व बच्चों को अनंत शुभकामनाएं दी गई व उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि यह दिन बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही हर्ष व गौरव का दिन है। उन्होंने सभी टॉप रैंकर्स व अन्य सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता,श्रेयांशी ,आस्था आकृति ,हर्षिता , सिमरन, दामिनी, रंजना, पायल, रेहा तथा अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### शोहरतगढ़ में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**सिद्धार्थनगर ।** चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में श्री राम जानकी मंदिर परिसर से भिरंडा समय माता मंदिर तक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई । भव्य कलश शोभायात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीराम जानकी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष नंदू प्रसाद गौड़ ने किया। शोभायात्रा में आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पुरे क्षेत्र में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व मंदिर समिति के अध्यक्ष नन्दू प्रसाद गौड ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा नगर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।इसी क्रम में शोहरतगढ़ के प्राचीन समय माता मंदिर में आयोजित मेले का विधिवत उद्घाटन एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर श्याम जायसवाल, कमलेश गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, मनोज चौधरी, शिवरतन कनौजिया, मनीष श्रीवास्तव, राममिलन चौधरी,आनंद कसौधन, उमेश अग्रहरि उर्फ डब्लू , बबलू गौड़, अंकित गुप्ता, दिनेश कुमार, बैजनाथ, गौरव शर्मा सहित भारी संख्या में श्रीद्धालु उपस्थित रहे।

### बारा में नए ACP ने संभाला कार्यभार

**प्रयागराज।** जनपद के बारा क्षेत्र में नए सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) के रूप में वेद व्यास मिश्रा ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी और जनहितकारी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ACP वेद व्यास मिश्रा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण पुलिस की जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसुनवाई को नियमित और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि लोगों को थाने स्तर पर ही न्याय मिल सके। साथ ही, पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, अपराध प्रवृत्ति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। नए ACPने भरोसा दिलाया कि बारा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, और इसके लिए पुलिस पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी।

## 11 साल की होनहार छात्रा अंकिता ने मेहनत और लगन से हासिल की नवोदय विद्यालय में सफलता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल/जयसिंहनगर -** ग्राम कुदरी की होनहार छात्रा अंकिता देवी अहिरवार (उम्र 11 वर्ष) ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी सफलता हासिल की है। अंकिता का चयन वर्ष 2026 की जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हुआ है। इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अंकिता वर्तमान में डी.पी. पब्लिक स्कूल, कुदरी की छात्रा हैं। उन्होंने प्रारंभ से ही पढ़ाई में विशेष रुचि दिखाई और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत की। उनकी इसी लगन और समर्पण के परिणामस्वरूप उन्हें यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

**माता-पिता और शिक्षकों का सहयोग**

अंकिता के पिता रामकृपाल अहिरवार एवं माता गीता अहिरवार ने अपनी बेटी की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। अंकिता की इस सफलता में उनके शिक्षक चमबोर रैदास जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिन्होंने उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और विशेष सहयोग प्रदान किया।

**आजाद समाज पार्टी की ओर से बधाई**

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आजाद समाज पार्टी जिला (कांशीराम) अध्यक्ष



कैलाश कुमार अहिरवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए अंकिता और उनके पूरे परिवार को ढेर सारी बधाइयां दी हैं।

**जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने अपने संदेश में कहा**

'बिटिया अंकिता की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि हमारे पूरे समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। एक छोटे से गांव से निकलकर अपनी प्रतिभा के दम पर नवोदय विद्यालय में स्थान बनाना अंकिता के उज्जवल भविष्य का संकेत है। मैं अंकिता के माता-पिता और उनके शिक्षकों को भी नमन करता हूँ जिन्होंने सही मार्गदर्शन देकर समाज की इस प्रतिभा को निखारा। मेरी ओर से अंकिता को बहुत-बहुत आशीर्वाद और उनके सुखद एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए ढेरों मंगलकामनाएं। अंकिता इसी तरह आगे बढ़ें और समाज का नाम रोशन करें।

**सरपंच श्रीमती चंद्रवती सिंह ने दी बधाई और उज्वल भविष्य की कामना की**

ग्राम पंचायत कुदरी की सरपंच श्रीमती चंद्रवती सिंह ने अंकिता की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए इसे पूरे गांव के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि अंकिता ने यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आती।

**सरपंच श्रीमती चंद्रवती सिंह ने अपने ने कहा**

अंकिता की सफलता ने हमारे ग्राम पंचायत का मान बढ़ाया है। एक ग्रामीण परिवेश से निकलकर नवोदय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्थान में जगह बनाना कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं बिटिया अंकिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ और पंचायत की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन देती हूँ। अंकिता जैसी बेटियाँ हमारे समाज की असली शक्ति हैं, जो अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। मैं उनके माता-पिता और गुरुजनों को भी इस गौरवशाली उपलब्धि पर हृदय से बधाई देती हूँ।

**भविष्य के लक्ष्य**

अंकिता का कहना है कि अब उनका अगला लक्ष्य नवोदय विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है। वह विज्ञान, गणित और अंग्रेजी पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं ताकि भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें और उन बच्चों के लिए प्रेरणा बन सकें जो बड़े सपने देखते हैं।

## बलिया में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सख्ती, लापरवाह डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया-** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को अभियान के प्रभावी संचालन के लिए टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी अस्पतालों के पंजीकरण की वैधता की जांच करने और अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल सीज करने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी



अस्पतालों को हिदायत दी गई कि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए और बाहर की दवाएं न लिखी जाएं।

जिलाधिकारी ने गरीब मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने और अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों– दिव्यांग कल्याण विभाग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी और उद्यान अधिकारी–से स्पष्टीकरण तलब किया गया। वहीं एमओआईसी, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और एएनएम के साथ बैठक कर संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी और बीडीओ को भी ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित कर जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने 25 मार्च तक नगर निकाय स्तर पर सभासदों, सफाई कर्मियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर सभी विभागों को उपलब्ध कराने और संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया। गर्मी को देखते हुए बाजारों और प्रमुख चौराहों पर शेल्टर और पेयजल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नैनी में परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों का उग्र प्रदर्शन, चक्काजाम की कोशिश; पुलिस ने संभाला मोर्चा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (राज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद गुरुवार को छात्रों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय परिसर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि कई छात्रों को बिना किसी स्पष्ट कारण के फेल कर दिया गया है। इससे नाराज छात्रों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया और कुछ समय के लिए चक्काजाम करने की कोशिश भी की। इस दौरान नैनी क्षेत्र में यातायात प्रभावित होने की स्थिति बन गई और राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर



पहुंची। पुलिस बल ने संयम बरतते हुए छात्रों को समझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उन्हें सड़क से हटाया। प्रशासन की सक्रियता के चलते स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और यातायात सामान्य कराया गया। हालांकि, प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि परीक्षा परिणाम में पारदर्शिता नहीं बरती गई है और मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियां हुई हैं। छात्रों ने मांग की है कि कॉपियों की पुनः जांच कराई जाए और निष्पक्ष जांच के बाद संशोधित परिणाम जारी किया जाए। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई।

## एसपी मो.मुश्ताक ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण, चौकीदार नाथूराम सम्मानित

**●सुरक्षा व्यवस्था, रजिस्टरों, साइबर सेल व मिशन शक्ति केन्द्र की जांच, पुलिस कर्मियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुरुवार को कोतवाली सदर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत गार्द द्वारा सलामी देने से हुई, जिसके बाद एसपी ने गार्द का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को परखा। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों–एनसीआर, टॉप-10, महिला उत्पीडन्, भूमाफिया, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई, जो अद्यतन एवं संतोषजनक पाए गए।

एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित चेकिंग, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। ई-मालखाना और शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं साइबर हेल्प डेस्क पर धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक खातों को डेबिट फ्रीज कराने और पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाने के लिए समन्वय बढ़ाने को कहा गया। मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही एंटी रोमियो टीम की नियमित मॉनिटरिंग और पीड़िताओं की समुचित काउंसिलिंग के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने ग्राम बुढ़वार के चौकीदार नाथूराम को क्षेत्र की सटीक जानकारी एवं अपराध संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए 2 हजार रुपये की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिससे अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा मिली। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक राम प्रकाश सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**सिद्धार्थनगर-** पुलिस चौकी बिजौरा के परिसर में पीस कमेटी की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई, बैठक थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय के अगुवाई में हुई। ईदुल फितर व चैत्र नवरात्रि को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई । पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्र में अमन - चमन को लेकर त्यौहार मनाए आपसी सौहार्द भाई चारा गंगा जमुनी तहजीब बना कर त्यौहार मनाये। जिससे अच्छा सन्देश जाए । बैठक में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय, चौकी इंचार्ज बिजौरा जय प्रकाश, क्षेत्र के ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान, व गजेन्द्र शुक्ला, अमित पाण्डेय, आदि लोग मौजूद रहे।

## बलिया में TET अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का अभियान, राष्ट्रपति-PM को भेजे पोस्टकार्ड और ईमेल

**● 'शिक्षक की पाती' कार्यक्रम के तहत 9 से 22 मार्च तक चला विरोध, पुराने शिक्षकों को राहत देने की उठाई मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया-** जनपद में टीईटी (TET) अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने व्यापक अभियान चलाया। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ (A.I.J.T.F. ) के आह्वान पर बांसडीह ब्लॉक इकाई के शिक्षकों ने 'शिक्षक की पाती' कार्यक्रम के तहत अपनी आवाज बुलंद की। 9 से 22 मार्च तक चले इस अभियान के दौरान शिक्षकों ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेताओं सहित कई गणमान्य प्रतिनिधियों को पोस्टकार्ड और ईमेल भेजकर अपनी मांगें रखीं। शिक्षकों का कहना है कि आरटीई (RTE) अधिनियम लागू होने से पहले



नियुक्त और टीईटी से छूट प्राप्त शिक्षकों के लिए 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी अनिवार्य करने का आदेश पूर्व की भर्ती प्रक्रिया और नियमों के विपरीत है। इस मौके पर विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष घनश्याम चौबे ने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों के अस्तित्व से जुड़ी है और इसे हर स्तर पर मिलकर लड़ना होगा। वहीं अटेवा के जिला महामंत्री राकेश मौर्य ने भी शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की चुप्पी से वर्ष 2011 से पहले नियुक्त लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। उन्होंने सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर शिक्षक हित में स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की।

## अल्लाह और उसके रसूल के बनाए नियमों की पाबन्दी करना अनिवार्य

**●हमें अपने चरित्र और आचरण को सुधारने का बेहतरीन माह रमज़ान शरीफ़:- हसन साकिब तय्यब**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर-** रमजानुल मुबारक का चांद देखकर मस्जिदों में तरावीह पढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाता है और ईद का चांद देखकर तरावीह पढ़ना बन्द कर दी जाती है इस लिए हमेशा रमज़ान माह की 28 तारीख़ को प्रत्येक मस्जिद में तरावीह मुकम्मल हो जाती है क्योंकि अगर 29 का चांद निकला तो तरावीह नहीं पढ़ी जाएगी। 28 रमज़ान को तरावीह मुकम्मल होने पर दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब में उपस्थित नमाजियों को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन शोएब मियां के सुपुत्र क़ारी हसन साकिब तय्यब उस्मानी ने कहा कि रमज़ान शरीफ़ का बेहतरीन महीना अल्लाह ने हमें एक नेअमत के रूप में दिया है जिसमें हम आसानी से अपने चरित्र और आचरण को सुधार सकते हैं, और अच्छे इंसान बन सकते हैं क्योंकि इंसानियत से बड़ी कोई



चीज़ नहीं है,आज हर जगह हम परेशान हो रहे हैं और इल्ज़ाम लगाते हैं कि मुझे परेशान किया जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि हम खुद अपने को परेशान किए हुए हैं,कारण यह है कि हम रोज़ा नमाज़ से कोसों दूर होते जा रहे हैं अपने माता पिता और बड़ों का आदर सम्मान जिसका हुक्म अल्लाह ने दिया वो हम करते नहीं हैं तो परेशानी अपने आप हमारा पीछा करती रहेगी और यह माह हमें यही सिखाता है कि हर ख़राब आदत खराब बात से दूर होकर रोज़ा रखें ।इस अवसर पर जन समुदाय को संबोधित करते हुए हसन साकिब उस्मानी तय्यब मियां ने यह भी कहा कि अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया था कि जिसने क़ुरआन को मजबूती से पकड़ लिया वो कभी परेशान और गुमराह न होगा लेकिन अफ़सोस कि हमारे घरों में अलमारियों में क़ुरआन पाक बन्द रखा हुआ है जिसे सामान्य दिनों में पढ़ना तो दूर की बात है इस पाक महीने रमज़ान शरीफ़ में भी इसका अध्ययन नहीं करते हैं ऐसा लगता है कि अब हमारे लिए दीन और उसके कानून जैसे नमाज़ आदि की कोई अहमियत ही नहीं रह गई है बिल्कुल उसको तमाशा बना लिया है। यही वजह हमारी परेशानी की है। श्री हसन ने आगे कहा कि इस माह में सुबह से कुछ न खाना न पीना इसको रोज़ा नहीं कहते है बल्कि रोज़ा नाम है परहेजगारी का नाम रोज़ा है। मस्जिद में तरावीह शोएब मियां के छोटे सुपुत्र हाफ़िज़ अरसलान हसनी ने पढ़ाई।इसके बाद सज्जादा नशीन नजमुल हसन शोएब मियां ने मुल्क में अमन शांति और ईरान अमेरिका इजराइल युद्ध विराम के लिए दुआ भी की।और अपील करते हुए कहा कि हमें एक और नेक बने रहना होगा तभी हमें कामियाबी हासिल हो पाएगी वरना हर जगह नाकामी हाथ आएगी। शोएब मियां ने कहा कि हमारा क़स्बा खैराबाद गंगा जमुनी तहज़ीब संस्कृति का क़स्बा है सब एक दूसरे की हर खुशी और दुख में शरीक रहते हैं इसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में नमाज़ी मौजूद थे मस्जिद मोअज्जिन समर अहमद खादिम अतीक अहमद ने पूरी जिम्मेदारी से देख भाल की।

## घर पर चिड़ियों का डेरा लगने से मन में होती है खुशी : कंचन वर्मा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर-** बर्डपुर क्षेत्र के सूर्यकुड़िया निवासी कंचन वर्मा गौरैयों की सुरक्षा को लेकर काफी संजीदा हैं। इन्होंने अपने घर पर गौरैयों की सुरक्षा के लिए घोसले बना रखे हैं। पानी देने के लिए विशेष मिट्टी के कटोरे टांग रखे हैं, जिसमें दाना देकर उनका पेट भरने का प्रयास करते हैं। कंचन के घर पर हर रोज चिड़ियों का डेरा जमता है। उनके इस प्रयास से परिजनों के मन में खुशी होती है।कंचन वर्मा बताते हैं कि घर में हरियाली है। बच्चों से परिवार खुशहाल है, बर्डपुर क्षेत्र के कंचन वर्मा गौरैयों की सुरक्षा गौरैया की सुरक्षा के लिए घर पर घोसला बनाने के बाद विशेष मिट्टी के कटोरे टांग रखे हैं। उनके लिए रोज दाने का बंदोबस्त कटोरे में ही कर देते हैं। उन्होंने बताया कि कई साल से गौरैयों संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। अपने घर की छत पर गौरैया के दाने-पानी के लिए विशेष इंतजाम किया है। वह बताते हैं कि सुबह में जब चिड़ियों का डेरा घर पर होता है



तो यह मन को सुखद अहसास कराता है। उन्होंने कहा कि पंक्षी प्रेमियों से अपील की कि प्लास्टिक के डिब्बों या लकड़ी के बने घोसले ऐसे स्थान पर लगा सकते हैं जहां पक्षियों को आने-जाने में आसानी हो। खुद ऐसा करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। जब लोग गौरैया का ख्याल रखेंगे तो आंगन में जरूर फुदकेगी और आपके मन को खुशी मिलेगी सुरक्षा की दृष्टि से इस बात का ख्याल रखें कि बिल्ली की पहुंच न हो। इसके अलावा जिस स्थान पर घोसला हो वहां छत के पंखे दूरी पर हों। इसके साथ ही गौरैया के लिए दाना-पानी का ध्यान रखते हैं ।

## सरसौल के भारत गैस गोदाम पर उमड़ी भीड़

**घाटमपुर।** कानपुर जनपद के सरसौल स्थिति भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गुरुवार को एलपीजी गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को भारी भीड़ उमड़ पड़ी,धूप में घंटों लाइन लगाकर लोग सिलेंडर के इंतजार में खड़े रहे, स्थित अनियंत्रित होने पर पुलिस को बुलाना पड़ा,, जिसके बाद सिलेंडर विचरण हो सका,,सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपभोक्ता लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे,, भीड़ अधिक होने के कारण मौके पर अव्यवस्था फैल गई,और कुछ उपभोक्ताओं से कहा सुनी हो गई,हालात बिगड़ते देख सरसौल चौकी इंचार्ज शादाब खान के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा, पुलिस ने स्थिति को संभाला, और व्यवस्था बनाते हुए गैस सिलेंडर का वितरण सुनिश्चित कराया, फिलहाल एजेंसी पर स्थित पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई, और उपभोक्ताओं को अभी भी सिलेंडर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,, क्षेत्र की अन्य गैस एजेंसियों में स्थित सामान्य बनी हुई है।

## मण्डलायुक्त प्रयागराज ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं व अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज एवं रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के बाद मण्डलायुक्त ने जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिव सहाय अवस्थी ने फार्म-6 एवं एसआईआर के तहत अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया तथा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर विस्तार से



चर्चा की गई।बैठक में मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के नामों में असामान्य रूप से अधिक वृद्धि या कमी हुई है, वहां संबंधित सम्बन्धित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा विशेष जांच कराई जाए और उसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।उन्होंने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं और महिला मतदाताओं के अधिक से अधिक पंजीकरण पर विशेष जोर देते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही ईआरओ नेट पर प्राप्त आवेदनों की दोबारा गहन जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी इस कार्य को गम्भीरता से लेते हुये निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। बैठक में अपर आयुक्त (प्रशासन) रत्ना प्रिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।